

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily@gmail.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद व उत्तराखंड से प्रसारित

जन जन की आवाज़



लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 246 | मंगलवार, 20 अक्टूबर 2026 | आश्विन माह, शुक्ल, दशमी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया

एक नजर



इजरायल से आ रही फ्लाइट को मिली बम से उड़ाने की धमकी

दिल्ली। इजरायल के तेल अवीव से ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना जा रही ऑस्ट्रियन एयरलाइंस की एक फ्लाइट को, जिसमें 57 लोग सवार थे, को 'बम की धमकी' मिलने के बाद बुल्गारिया की राजधानी सोफिया में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। इस फ्लाइट में 57 लोग सवार थे। स्काई न्यूज ने रविवार को ऑस्ट्रिया के परिवहन मंत्रालय के हवाले से यह खबर दी। हाल ही में UAE से इजरायल जा रही फ्लाइट में भारतीय पायलट पर जानलेवा हमले की कोशिश के बाद प्लेन को हाइजैक करके क्रैश करने की कोशिश की गई थी। एयर ट्रैकर 'फ्लाइटराडार24' के डेटा से पता चलता है कि एयरबस A320 (रजिस्ट्रेशन नंबर OE-LZE) को शाम 6:40 बजे तेल अवीव से वियना के लिए फ्लाइट भरनी थी, लेकिन रात 9:25 बजे इसे सोफिया की ओर मोड़ दिया गया। स्काई न्यूज ने मंत्रालय से मिली शुरुआती जानकारी के हवाले से बताया कि प्लेन में चालक दल के 6 सदस्य और 51 यात्री सवार थे।

ईरान के नए रक्षा मंत्री की अमेरिका को चेतावनी



नई दिल्ली। ईरान के नये रक्षा मंत्री मेहरदाद अखलाघी ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर वाशिंगटन तेहरान के खिलाफ अपना सैन्य अभियान फिर से शुरू करता है, तो ईरान अमेरिका और मध्य पूर्व में उसके सहयोगियों को भारी नुकसान पहुंचाएगा। संसद में विश्वास मत हासिल करने के तुरंत बाद पत्रकारों से बात करते हुए अखलाघी ने कहा, "लोग निश्चिंत रह सकते हैं कि वे (अमेरिका और उसके सहयोगी) हम पर हमला करने की हिम्मत नहीं करेंगे। अगर वे ऐसा करते हैं, तो उन्हें खुद और पूरे क्षेत्र को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।इससे पहले, ईरानी सांसदों ने अखलाघी को देश का नया रक्षा मंत्री नियुक्त करने की मंजूरी दी थी। उनके पूर्ववर्ती रक्षा मंत्री की मौत अमेरिका के साथ युद्ध के पहले ही दिन हो गई थी। सरकारी टेलीविजन की रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामिक कंसल्टेटिव असेंबली (संसद) के सदस्यों ने आज रक्षा मंत्री और सशस्त्र बल लॉजिस्टिक्स मंत्री के उम्मीदवार मेहरदाद अखलाघी के पक्ष में विश्वास मत दिया।

ट्रंप- जिनपिंग के साथ बैठकर शांति समझौते को तैयार पुतिन, चीन में मीटिंग का प्लान

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन से साथ 4।5 सालों से चल रही जंग पर चर्चा करने के लिए अगले महीने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन का प्रस्ताव रखा है। यह रिपोर्ट 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' (WSJ) ने छापी है। इस बैठक का उद्देश्य रूस के पक्ष में एक शांति समझौता करना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह प्रस्ताव राष्ट्रपति ट्रंप के साथ बेहतर होते संबंधों का फायदा उठाने की पुतिन की कोशिश को दिखाता है। दूसरी तरफ इस कदम ने यूक्रेन और अमेरिका के यूरोपीय सहयोगियों के बीच चिंता पैदा कर दी है, खासकर इसलिए क्योंकि इसमें यूक्रेन का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है।

'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' को एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि ट्रंप ने अभी तक आधिकारिक तौर पर इस शिखर सम्मेलन के लिए सहमति नहीं दी है। हालांकि, अधिकारी ने संकेत दिया कि युद्ध को सुलझाने की अपनी कोशिशों को देखते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति इस प्रस्ताव पर विचार कर सकते हैं। बातचीत से जुड़े सूत्रों ने 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' को बताया कि क्रेमलिन ने यह सुझाव दिया है कि यह त्रिपक्षीय वार्ता आगामी 'एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग' (APEC) शिखर सम्मेलन के साथ आयोजित की जाए। यह सम्मेलन 18 और 19 नवंबर को दक्षिणी चीन के टेक हब, शेन्जेन में होने वाला है।

मॉस्को और बीजिंग के बीच हाल ही में हुई बातचीत से जुड़े सूत्रों ने 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' को बताया कि रूसी राजनयिकों ने चीनी अधिकारियों के सामने एक प्रस्ताव रखा है। चीनी अधिकारियों ने संकेत दिया कि अगर ट्रंप इसमें शामिल होने के लिए सहमत हो जाते हैं, तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी।

रूस ने संभावित बैठक की पुष्टि की

मामले की जानकारी रखने वाले एक पूर्व रूसी खुफिया अधिकारी का हवाला देते हुए, WSJ ने बताया कि पुतिन ने पहली बार 9 अक्टूबर को ट्रंप के साथ फोन पर बातचीत के दौरान इस त्रिपक्षीय बैठक का विचार रखा था। इसी बातचीत के दौरान एक समझौता भी हुआ, जिसके तहत अमेरिका को रूसी डीजल खरीदने और उसे दुनिया भर के बाजारों में बेचने की अनुमति मिल गई।

जेलेंस्की पर फिर भड़के ट्रंप

डोनाल्ड ट्रंप ने रूस पर लगे तेल बेचने के प्रतिबंधों को हटाने के अपने फैसले का बचाव किया है। साथ ही, उन्होंने एक बार फिर व्लोडिमीर जेलेंस्की पर आरोप लगाया कि वे युद्ध खत्म नहीं करना चाहते। अमेरिकी राष्ट्रपति ने 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, "रूस को लेकर मेरा फैसला बहुत सीधा है। मैं रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में शांति के लिए बातचीत कर रहा हूं, और मैं ऐसा कुछ नहीं करना चाहता जिससे रूस बेवकूफी भरी वजह से बातचीत की मेज से दूर हो जाए।

इंडिया अलायंस की 1 नवंबर की रैली तक प्रदर्शन नहीं करेगी कांग्रेस! छात्र संगठनों और यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन रहेंगे जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। INDIA ब्लॉक की 1 नवंबर की रैली विपक्ष के साझा अभियान के लिहाज से अहम है। इससे पहले विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर विरोध किया है। अब कांग्रेस के अभियान में संगठनात्मक गतिविधियों और जनसंपर्क को अधिक जगह मिलने के संकेत हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जारी विरोध-प्रदर्शनों के बीच कांग्रेस अपनी रणनीति बदलने के संकेत दे रही है। 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित I.N.D.I.A ब्लॉक की रैली से पहले पार्टी के नियमित प्रदर्शनों पर विराम लग सकता है। अब संगठन मजबूत करने और गांव-गांव तक पहुंच बनाने पर जोर है। हालांकि, छात्र संगठनों और यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन जारी रहने के आसार हैं। कांग्रेस लगातार सड़कों पर प्रदर्शन करने के बजाय मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों को गांवों और बूथ स्तर तक ले जाने की तैयारी में है। 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत चौपाल लगाने, लोगों से संपर्क करने और मतदाता सूची से नाम कटने की शिकायतें उठाने पर जोर रहेगा। पार्टी की योजना के मुताबिक, 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक गांवों और बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाया जाना है। इससे पहले अक्टूबर में ब्लॉक स्तर पर पदयात्राओं और अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई थी।

विरोध-प्रदर्शनों की रणनीति में बदलाव के संकेतों के बीच कांग्रेस में संगठनात्मक गतिविधियां तेज हुई हैं। सचिव पद के उम्मीदवारों के इंटरव्यू शुरू हो चुके हैं। पार्टी नियुक्तियों की प्रक्रिया आगे बढ़ाकर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना चाहती है। कांग्रेस ने 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के लिए पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए हैं। पार्टी मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों को स्थानीय स्तर तक पहुंचाने और बूथ कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की तैयारी में है। इसके तहत गांवों और बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाने, चौपाल लगाने और लोगों की शिकायतें सुनने पर जोर रहेगा। मुख्य संगठन के प्रदर्शनों पर विराम के बावजूद आंदोलन पूरी तरह थमने की संभावना नहीं है। छात्र संगठन और यूथ कांग्रेस मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध और मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों पर प्रदर्शन जारी रख सकते हैं। इससे पार्टी के आंदोलन की गतिविधियां अलग-अलग स्तर पर जारी रहने के आसार हैं।

सिक्किम के नए राज्यपाल बने दुष्यंत कुमार गौतम अंकिता भंडारी मामले पर विवाद के बीच हुई शपथ

जागरण मोर्चा कार्यालय



गंगटोक। सिक्किम की राजधानी गंगटोक के लोक भवन में आयोजित एक समारोह में दुष्यंत कुमार गौतम ने राज्य के 19वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। अंकिता भंडारी मामले से जुड़े विवादों की वजह से उनकी नियुक्ति को लेकर सिक्किम और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में विरोध-प्रदर्शन हुए थे। सिक्किम हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ए। मोहम्मद मुस्ताक ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग, मंत्रिपरिषद के सदस्य, सिक्किम विधानसभा के अध्यक्ष, हाई कोर्ट के जज, लोकसभा सांसद, विधायक और अहम लोग मौजूद थे। शपथ ग्रहण समारोह के बाद, मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने सिक्किम विधानसभा के अध्यक्ष, मंत्रिपरिषद के सदस्यों, विधायकों और अन्य शख्सियतों का परिचय नवनियुक्त राज्यपाल से कराया। इसके बाद, सिक्किम सशस्त्र पुलिस द्वारा राज्यपाल को औपचारिक 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। पिछले हफ्ते कुछ युवाओं और जागरूक नागरिकों ने सिक्किम की राजधानी गंगटोक में जिला प्रशासनिक केंद्र पर शांतिपूर्ण धरना दिया। उन्होंने सीनियर बीजेपी लीडर दुष्यंत कुमार गौतम को सिक्किम का राज्यपाल नियुक्त किए जाने का विरोध किया। उनकी मांग है कि केंद्र सरकार इस नियुक्ति को तब तक टाल दे, जब तक कि 2022 के अंकिता भंडारी हत्याकांड में कथित 'VIP एंगल' को लेकर चल रही सीबीआई जांच पूरी नहीं हो जाती।

पिछले दिनों दिल्ली स्थित इंडिया गेट पर अंकिता भंडारी के माता-पिता भी इस फैसले का विरोध करते हुए धरने पर बैठे थे। उनके साथ एंटी-रेप एक्टिविस्ट योगिता भयाना भी मौजूद थीं। इसके बाद, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के कई नेता एकजुटता दिखाते हुए वहां पहुंचे थे।

NSUI की चेतावनी : ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें, वरना जंतर-मंतर पर उतरेंगे

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दिल्ली में NSUI ने विरोध प्रदर्शन किया। संगठन ने उनके इस्तीफे की मांग उठाई। NSUI के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने चुनाव आयोग पर बीजेपी के पक्ष में काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, विरोध जारी रहेगा।

प्रदर्शन के दौरान विनोद जाखड़ ने आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयोग को बीजेपी का हिस्सा बना दिया है। उन्होंने कहा कि विरोध के जरिए देश के लोगों की आवाज उठाई जा रही है। जाखड़ के मुताबिक, विरोध में उठाई गई उंगली देश के 130 करोड़ लोगों का प्रतीक है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त से इस्तीफा देने की मांग की। NSUI अध्यक्ष ने कहा कि अगर ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते हैं, तो संगठन जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए जाएगा। हालांकि, उन्होंने जंतर-मंतर को विरोध प्रदर्शन के लिए निर्धारित जगह के रूप में हटाए जाने पर भी चिंता जताई। जाखड़ ने कहा कि जंतर-मंतर को विरोध की जगह के तौर पर खत्म नहीं किया जा सकता, क्योंकि वहां प्रदर्शन करना लोगों का अधिकार है।विनोद जाखड़ ने स्पष्ट किया कि NSUI की मांग केवल मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे तक सीमित नहीं है। संगठन चाहता है कि उसे जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति भी दी जाए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध दर्ज कराना लोगों का अधिकार है और इस अधिकार को सीमित नहीं किया जाना चाहिए।

टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग के बाद महाराष्ट्र से दिल्ली तक गरमाई सियासत

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ पर हुई फायरिंग की घटना के बाद मुंबई पुलिस एक्टिव है। तीन आरोपियों को राजस्थान के कोटा से गिरफ्तार किया गया है। लेकिन इस घटना के बाद राजनीतिक माहौल भी गर्माया हुआ है। सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं में जमकर बयानबाजी हो रही है। विपक्ष जहां इस घटना को राज्य की चरमराती कानून-व्यवस्था और गृह मंत्रालय की नाकामी बता रहा है, वहीं भाजपा नेताओं ने इसे बेहद गंभीर बताते हुए कड़ी जांच की मांग की है। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने इस मामले में उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं, उन्होंने कहा कि घटना में शामिल किसी भी आदमी को छोड़ा नहीं जाएगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा ' इस घटना में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, इसके पीछे जो लोग हैं उन्हें भी नहीं छोड़ा जाएगा। हम ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेंगे। मामले की पूरी जांच की जाएगी। ये लोग महाराष्ट्र या देश के भीतर से काम नहीं करते, बल्कि विदेशों से काम करते हैं। हमें किसी गिरोह से डरने की जरूरत नहीं है, ये लोग छिपकर धमकियां देते हैं, हम हर धमकी को गंभीरता से लेते हैं। यह एक गंभीर घटना है, इसकी पूरी जांच होगी। ये भाड़े के शूटर थे। ये लोग कायर हैं, ये सामने नहीं आते बल्कि पीछे से हमला करते हैं।' महाराष्ट्र में राजनीतिक माहौल गर्मा गया है। शिवसेना (UBT) के सांसद अरविंद सावंत ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा 'यह सच में एक गंभीर घटना है, इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। बदकिस्मती से इस देश में कोई लॉ एंड ऑर्डर नहीं है और मुंबई में हालात और भी खराब हैं। क्या इस देश में एक आम नागरिक सुरक्षित है? यह सबसे बड़ा सवाल है। सरकार के पास हजारों पुलिसवाले हैं, लेकिन कानून व्यवस्था नहीं संभल रही है। सांसद सुप्रिया सुले ने कहा महाराष्ट्र में अभी सूखे के हालात हैं और राज्य की आर्थिक हालत भी बहुत मुश्किल है। इसी बैकग्राउंड में आज महाराष्ट्र में दो हमले हुए हैं एक बारामती में और दूसरा मुंबई में।

16 साल बाद भारत यात्रा पर आ रहे पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क



जागरण मोर्चा कार्यालय

नई दिल्ली। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क 16 साल बाद दशहरे के बाद भारत यात्रा पर आ रहे हैं। उनकी भारत यात्रा की संभावनाएं पिछले कुछ महीने से जताई जा रही थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बुलावे पर वह 21 से 23 अक्टूबर, 2026 तक भारत में रहेंगे। पोलैंड हाल ही में यह कह चुका है कि वह आतंकवाद के मुद्दे पर भारत के साथ डटकर खड़ा रहेगा।

डोनाल्ड टस्क इससे पहले 2010 में पोलैंड के प्रधानमंत्री के तौर पर अपने पहले कार्यकाल में भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए थे। वैसे वे 2017 में भी नई दिल्ली आ चुके हैं, लेकिन तब उन्होंने इंडिया-ईयू समिट में यूरोपियन काउंसिल के प्रेसिडेंट की भूमिका निभाई थी।

विदेश मंत्रालय का कहना है कि पोलैंड के पीएम की भारत यात्रा से दोनों देशों की आपसी रणनीतिक साझेदारी को और बेहतर अवसर उपलब्ध होगा और आपसी हितों से जुड़े मुद्दों जैसे कि व्यापार और निवेश, रक्षा, नई टेक्नोलॉजी, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा, संस्कृति और लोगों से लोगों के बीच संबंध को और मजबूत करने का मौका मिलेगा। बता दें कि पिछले अगस्त में ही भारत में पोलैंड के राजदूत प्योत्र एंटोनी स्विताल्स्की ने कहा था कि जब भी बात आतंकवाद की होगी तो उनका देश भारत के साथ खड़ा रहेगा। उनके अनुसार पोलैंड भी भारत की तरह ही आतंकवाद से पीड़ित है।

यूपी विस चुनाव संविधान दिवस को आएगा 'जन-मन का मेनिफेस्टो'

अखिलेश यादव 26 नवंबर को जारी करेंगे सपा का घोषणापत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव ने ऐलान किया है कि 26 नवंबर को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया जाएगा। इसे "सत्ताईस का संकल्प" बताते हुए, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घोषणापत्र PDA की आकांक्षाओं को दर्शाएगा। PDA समाजवादी पार्टी द्वारा तैयार किया गया एक राजनीतिक फॉर्मूला है, जो पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक का प्रतिनिधित्व करता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर अखिलेश यादव ने कहा, "सत्ताईस का संकल्पः PDA का घोषणापत्र। 26 नवंबर 2026 को 'संविधान दिवस' के पवित्र लोकतांत्रिक अवसर पर, हम 'जन-मन घोषणापत्र' जारी करेंगे।"

बता दें कि योगी आदित्यनाथ मार्च 2027 में यूपी के मुख्यमंत्री (CM) के रूप में अपना दसवां साल पूरा करेंगे और उन्हें चुनौती देने के लिए मैदान में अखिलेश यादव होंगे।

उत्तर प्रदेश में अगले विधानसभा चुनाव 2027 में होंगे, जिसमें दो प्रमुख पार्टियों - बीजेपी और समाजवादी पार्टी - के बीच कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है। वर्तमान विधानसभा में 403 निर्वाचित सदस्य हैं, जिनमें से 258 बीजेपी से, 107 समाजवादी पार्टी से और 13 अपना दल से हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी 2022 के उत्तर प्रदेश चुनावों में दूसरे स्थान पर रही, लेकिन वह काफी पीछे थी। उसने 111 सीटें जीतीं और उसे 32।06 प्रतिशत वोट मिले। दो अन्य प्रमुख पार्टियां - बहुजन समाज पार्टी (BSP) और इंडियन नेशनल कांग्रेस (INC) - दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाईं। BSP ने केवल एक सीट जीती। इसके अलावा, BSP का वोट शेयर 12।88 प्रतिशत रहा।

कांग्रेस, समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करके उत्तर प्रदेश में वापसी करना चाहती है और 2027 के चुनावों में जीत हासिल करने की कोशिश में है। 2022 के चुनावों में, कांग्रेस ने जिन 399 सीटों पर चुनाव लड़ा था, उनमें से वह केवल दो सीटें ही जीत पाई। AIMIM 2022 में अपना खाता भी नहीं खोल पाई थी। अब वह मुस्लिम वोटों को एकजुट करने और 2025 में बिहार चुनावों जैसा प्रदर्शन दोहराने की कोशिश कर रही है।

उत्तराखंड के नए राज्यपाल डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

जागरण मोर्चा कार्यालय



देहरादून। उत्तराखंड के नवनियुक्त राज्यपाल डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ले ली है। लोक भवन में आयोजित समारोह में उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने उन्हें शपथ दिलाई। इससे पहले मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने राष्ट्रपति की ओर से जारी नियुक्ति अधिपत्र पढ़ा।


मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के पिपरिया में 14 मई 1952 को जन्मे डॉ. ढाल सिंह बिसेन चिकित्सक और कृषक हैं। वह भारतीय जनता पार्टी से जुड़े रहे हैं और मध्य प्रदेश की राजनीति में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। वह 1990 से 2008 के बीच चार बार मध्य प्रदेश विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए। इस दौरान उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार में वन, परिवहन एवं खनिज तथा स्कूल शिक्षा एवं जेल विभागों के कैबिनेट मंत्री के रूप में भी काम किया। मई 2019 में वह 17वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए।

उत्तराखंड पहुंचने पर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर पुलिस ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस दौरान उन्होंने परेड का निरीक्षण भी किया। एयरपोर्ट पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ और जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान सहित अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। लोक भवन पहुंचने पर राज्यपाल का सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल केके शुक्ल, सचिव प्रोटोकॉल विनोद कुमार सुमन, मंडलायुक्त गढ़वाल आनंद स्वरूप, आईजी विम्मी सचदेवा रामन और अपर सचिव रीना जोशी सहित अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 12 अक्तूबर को डॉ. बिसेन को उत्तराखंड का राज्यपाल नियुक्त किया था। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) का स्थान लिया।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



सामूहिक विवाह में 111 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे


शेरगढ़ में वर वधु को आशीर्वाद देते सांसद और ब्लॉक प्रमुख। –जागरण मोर्चा



जागरण मोर्चा कार्यालय

शेरगढ़ (बरेली)। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सोमवार को कस्बे के एक बारात घर में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण अंचलों के 94 और नगर क्षेत्र के 17 सहित कुल 111 जोड़ों ने एक दूजे का हाथ थामा। समारोह में पहुंचे सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, मीरगंज विधायक डॉ डीसी वर्मा, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी ने नव विवाहित जोड़ों को पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिया। समारोह के नोडल एवं जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव के निर्देशन और देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम स्थल पर हिंदू और मुस्लिम विवाह पंडाल अलग-अलग बनाए गए थे। जिसमें हिंदू जोड़ों को हिंदू विवाह रीति-रिवाज के अनुसार तथा मुस्लिम जोड़ों का मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार विवाह संपन्न कराया गया।

सभी मांगलिक कार्यक्रम शहनाई वादन के बीच संपन्न हुए।इस दौरान अधिकारियों ने वर-वधू को उपहार स्वरूप डिनर सेट, गद्दा, ट्रॉली ब्रीफकेस, मिष्ठान की टोकरी आदि सामान देकर वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। वर-वधू और उनके परिजनों ने सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना की सराहना की और शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे जिसमें महिला कांस्टेबलों का सक्रिय योगदान रहा। आगंतुकों के लिए नाश्ता, भोजन और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर तहसीलदार न्यायिक संजय कुमार, नायब तहसीलदार प्रशांत शुक्ला, खंड विकास अधिकारी आनंद विजय यादव, एडीओ पंचायत राजीव शर्मा, एडीओ एसटी अरुण कुमार वार्ष्णेय, एडीओ समाज कल्याण अरविंद सिंह, एडीओ कृषि डॉ हरिनंदन प्रसाद, सुपरवाइजर वसुंधरा, प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी फहद अली खान, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रमोद अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह, दिनेश शर्मा, सीताराम गंगवार आदि समेत कई विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

सामूहिक विवाह में 131 जोड़े बने हमसफ़र

बहेड़ी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत स्थानीय प्रशासन के संरक्षण तथा विकास खंड व नगरपालिका परिषद के संयुक्त तत्वावधान में दोनों समुदायों से जुड़े 131 जोड़े हमेशा के लिए एक दूसरे के हो गये। हिन्दू वर कन्याओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सात फेरे लिए तो मुस्लिम बालिकाओं का निकाह कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन मोहल्ला गौंटिया सिंह स्थित शादी हाल में हुआ। वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न होने के दौरान सूबाई सरकार की योजना के तहत वर पक्ष को दहेज के तहत उपयोगी घरेलू सामान, कपड़े तथा चेक देकर उनके साथ मौजूद रहे मेहमानों तथा परिजनों को बेहतर तरीके से भोजन खिलाया गया। कार्यक्रम में भुड़िया कालोनी स्थित एक मंदिर से पूजा अर्चना करके लौटीं राज्यसभा सांसद श्रुति गंगवार ने वर बधुओं को आशीर्वाद देकर उनके सुखमय भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एसडीएम गोपाल शर्मा, तहसीलदार भानु प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख अमरेंद्र सिंह गोल्डी, पालिकाध्यक्ष रश्मि जायसवाल, बाबी जायसवाल, नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, जितेंद्र सक्सेना, रूप किशोर गंगवार सहित सैकड़ों अन्य मौजूद रहे।

गूंजे शहनाई के सुर, 117 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

जागरण मोर्चा कार्यालय


नवाबगंज सामूहिक विवाह समारोह में शामिल डीएम व अन्य अधिकारी।


वर बधू को आशीर्वाद देते सांसद छत्रपाल गंगवार विधायक डॉक्टर एमपी आर्य व अन्य नेता।

नवाबगंज। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 117 जोड़े विवाह बंधन में बंधकर एक-दूजे के जीवनसाथी बने। समारोह में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के जोड़ों ने अपने-अपने रीति-रिवाजों के अनुसार वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत की। गायत्री परिवार के आचार्य महेंद्र स्वरूप ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हिंदू जोड़ों का विवाह संपन्न कराया, जबकि काजी मोहम्मद इसरार ने मुस्लिम जोड़ों का निकाह पढ़वाया। समारोह में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नवदंपतियों को सुखद एवं खुशहाल वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम में विवाह के लिए कुल 130 जोड़ों ने पंजीकरण कराया था, लेकिन निर्धारित तिथि पर 13 जोड़े समारोह में नहीं पहुंचे। इसके बाद 117 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। खंड विकास अधिकारी महेश चंद्र शाक्य ने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक जोड़े को 21 हजार रुपये का गृहस्थी का सामान दिया गया, जबकि 64 हजार रुपये की धनराशि उनके बैंक खातों में उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा दोनों पक्षों के भोजन की व्यवस्था पर प्रति जोड़ा 15 हजार रुपये खर्च किए गए। समारोह में सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता राठौर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर एके गंगवार, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार और भाजपा की पूर्व जिलाध्यक्ष विमला शुक्ला ने भाजपा नेता विशाल गंगवार, नवदंपतियों को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान जिलाधिकारी अविनाश सिंह और मुख्य विकास अधिकारी देवयानी यादव ने भी नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दीं। वहीं, परियोजना अधिकारी चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, एसडीएम सचिन यादव, तहसीलदार सत्येंद्र कटियार, बीडीओ महेश चंद्र शाक्य, सीओ नीलेश मिश्र और कोतवाल अरुण श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी समारोह की व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से नवदंपतियों को गृहस्थी शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई, जिससे उनके परिवारों को विवाह के खर्च में राहत मिली।

डॉ. महेंद्र देव ने नगर वासियों से किया संवाद

फरीदपुर (बरेली)। सुरक्षित विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट की दावेदारी कर रहे सेवानिवृत्त शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव जनसंपर्क कर समर्थन जुटा रहे हैं। सोमवार को नगर के मोहल्ला कानूनगोयान में रघुवीर सिंह के निवास पर बैठक हुई। इसमें डॉ. महेंद्र देव ने फरीदपुर को अपनी मातृभूमि और मूल शिक्षा का स्थान बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में लंबे समय तक सेवा देने के कारण वह शिक्षा की चुनौतियों से परिचित हैं। पार्टी ने मौका दिया तो क्षेत्र में शिक्षा के विकास के लिए काम करेंगे। उन्होंने क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए लोगों से समर्थन मांगा। बैठक में मौजूद नागरिकों ने भाजपा से टिकट मिलने पर समर्थन देने का भरोसा जताया। इस दौरान भाजपा नगर उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

पुलिस ने अवैध पटाखा भंडारण पकड़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय



फरीदपुर (बरेली)। अधिक मुनाफा कमाने को भारी मात्रा में अवैध रूप से भंडारण किए गए पटाखे हुए बरामद। पुलिस ने आरोपी व्यापारी को गिरफ्तार किया। अभी तीन ही दिन पूर्व स्थानीय पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध रूप से भंडारण की गई आतिशबाजी बरामद की थी। रविवार की देर रात करीब 11:44 बजे स्थानीय पुलिस के उप निरीक्षक जसवीर सिंह, हमराही कांस्टेबल अंकित कुमार और भानू चौधरी के साथ गश्त और संदिग्धों की चेकिंग पर थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि बीसलपुर रोड पर पेट्रोल पंप के दाहिनी ओर स्थित एक दुकान में अवैध रूप से भारी मात्रा में बीड़ी पटाखे छिपाकर रखे गए हैं और उन्हें चुपके से बेंचा जा रहा है। पुलिस ने मुखबिर के बताए स्थान पर घेराबंदी की और दुकान से भागने का प्रयास कर रहे एक व्यक्ति को दबोच लिया। जिसकी पहचान वारिश पुत्र सलीम खाँ 22 वर्ष निवासी नई बस्ती, बीसलपुर रोड, मोहल्ला मिर्धान कस्बा फरीदपुर के रूप में हुई। आरोपी दुकान में 'बीड़ी बम' पटाखों का थोक और फुटकर व्यापार कर रहा था। लाइसेंस मांगने पर वह कोई भी वैध कागज़ात या लाइसेंस दिखा सका। पुलिस को दुकान से कुल 19 गत्ते मिले जिन्हें खोलने पर कुल 912 सीलबंद छोटे डिब्बे बीड़ी बम पटाखे बरामद हुए। पुलिस बरामद माल के साथ आरोपी को लेकर कोतवाली लेकर आई जहां माल जब्त कर आरोपी के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

आम के पेड़ से टकराई बाइक युवक की मौत, भांजा घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

मीरगंज। धनेटा-शीशगढ़ मार्ग पर सोमवार को सहोड़ा अड्डे से पहले मोड़ पर एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे आम के पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे 28 वर्षीय शाकिब की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा उसका 14 वर्षीय भांजा अनस गंभीर रूप से घायल हो गया।

दोनों बरेली स्थित पासपोर्ट कार्यालय जा रहे थे।मृतक के पिता अबरार के अनुसार, शाकिब अपने भांजे अनस के साथ बाइक से बरेली जा रहा था। सहोड़ा अड्डे से पहले मोड़ पर बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क की दूसरी तरफ आम के पेड़ से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ग्रामीणों की मदद से मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को एंबुलेंस से बरेली भेजा गया। रास्ते में शाकिब ने दम तोड़ दिया, जबकि घायल अनस का बरेली में इलाज चल रहा है।

8 महीने पहले हुई थी शादी

शाकिब चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। उसकी शादी करीब आठ महीने पहले हुई थी। वह बिलासपुर की एक कंपनी में निजी नौकरी करता था। युवक की मौत की खबर से परिवार में मातम छा गया। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि शाकिब के शव को पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया गया है। वहीं उसके भांजे की हालत सही बताई जा रही है।

बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास, दुकानदार पर आरोप

शाही। थाना क्षेत्र में आठ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। परिजनों के अनुसार, पड़ोस में दुकान चलाने वाला युवक रविवार दोपहर बच्ची को पैसे देने का लालच देकर कमरे में ले गया और गलत हरकत करने का प्रयास किया। बच्ची की चीख सुनकर परिजन पहुंचे तो आरोपी फरार हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बच्ची को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा है। पुलिस आरोपी की तलाश और मामले की जांच कर रही है।

संक्षेप समाचार



नगर समेत क्षेत्र में मनाया गया दुर्गा नवमी का पर्व

फतेहगंज पूर्वी। क्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई दुर्गा नवमी, जगह-जगह हुए हवन-भंडारे। क्षेत्र में दुर्गा नवमी का पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों और घरों में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने विधि-विधान से हवन कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। नवमी के अवसर पर जगह-जगह कन्या भोज का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन कराकर उनका पूजन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं, क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों के चलते भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। भंडारे करने वालों में प्रमुख रूप से मोहन अग्रवाल, मुनीश शर्मा, पवन राज मिश्रा, पूनम देवी, अरुण मिश्रा, सजल अग्रवाल, राजेश उर्फ राजू अग्रवाल, आदि लोग प्रमुख थे।

मां सिद्धिदात्री का पूजन कर जिमाए कन्या- वरूआ

बहेड़ी। शारदीय नवरात्र के नौवें दिन माँ भगवती के स्वरूप माँ सिद्धिदात्री की विशेष पूजा अर्चना की गई। ब्रह्म मुहूर्त लगते ही घरों में हवन पूजन का सिलसिला शुरू हो गया। हवन पूजन के बाद व्रत धारियों ने हलवा, चना, पूड़ी आदि पकवान बनाकर कन्या बरुओं को भोजन कराया। भोजन कराने से पहले उनके चरण पखारकर माथे पर रोली चंदन का टीका लगाया और भोजन के उपरांत यथा शक्ति दान दक्षिणा देकर जल की धार के साथ दरवाजे तक विदा किया। हवन पूजन की सुगंध से दिन भर बातावरण महकता रहा। सायंकाल आरती के बाद ही मां के भक्तों ने व्रत का पारायण किया और मंदिरों में जाकर भगवती के दर्शन किए। नौमी तिथि दो दिन होने से श्रद्धालुओं में असमंजस की स्थिति भी बनी रही। हवन पूजन तथा कन्याएं जिमाने का सिलसिला मंगलवार को भी चलेगा।



हाफिजगंज में गूंजे माता रानी के जयकारे

नवाबगंज। हाफिजगंज क्षेत्र के कई गांवों में मां दुर्गा की भक्ति और श्रद्धा का माहौल है। बकैनिया, बड़ेपुरा, काशी धर्मपुर, नवदिया, परेवा, खाईखेड़ा और कस्बा हाफिजगंज समेत आसपास के गांवों में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना हो रही है। मंदिरों में सुबह से ही भक्त दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। नवरात्र के दिनों में पूरा इलाका भक्तिमय बना हुआ है। मंदिरों में घंटा-घड़ियाल और शंखनाद के साथ माता रानी के जयकारे गूंज रहे हैं। श्रद्धालु मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा कर सुख, शांति और शक्ति का आशीर्वाद मांग रहे हैं। कई भक्त नौ दिनों तक व्रत रखकर मां की उपासना कर रहे हैं। घरों में भी पूजा-पाठ, दुर्गा सप्तशती का पाठ और भजन-कीर्तन हो रहा है। लोगों का मानना है कि मां दुर्गा की सच्चे मन से आराधना करने से आत्मबल और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।

20 वर्षों से कच्चा पड़ा रास्ता, परेशान ग्रामीण

मीरगंज। तहसील क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर के मजरा दुनकी में ग्रामीण पिछले 20 वर्षों से कच्चे रास्ते की समस्या से जूझ रहे हैं। बरसात में रास्ते पर एक से दो फीट तक पानी भर जाता है, जबकि अन्य दिनों में कीचड़ के कारण आवागमन मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद ग्राम प्रधान ने समस्या का समाधान नहीं कराया। मुख्य मार्ग से मंदिर तक जाने वाला खड़ंजा भी जगह-जगह टूट चुका है। ग्रामीण छेदालाल ने बताया कि रास्ते की हालत खराब है। शिव सहाय के अनुसार, बच्चों को सुरक्षित स्कूल भेजने और घर लाने में परेशानी होती है। वहीं, रोशन लाल ने जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने गांव में सफाईकर्मी के नियमित नहीं आने और मार्ग निर्माण के लिए धनराशि निकालने के बावजूद काम नहीं होने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रशासन से सीसी रोड निर्माण, जलनिकासी और नियमित सफाई कराने के साथ अधिकारियों से मौके का निरीक्षण करने की मांग की है।

दो बाइकों की टक्कर में युवक गंभीर

नवाबगंज। थाना क्षेत्र के सिठौरा गांव स्थित काली मंदिर के पास आमने-सामने बाइक की भिड़ंत में 22 वर्षीय मोहम्मद फरीद गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसका जबड़ा टूट गया। परिजनों ने उसे बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

गांव क्योलड़िया निवासी अफसाना बेगम के अनुसार, उनका बेटा फरीद बहर जागीर से रिश्तेदारी से लौट रहा था। तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। आरोप है कि दूसरा बाइक सवार नशे में था। हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी बरखेड़ा भिजवाया, जहां से फरीद को रेफर किया गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

पांच के परमिट पर दर्जनों पेड़ काटे

जागरण मोर्चा कार्यालय





नवाबगंज/क्योलड़िया। एक ओर सरकार पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर थाना क्षेत्र के गांव बिहारीपुर प्रीतम में दर्जनों हरे-भरे पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने महज पांच पेड़ों के परमिट की आड़ में आम, शीशम और गूलर के कई हरे-भरे पेड़ों पर आरा चला दिया। पेड़ों की कटान के बाद लकड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर ले जाई गई। मामले को लेकर ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों के मुताबिक, गांव निवासी दशरथ, विश्वपाल और बाबूराम पुत्रगण भूपराम के खेतों में आम, शीशम और गूलर के हरे-भरे पेड़ खड़े थे। आरोप है कि ठेकेदार ने तीन शीशम और एक आम सहित कुल पांच पेड़ों का परमिट बनवाया था, लेकिन परमिट की निर्धारित संख्या से अधिक पेड़ों की कटान कर दी गई। ग्रामीणों का दावा है कि खेतों में खड़े दर्जनों पेड़ों को काटकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पेड़ों की कटान में वन विभाग की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। उनका कहना है कि यदि परमिट सीमित संख्या में पेड़ों का था तो उससे अधिक पेड़ों की कटान कैसे हुई? उन्होंने संबंधित अधिकारियों से परमिट की जांच कराने, काटे गए पेड़ों की संख्या का सत्यापन करने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पेड़ पर्यावरण संरक्षण, शुद्ध हवा और हरियाली के लिए बेहद जरूरी हैं। ऐसे में हरे-भरे पेड़ों की कथित अवैध कटान गंभीर मामला है। उन्होंने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

क्लासीफाइड

संबंध विच्छेद

मैं अपने पहले पति से जन्मे पुत्र शेर सिंह S/O लक्ष्मन को उसके गलत चाल-चलन एवं आचरण के चलते अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए उससे सम्बंध विच्छेद करती हूं। उसके किसी भी कृत्य से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा

–रेशमा देवी पत्नी रामरतन निवासी मोहल्ला परा, फरीदपुर (बरेली)

बिकाऊ है

तीन मंजिल दुकान ब्लॉक रोड मुथूट फाइनेंस के सामने गली में रोड से दूसरी दुकान जिसका एरिया 12 फीट रोड फ्रंट और गहराई 9:30 फिट है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें मोबाइल नंबर 9627 739 857



जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



लक्ष्मण शक्ति और संजीवनी बूटी लीला का भावपूर्ण मंचन

जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। नवाबगंज के विशाल दशहरा मेला में आयोजित रामलीला मंचन के दौरान लक्ष्मण शक्ति, सुषेण वैद्य का आगमन और संजीवनी बूटी की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। श्री बाल मुकुंद जी महाराज वृंदावन की प्रसिद्ध रामलीला के कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

रामलीला के मंचन में दिखाया गया कि युद्ध के दौरान मेघनाद के शक्तिबाण से भगवान श्रीराम के छोटे भाई लक्ष्मण जी मूर्छित हो जाते हैं। लक्ष्मण जी की हालत देखकर भगवान श्रीराम व्याकुल हो उठते हैं। विभीषण की सलाह पर हनुमान जी लंका के राजवैद्य सुषेण को लेकर आते हैं। सुषेण वैद्य लक्ष्मण जी की स्थिति का परीक्षण करने के


नवाबगंज रामलीला में लक्ष्मण शक्ति का मंचन। -जागरण मोर्चा

बाद उनके उपचार के लिए हिमालय के द्रोणगिरि पर्वत से संजीवनी बूटी सहित चार दिव्य औषधियां लाने की बात कहते हैं। इसके बाद हनुमान जी औषधियों की खोज में हिमालय पहुंचते हैं, लेकिन अनेक जड़ी-बूटियों के बीच संजीवनी बूटी की पहचान नहीं कर पाते। समय की कमी को देखते हुए वह पूरे द्रोणगिरि पर्वत को ही उठाकर युद्धभूमि में ले आते हैं। सुषेण वैद्य औषधियों से लक्ष्मण जी का उपचार करते हैं, जिसके बाद उन्हें होश आ जाता है। लक्ष्मण जी के स्वस्थ होने पर भगवान श्रीराम और वानर सेना में खुशी की लहर दौड़ जाती है। इस प्रसंग के माध्यम से कलाकारों ने हनुमान जी की अद्भुत शक्ति, सेवा, समर्पण और प्रभु श्रीराम के प्रति उनकी अटूट भक्ति का सुंदर चित्रण किया। लीला के दौरान दर्शक धार्मिक प्रसंगों में भावविभोर नजर आए। इस दौरान श्री रामलीला मेला कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट शिशुपाल सिंह गंगवार, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, महामंत्री कृष्ण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष तरुण मेहरोत्रा, उप मंत्री राजेंद्र प्रसाद कटियार व संजोग गुप्ता, मेला इंचार्ज शैलेंद्र शर्मा एडवोकेट, मदन मोहन दीक्षित, मेला निरीक्षित चंद्र प्रकाश गुप्ता, प्रदीप सूरी, ऑडिटर दिलीप गुप्ता, अखिलेश शर्मा अक्कू, कानूनी सलाहकार सुरेन्द्र कुमार, सक्सेना शैलेश चंद्र शर्मा, मेला डायरेक्टर सुरेंद्र गौड़ , रामधुन गुप्ता, मीडिया प्रभारी प्रेम प्रकाश रस्तोगी और मेल व्यवस्थापक राम अवतार वाला, अमर सिंह राठौर आदि उपस्थित रहे।

रामलीला: मेघनाद बध लीला के साथ पुतला दहन

बहेड़ी। अनुज लखनलाल को युद्ध के मैदान में शक्तिहीन कर अगले दिन विजयी मुद्रा में अट्टहास करता मेघनाद फिर आता है और युद्ध में आसुरी शक्ति का प्रयोग कर श्री राम को नागपाश में बांध लेता है। फिर तो युद्धक्षेत्र में सन्नाटा पसर जाता है। मेघनाद अजेय रहने के लिए एक गुप्त स्थान पर जाकर निकुंभला देवी के यज्ञ की तैयारी करने लगता है। गरूड़ द्वारा नागपाश से श्री राम को आजाद करने के बाद विभीषण उनके पास आकर मेघनाद द्वारा यज्ञ किए जाने की जानकारी देकर कहते हैं कि अगर वह अपने मकसद में सफल हो गया तो फिर कोई भी उसे परास्त नहीं कर सकेगा। श्रीराम के आदेश पर सेना यज्ञ स्थल पर जाकर सब तहस नहस कर देती है तब हुंकार भरकर मेघनाद युद्धक्षेत्र में आकर ललकारता है। घमासान लड़ाई में वह लक्ष्मण के ही हाथों वीरगति को प्राप्त होता है। अयोध्या से आए कलाकारों ने लीला का इतना जीवंत मंचन किया कि पंडाल में बैठे तमाम दर्शक क ई मौकों पर गमगीन मुद्रा में पहुँच गये। मेघनाद वध के बाद पूरा पंडाल श्रीराम की जय से गुंजायमान हो गया। लीला मंचन के बाद शाम को मेघनाद के पुतले का दहन किया गया। पुतला दहन देखने सैकड़ों बच्चे, बूढ़े मैदान की ओर दौड़ पड़े। मेला पदाधिकारी विवेक गर्ग सहित कई अन्य शामिल रहे।

ऑटो में महिला के जेवर हुए गायब, दो पर शक

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। ऑटो में सफर कर रही महिला के बैग में रखे कान के झाले और अंगूठी गायब होने का मामला सामने आया है। महिला के पति ने सीबीगंज से ऑटो में सवार हुई दो महिलाओं पर जेवर चोरी करने का संदेह जताया है। शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव अगरास निवासी मुनीश कुमार के मुताबिक, 16 अक्टूबर को उनकी पत्नी मिनी बाईपास से फतेहगंज पश्चिमी जाने के लिए ऑटो में सवार हुई थीं। रास्ते में सीबीगंज से दो महिलाएं भी ऑटो में बैठ गईं। कुछ दूर चलने के बाद दोनों मथुरापुर में उतर गईं। इसके बाद उनकी पत्नी को बैग में रखे जेवर गायब होने की जानकारी हुई। मुनीश कुमार ने बताया कि बैग में कान के झाले और एक अंगूठी रखी थी। सफर के दौरान जेवर कैसे गायब हुए, इसकी जानकारी नहीं हो सकी। उन्हें संदेह है कि ऑटो में साथ बैठी दोनों महिलाओं ने मौका पाकर जेवर निकाल लिए। जेवर नहीं मिलने पर मुनीश कुमार ने सीबीगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और पुलिस से जेवर बरामद कराने की मांग की। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। हालांकि, दोनों महिलाओं पर लगाया गया आरोप अभी संदेह पर आधारित है। जांच के बाद ही जेवर गायब होने की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।

बंद पड़े मकान से हजारों की चोरी, तहरीर दी

बहेड़ी। थाना क्षेत्र के गाँव जागनडांडी स्थित एक बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर हजारों का सामान साथ ले गये। मकान मालिक की ओर से पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित हरद्वारी लाल का कहना है कि वर्तमान में वह परिवार के साथ बरेली स्थित मकान में रहते हैं। सोमवार सुबह उनके गाँव निवासी पड़ोसी ने फोन पर गांव के बंद पड़े मकान का ताला टूटे होने की जानकारी दी तो वे मौके पर पहुंचे। घर में सामान की तलाशी के दौरान पाया कि दो गैस सिलेंडर, इन्वर्टर, सोने की एक चेन, चांदी की पायल तथा बिछुए गायब थे। हरद्वारी लाल ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

डॉ. मीनाक्षी गंगवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की कमान

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। भारतीय जनता पार्टी ने संगठन में महिला नेतृत्व को जिम्मेदारी देते हुए पूर्व जिला मंत्री डॉ. मीनाक्षी गंगवार को महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति के बाद नवाबगंज विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। डॉ. मीनाक्षी पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के तौर पर नामांकन करा चुकी हैं।

ऐसे में उनकी नई जिम्मेदारी को क्षेत्र की राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। नवाबगंज निवासी डॉ. मीनाक्षी गंगवार लंबे समय से भाजपा संगठन में सक्रिय हैं। वह जिला कार्यकारिणी में मंत्री पद की



जिम्मेदारी भी संभाल चुकी हैं। संगठन में उनके अनुभव को देखते हुए पार्टी ने उन्हें महिला मोर्चा की कमान सौंपी है। उनके पति डॉ. आशुतोष गंगवार भी राजनीति में सक्रिय हैं और नवाबगंज विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट के लिए दावेदारी कर रहे हैं। ऐसे में इस नियुक्ति को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी गंगवार ने कहा कि पार्टी ने उन पर भरोसा जताकर जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगी। उनका लक्ष्य जिले में महिलाओं को जागरूक करने के साथ अधिक से अधिक महिलाओं को पार्टी से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा और संगठन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए काम होगा। साथ ही केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी महिलाओं तक पहुंचाने पर भी जोर दिया जाएगा।

रावण वाली गली में 200 साल से भाईचारे की मिसाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। त्योहार अलग-अलग हैं, लेकिन उन्हें सजाने वाले हाथों का हुनर एक है। बरेली की मलूकपुर स्थित रावण वाली गली और किला क्षेत्र के फूटा दरवाजा में करीब 200 साल पुरानी परंपरा आज भी आपसी भाईचारे की मिसाल बनी हुई है। यहां हिंदू और मुस्लिम कारीगर मिलकर दशहरे के लिए रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले तैयार करते हैं। वहीं, मोहर्रम के लिए ताजिये बनाने में भी अपनी कला दिखाते हैं। मलूकपुर में दशहरे को लेकर कारीगर पुतले बनाने में जुटे हैं। पीढ़ियों से चले आ रहे इस काम में बांस, कागज और रंगों से विशाल पुतलों को आकार दिया जाता है। कारीगर वीरेंद्र कुमार चंद्रा और कल्लू रावण वाले के परिवार





इस विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। यह परंपरा बरेली की गंगा-जमुनी तहजीब की पहचान है। हालांकि, महंगाई ने कारीगरों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उनके मुताबिक, बांस के एक बंडल की कीमत 250 रुपये से बढ़कर करीब 450 रुपये हो गई है। एक पुतला बनाने में तीन मजदूरों को चार से पांच दिन लगते हैं और लागत 10 से 11 हजार रुपये तक पहुंच जाती है। पहले जहां 30 से 40 फीट के पुतलों के ऑर्डर मिलते थे, अब 20 फीट के पुतलों की मांग ज्यादा है। कभी इस काम में 20 युवक जुटते थे, अब संख्या करीब 10 रह गई है। दशहरे के बाद कई कारीगर ई-रिक्शा चलाकर या सजावट का काम करके परिवार पालते हैं।

दो घरों में चोरी, साढ़े पांच लाख का माल किया पार

जागरण मोर्चा कार्यालय



बहेड़ी। थाना क्षेत्र के खिरनी गांव में शनिवार रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाकर करीब पांच लाख 50 हजार रुपये के जेवर, नकदी और सामान चोरी कर लिया। घटना के समय दोनों परिवार घर पर नहीं थे। पीड़ितों ने रविवार को थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में मुंह पर रुमाल बांधे संदिग्ध दिखाई दे रहे हैं।

गांव निवासी किशन पाल पुत्र राधेश्याम सितारगंज में परिवार के साथ रहकर काम करते हैं। उनके मुताबिक, 19 अक्टूबर की सुबह ग्रामीणों ने घर में चोरी की सूचना दी। घर पहुंचने पर सोने-चांदी के जेवर, दो गैस सिलेंडर और पीतल के बर्तन गायब मिले। उन्होंने करीब दो लाख 10 हजार रुपये का नुकसान बताया। इसी गांव के प्रेमशंकर पुत्र जगदीश रिश्तेदारी में गए हुए थे। घर लौटने पर सोने-चांदी के जेवर, सिलेंडर, कपड़े, पीतल के बर्तन और एक लाख रुपये नकद गायब मिले। उन्होंने चोरी गए सामान की कीमत करीब तीन लाख 40 हजार रुपये बताई।दोनों पीड़ितों ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने में जुटी है।

दातागंज फाटक अभी और तीन दिन रहेगा बंद

जागरण मोर्चा कार्यालय

फतेहगंज पूर्वी। नगर से दातागंज-बदायूं जाने वाले मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक रेलवे लाइन की मरम्मत के चलते 13 अक्टूबर से बंद है। मरम्मत कार्य निर्धारित समय में पूरा न होने के कारण फाटक बंद रहने की अवधि अभी तीन दिन और बढ़ सकती है। इससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे फाटक बंद होने से इस मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं फाटक के पार स्थित दुकानदारों और व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। फाटक बंद रहने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। मामले की आधिकारिक पुष्टि के लिए रेलवे के पीडब्ल्यूआई से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। वहीं, आगामी दिनों में फाटक बंद रखने की अवधि बढ़ाए जाने को लेकर रेलवे की ओर से कोई आधिकारिक पत्र जारी होने की जानकारी नहीं मिली है। ऐसे में फाटक कब तक बंद रहेगा और मरम्मत कार्य कब पूरा होगा, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। फिलहाल, राहगीरों और स्थानीय व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर आज लोगों को संभावना थी कि रेलवे फाटक 19 अक्टूबर को खुल जाएगा परंतु न खुलने पर लोगों को निराशा ही हाथ आई। अब लोगों को फाटक खुलने का और इंतजार करना पड़ेगा।

दिशा पाटनी के घर बढ़ाई सुरक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। मुंबई में अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हमले की घटना के बाद बरेली पुलिस ने अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की है। सीओ प्रथम आशुतोष शिवम और कोतवाली इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया।

अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी बरतने और आसपास की गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए। दिशा पाटनी के बरेली स्थित आवास पर पहले से ही एक मुख्य आरक्षी और तीन सिपाही तैनात हैं। टाइगर श्रॉफ से जुड़ी घटना के बाद पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था की दोबारा पड़ताल की, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते पहचाना जा सके। निरीक्षण के दौरान जवानों से ड्यूटी और निगरानी संबंधी जानकारी भी ली गई। अभिनेत्री के घर की सुरक्षा को लेकर पुलिस पहले से सतर्क है। पिछले साल 11 और 12 सितंबर को उनके आवास पर फायरिंग की घटना हुई थी। इस मामले में दो आरोपियों को पकड़े जाने की जानकारी सामने आई थी। घटना के बाद से ही आवास पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। दिशा पाटनी मूल रूप से बरेली की रहने वाली हैं। उनके घर में पिता और बहन खुशबू पाटनी रहती हैं। उनके पिता पुलिस विभाग में सीओ पद से सेवानिवृत्त हैं। पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा में लगे जवानों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। साथ ही आसपास के क्षेत्र में निगरानी बनाए रखी जाए, जिससे परिवार की सुरक्षा में किसी तरह की चूक न हो।

संक्षेप समाचार



पीलीभीत स्टेशन पर स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

बरेली। पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल की ओर से रेलवे स्टेशनों को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विशेष अभियान 6.0 चलाया जा रहा है। इसके तहत पीलीभीत रेलवे स्टेशन पर रेल जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर यात्रियों को स्वच्छता और कचरे के सही निस्तारण के प्रति जागरूक किया गया कार्यक्रम में नामित अधिकारी ने यात्रियों को गीले और सूखे कचरे के साथ सैनिटरी वेस्ट तथा विशेष कचरे को अलग-अलग रखने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्टेशन परिसर में रखे चार प्रकार के निर्धारित डस्टबिन का उपयोग कर कचरे को संबंधित श्रेणी में ही डालना चाहिए। इससे कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करने में मदद मिलेगी और स्टेशन परिसर को साफ-सुथरा रखा जा सकेगा।

तमंचा लेकर घर पहुंचा आरोपी बेटे को पीटा जान से मारने की दी धमकी मुकदमा दर्ज

नवाबगंज। हाफिजगंज थाना के कुंवरपुर बंजरिया गांव में एक युवक पर बेटे से मारपीट और फिर तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि 16 अक्टूबर को उनका बेटा उमंग मिश्रा स्कूटर से डीजल लेने जा रहा था। रास्ते में गांव के नितिन सैनी ने उसे स्कूटर से उतारकर मारपीट की। दिनेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया था।आरोप है कि मारपीट के कुछ देर बाद नितिन सैनी तमंचा लेकर दिनेश कुमार के घर पहुंचा। उसने उमंग मिश्रा पर तमंचा तानकर जान से मारने की धमकी दी, जिससे परिवार में डर का माहौल बन गया। अगले दिन 17 अक्टूबर को नितिन सैनी फिर तमंचा लेकर गली में घूम रहा था। दिनेश कुमार और उनके बेटे ने उसे पकड़कर तमंचा छीन लिया। उन्होंने घटना का वीडियो होने का भी दावा किया है। इसके बाद पिता-पुत्र ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

किसानों की मिल मालिक से हुई टेलीफोनिक वार्ता

बहेड़ी। पिछले दो सत्रों के बकाया करीब 164 करोड़ गन्ना मूल्य भुगतान के संबंध में सोमवार को किसानों का एक प्रतिनिधिमण्डल केसर मिल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से मिला और फिर मिल मालिक हर्ष किला चंद से फोन पर वार्ता की। किसानों ने कहा कि उनका चीनी मिल से करीब 90 साल पुराना रिश्ता है और सभी चाहते हैं कि मिल चलती रहे इसलिए वे किसानों के बीच आकर भुगतान के संबंध में स्थिति स्पष्ट करें तो अच्छा रहेगा। बताते हैं कि मिल मालिक ने किसानों को गन्ना क्षेत्रफल कम होने तथा सरकार द्वारा पावर रेट कम कर दिए जाते के बाद मिल के खर्चे पूरे न होने की वजह से लगातार घाटा बढ़ने की जानकारी दी। किसानों के अनुसार मिल के मौजूदा सत्र में चलने या लंबित भुगतान के मामले में स्पष्टता नहीं हो सकी है। किसान प्रतिनिधिमण्डल में चौधरी सचिन सिंह,, शालू चौधरी, दुष्यंत सिंह, अमरजीत सिंह, जसवीर सिंह, हरजीत सिंह, अंकुर चौधरी, अमन बेनीवाल, रणवीर सिंह, श्रीराज सिंह, अजय सिंह, नितेंद्र सिंह तथा पप्पू सिंह आदि शामिल रहे। बताया गया कि मिल की बिक्री को लेकर बातचीत जारी है। मुंडिया मुरकरमपुर की आगामी 24 अक्टूबर को होने वाली केसर मिल की जमीन से 40/50 करोड़ मिल जाने की उम्मीद बंधी है।

हाईवे पर डिवाइडर से टकराई बाइक, दो घायल

फतेहगंज पश्चिमी। नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को उपचार के लिए बरेली अस्पताल भेजा। इनमें एक युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, नवाबगंज थाना क्षेत्र के नगरिया खुर्द निवासी राजकुमार (25) और परोधी गांव निवासी वीरेंद्र सोमवार सुबह करीब पांच बजे बाइक से मीरगंज से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान फतेहगंज पश्चिमी बाईपास पर रहपुरा अंडरपास के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से दोनों को अस्पताल भिजवाया। बताया जा रहा है कि राजकुमार पुत्र छत्रपाल की हालत नाजुक बनी हुई है।

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश पर शिव चरन उर्फ शिव स्वरूप की तलाश तेज

बरेली। थाना बारादरी क्षेत्र के एक पुराने आपराधिक मामले में शिव चरन उर्फ शिव स्वरूप पुत्र बाबूराम निवासी चक थाना बारादरी बरेली की थाना बारादरी पुलिस तलाश और पतारसी-सुरागरसी कर रही है। यह मामला फौजदारी अपील संख्या 565/1983, शिव चरन उर्फ शिव स्वरूप बनाम उत्तर प्रदेश सरकार से संबंधित है। प्राप्त विवरण के अनुसार, वाद संख्या 330/1981 में भारतीय दंड संहिता की धारा 363 और 366, 376 के तहत दर्ज मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय कक्ष संख्या-8 द्वारा 01 मार्च 1983 को सजा सुनाई गई थी। इसके बाद अपीलार्थी शिव चरन उर्फ शिव स्वरूप ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील की और वह पैरोल पर बाहर आया और लौट कर वापस नहीं गया। हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में शिव चरन उर्फ शिव स्वरूप पुत्र बाबू राम, निवासी मोहल्ला चक, थाना बारादरी, बरेली की थाना बरादरी पुलिस द्वारा पतारसी-सुरागरसी कर तलाश की तलास की जा रही हैं। यदि आम जनमानस के किसी व्यक्ति को शिवचरण उर्फ शिव स्वरूप उपरोक्त के बारे में कोई जानकारी हो तो वह थाना बरादरी पुलिस को निम्न नंबरों पर सूचित करने का कष्ट करें।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्प्ले, क्लासीफाइड, शोक संदेश,
बधाई संदेश , नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com
बदायूं
4
लखनऊ, मंगलवार, 20 अक्टूबर 2026

एक नजर

तमंचा और कारतूस के साथ शातिर आरोपी गिरफ्तार

बदायूं। कोतवाली पुलिस ने सोमवार तड़के शिवपुरम मोड़ से एक आरोपी को 12 बोर के तमंचे और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की और उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार, 19 अक्टूबर को उपनिरीक्षक अवधेश कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में कार्रवाई कर रहे थे। इसी दौरान सुबह 3 :13 बजे शिवपुरम मोड़ से शारिक उर्फ मोईन पुत्र जमील निवासी अब्बासी वाली गली, मोहल्ला जालंधरी सराय, थाना कोतवाली बदायूं को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक 12 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस मामले में कोतवाली थाने पर मुकदमा अपराध संख्या 255/2026 धारा 3/25(1-B)(a) आयुध अधिनियम के तहत दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी शारिक उर्फ मोईन का आपराधिक इतिहास भी है। उसके खिलाफ वर्ष 2025 में थाना सिविल लाइंस में चोरी और संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके अलावा वर्ष 2026 में कोतवाली थाने में आयुध अधिनियम और आबकारी अधिनियम के तहत भी मुकदमे दर्ज हैं।

कश्यप और शाक्य के बाद अब मैथिल समाज में भी भाजपा के खिलाफ बगावती तेवर

- दातागंज में विधायक राजीव सिंह के सियासी समीकरणों पर उठने लगे सवाल
- प्रभावशाली नेताओं की नाराजगी से बढ़ सकती हैं मुश्किलें

जागरण मोर्चा कार्यालय



सुभाष मैथिल का स्वागत करते सपा के नेता। -जागरण मोर्चा







दातागंज। दातागंज विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के भीतर सियासी समीकरण बदलने के संकेत मिलने लगे हैं। पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप के भाजपा से दूरी बनाने और विधायक राजीव सिंह के करीबी माने जाने वाले केसी शाक्य के बाद अब मैथिल समाज के प्रभावशाली नेता सुभाष मैथिल के बगावती तेवरों ने क्षेत्र की राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी है।

भाजपा समर्थित चीनी मिल के डायरेक्टर सुभाष मैथिल को मैथिल समाज में महत्वपूर्ण प्रभाव रखने वाला नेता माना जाता है। ऐसे में उनकी नाराजगी को पार्टी के स्थानीय संगठन और विधायक की राजनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है। दातागंज की राजनीति में लंबे समय से जातीय समीकरण और स्थानीय प्रभावशाली नेताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की मजबूती के लिए विभिन्न समाजों के नेताओं का समर्थन अहम माना जाता है। अब एक के बाद एक प्रभावशाली चेहरों के अलग रुख अपनाने से पार्टी के सामने अपने सामाजिक और राजनीतिक समीकरणों को संभालने की चुनौती खड़ी होती दिखाई दे रही है।

सामाजिक समीकरणों पर टिकी निगाहें : दातागंज क्षेत्र में विभिन्न समाजों के प्रभावशाली नेताओं की राजनीतिक सक्रियता आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। भाजपा के लिए चुनौती केवल नाराज नेताओं को मनाने की नहीं, बल्कि अपने समर्थक वर्गों के बीच विश्वास बनाए रखने की भी होगी। वहीं विपक्षी दल इस तरह के घटनाक्रमों को भाजपा के खिलाफ राजनीतिक मुद्दा बनाने की कोशिश कर सकते हैं। फिलहाल सुभाष मैथिल के बगावती तेवरों और अन्य नेताओं के रुख को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हैं। हालांकि, इन घटनाक्रमों के आधार पर विधायक राजीव सिंह का जनाधार वास्तव में कितना प्रभावित हुआ है, इसका आकलन ठोस राजनीतिक संकेतों और आगामी गतिविधियों के आधार पर ही किया जा सकेगा। कुल मिलाकर, दातागंज में भाजपा के सामने स्थानीय नेताओं के बीच समन्वय बनाए रखने की चुनौती चर्चा में है। अब निगाहें इस बात पर रहेंगी कि विधायक राजीव सिंह और पार्टी संगठन नाराजगी दूर करने के लिए क्या कदम उठाते हैं और सुभाष मैथिल सहित अन्य प्रभावशाली नेताओं का अगला राजनीतिक रुख क्या रहता है।

एक के बाद एक नेताओं के बदले तेवर

पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप का भाजपा से अलग रुख अपनाना पहले ही जिले की राजनीति में चर्चा का विषय बन चुका है। इसके बाद विधायक राजीव सिंह के करीबी माने जाने वाले केसी शाक्य के तेवरों ने स्थानीय राजनीतिक हलकों में नए सवाल खड़े किए। अब सुभाष मैथिल के बगावती रुख की चर्चा ने इस घटनाक्रम को और महत्वपूर्ण बना दिया है। सुभाष मैथिल चीनी मिल के डायरेक्टर होने के साथ-साथ मैथिल समाज में भी अपनी पहचान रखते हैं। राजनीतिक जानकारों की नजर में ऐसे नेताओं की नाराजगी केवल व्यक्तिगत असहमति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि इसका असर स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच भी दिखाई दे सकता है। हालांकि, उनके रुख का भाजपा की चुनावी संभावनाओं पर कितना प्रभाव पड़ेगा, यह आने वाले समय में ही स्पष्ट हो सकेगा।

विधायक राजीव सिंह के सामने चुनौती

विधायक राजीव सिंह के लिए स्थानीय स्तर पर प्रभावशाली नेताओं के साथ तालमेल बनाए रखना महत्वपूर्ण है। किसी भी विधानसभा क्षेत्र में जनाधार केवल चुनाव के समय मिलने वाले समर्थन से नहीं, बल्कि संगठनात्मक सक्रियता, कार्यकर्ताओं के साथ संवाद और समाज के प्रमुख लोगों से संबंधों के आधार पर भी मजबूत होता है। ऐसे में धर्मेंद्र कश्यप, केसी शाक्य और सुभाष मैथिल से जुड़े घटनाक्रमों को विधायक की राजनीतिक स्थिति के संदर्भ में देखा जा रहा है। यदि इन नेताओं की नाराजगी दूर नहीं होती और उनके समर्थकों में भी असंतोष बढ़ता है, तो भाजपा को क्षेत्र में अपने राजनीतिक समीकरणों की समीक्षा करनी पड़ सकती है। दूसरी ओर, पार्टी नेतृत्व और विधायक यदि समय रहते संवाद स्थापित कर लेते हैं, तो संभावित नुकसान को सीमित किया जा सकता है।

निजी अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत, लापरवाही का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



घटना की जानकारी देते परिवार के लोग। -जागरण मोर्चा



अस्पताल के बाहर हंगामा करते परिवार के लोग। -जागरण मोर्चा

बिल्सी। बिल्सी नगर स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान प्रसूता और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

मामले में परिजनों ने बिल्सी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव लहरा असदुल्लाहपुर निवासी रुखसाना को रविवार को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन बिल्सी नगर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परिजनों को उम्मीद थी कि अस्पताल में सुरक्षित प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा को घर ले जाएंगे, लेकिन सोमवार सुबह प्रसव के दौरान दोनों की मौत हो गई। मां और नवजात की मौत की खबर मिलते ही परिवार के लोगों में चीख-पुकार मच गई। घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करते हुए चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि इलाज में लापरवाही के कारण प्रसूता और उसके नवजात बच्चे की जान चली गई। हालांकि, अस्पताल में इलाज के दौरान किन परिस्थितियों में दोनों की मौत हुई, यह जांच का विषय है। फिलहाल परिजनों की ओर से लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। हंगामे और शिकायत की सूचना मिलने पर बिल्सी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों से जानकारी ली और उनकी तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में निजी अस्पतालों में प्रसव के दौरान मरीजों की सुरक्षा और इलाज की व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

स्वास्थ्य शिविर में हुई मरीजों की जांच

जागरण मोर्चा कार्यालय



कैंप में बैठे सैदपुर सीएचसी के डॉक्टर। -जागरण मोर्चा

वजीरगंज। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर के अंतर्गत गांव सिसईया में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 27 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। इनमें 20 मरीज बुखार से पीड़ित मिले, जबकि सात अन्य मरीज विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त थे।

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा के निर्देशन में किया गया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य टीम ने मरीजों की जांच की और उनकी समस्याओं के अनुसार आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराईं। बुखार से पीड़ित मरीजों की जांच कर उन्हें उपचार संबंधी परामर्श भी दिया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा ने संचारी रोगों से बचाव के लिए साफ-सफाई बनाए रखने, घरों के आसपास पानी जमा न होने देने और बुखार होने पर समय से जांच व उपचार कराने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और संचारी रोगों के प्रति जागरूक करना है। इस मौके पर अशोक कुमार, दीपक, रोहित सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

पिकअप की टक्कर से थ्रेशर में घुसी बाइक, महिला की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। बदायूं-बिजनौर हाईवे पर गांव पिंडौल के पास रविवार शाम भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार 25 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे अनियंत्रित बाइक आगे चल रही थ्रेशर मशीन में जा घुसी। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

उघैती थाना क्षेत्र के गांव लोथर निवासी भीकम रविवार को अपनी पत्नी खुशी का अल्ट्रासाउंड कराने बिल्सी आए थे। उनके साथ भाभी किरण (25) पत्नी प्रमोद कुमार भी थीं। शाम को तीनों बाइक से घर लौट रहे थे। गांव पिंडौल के पास पीछे से आई पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी बिल्सी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने किरण को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल भीकम और खुशी को जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे से परिवार में कोहराम मचा है।

विवाद करने पर नौ लोगों का किया चालान

उघैती। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उघैती थाना पुलिस ने चार गांवों के नौ लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने सभी आरोपियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170, 126 और 135 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आरोपियों में हमूपुर भूड़ के दिनेश, धर्मपाल और मुकेश, कमनपुर भूड़ के देवपाल और सुलेन्द्र, नागर पुखरा के विकास और संजीव तथा खण्डुआ के कन्नू बाबू और नरेंद्र शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि विवाद की आशंका को देखते हुए कार्रवाई की गई।

8 दिन बाद लापता बालक हुआ बरामद

- ग्राम कुढ़ाशाहपुर तिराहे से मिला 12 वर्षीय अनमोल, परिजनों को सौंपा

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरामद बच्चों के साथ खड़ी पुलिस। -जागरण मोर्चा

बदायूं। कादरचौक थाना पुलिस ने आठ दिन से लापता 12 वर्षीय बालक अनमोल को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बालक की बरामदगी के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। पुलिस के अनुसार, ग्राम ललुआ नगला निवासी सुनीता पत्नी हरिओम ने 10 अक्टूबर 2026 को अपने 12 वर्षीय पुत्र अनमोल के घर से चले जाने के संबंध में थाना कादरचौक में मुकदमा अपराध संख्या 300/2026, धारा 137(2) बीएनएस के तहत अभियोग दर्ज कराया था। सोमवार, 19 अक्टूबर को विवेचक उपनिरीक्षक बलवीर सिंह ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए अनमोल को ग्राम कुढ़ाशाहपुर तिराहे से सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

तालाब में फिसला पैर, छह घंटे बाद मिला विवाहिता का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

इस्लामनगर। थाना क्षेत्र के समधपुर गांव में रविवार शाम दर्दनाक हादसे में 24 वर्षीय विवाहिता की तालाब में डूबकर मौत हो गई। घर के सामने स्थित तालाब के किनारे पैर फिसलने से महिला गहरे पानी में चली गई। करीब छह घंटे की तलाश के बाद देर रात 11 बजे उसका शव बरामद हुआ। हादसे से परिवार में चीख-पुकार मच गई और गांव में मातम छा गया।

समधपुर निवासी अमित कुमार की पत्नी श्रीदेवी (24) रविवार शाम घर के सामने बने तालाब के किनारे खड़ी थीं। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गईं। महिला को डूबता देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया। आवाज सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। इसके बाद ग्रामीणों ने तालाब में महिला की तलाश शुरू की, लेकिन पानी अधिक गहरा होने के कारण काफी परेशानी हुई। कई घंटे की मशक्कत के बाद रात करीब 11 बजे श्रीदेवी का शव तालाब से बाहर निकाला जा सका। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विवाहिता की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

नवमी पर हुआ गायत्री महायज्ञ, पूजन

- वेदमंत्रों के बीच श्रद्धालुओं ने दीं आहुतियां, विश्व कल्याण की कामना

जागरण मोर्चा कार्यालय



कन्या पूजन करती महिलाएं। -जागरण मोर्चा

बदायूं। शारदीय नवरात्रि की नवमी पर गायत्री शक्तिपीठ एवं आध्यात्मिक चेतना केंद्र में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। वेदमंत्रों के उच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने यज्ञ भगवान को आहुतियां समर्पित कर विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि और जनमानस में सद्बुद्धि के संचार की कामना की। इस दौरान देवकन्याओं का पूजन कर नारी शक्ति के सम्मान और संस्कारों के महत्व का संदेश दिया गया। गायत्री परिवार के डीपी सिंह, शिवंवदा सिंह और ब्रजकिशोर ने वेदमंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से यज्ञ संपन्न कराया। आर्येंद्र यादव और ध्रुव यादव मुख्य यजमान रहे। श्रद्धालुओं ने मां भगवती का श्रृंगार और पूजन किया। इसके बाद भव्य आरती कर माता रानी को भोग अर्पित किया। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सुरेंद्र नाथ शर्मा ने कहा कि मां भगवती की शक्ति श्रद्धालुओं को साहस, सद्बुद्धि और सत्कर्मों की प्रेरणा देती है। नवरात्रि का पर्व आत्मशुद्धि, नारी सम्मान और समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से संस्कारों को मजबूती मिलती है और समाज में सद्भाव की भावना विकसित होती है। इस मौके पर सुखपाल शर्मा, काली चरन पटेल, रामचंद्र प्रजापति, ममता शर्मा, मुन्नी देवी, मोना यादव, सीमा गुप्ता, नत्थू लाल शर्मा और वैभव शर्मा सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

करंट लगने से अधेड़ की हुई मौत, कोहराम

बदायूं। उसैहत थाना क्षेत्र के नौगवां नसीरनगर गांव में रविवार दोपहर खेत पर ट्यूबवेल की बिजली की केबल बदलते समय करंट लगने से रामनिवास (55) की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक, गांव निवासी रामनिवास पुत्र प्रेम सिंह रविवार दोपहर करीब तीन बजे अपने खेत पर लगे ट्यूबवेल की केबल बदल रहे थे। इसी दौरान अचानक करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन उन्हें उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। रामनिवास की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। वह अपने पीछे पांच बेटे और एक बेटी समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

गौरव 35 देशों के 400 प्रतिनिधियों ने लिया रीजनल कांफ्रेंस में हिस्सा

इंडोनेशिया में भारत के शिक्षकों ने बढ़ाया देश का मान

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी।

बिसौली। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आयोजित एजुकेशन इंटरनेशनल एशिया-पैसिफिक की दसवीं रीजनल कांफ्रेंस में प्रतिभाग कर भारत लौटे शिक्षकों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि से शिक्षक समुदाय में खुशी की लहर है। कांफ्रेंस में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले शिक्षकों ने सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने, उच्च शिक्षा में स्वायत्तता, शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग, समान अधिकार, लैंगिक समानता, जलवायु परिवर्तन, शिक्षकों की कमी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे। जकार्ता के शांगरी-ला होटल में आयोजित कांफ्रेंस में करीब 35 देशों के 400 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भारत की ओर से ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर्स ऑर्गनाइजेशन के राष्ट्रीय महामंत्री सीएल रोज के नेतृत्व में आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रतिभाग किया। इसमें मनोज कुमार सिंह, सलाउद्दीन, सोहन लाल, माधुरी रोज, पूर्णिमा गोस्वामी और लक्ष्मी सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल रहे। भारतीय शिक्षकों ने शिक्षा में नवाचार, सामूहिक शक्ति और समान अवसरों को लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए। एजुकेशन इंटरनेशनल एशिया-पैसिफिक के रीजनल डायरेक्टर आनंद सिंह ने पिछले तीन वर्षों की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने मथुरा में आयोजित राष्ट्रीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला के कार्यक्रम की सराहना भी की। कांफ्रेंस में विभिन्न देशों के शिक्षाविदों ने शिक्षा व्यवस्था की चुनौतियों और उनके समाधान पर चर्चा की। जकार्ता से भारत लौटे शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर्स ऑर्गनाइजेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय शिक्षकों को अपने विचार रखने का अवसर मिला, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में अनुभवों और नवाचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिला।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





अंदरूनी कलह से सपा को लग सकता है बड़ा झटका, दो धड़ों में बंटी पार्टी!

शेखूपुर से लेकर बिसौली, सदर और दातागंज तक टिकट को लेकर खींचतान, मजबूत दावेदारों की अनदेखी पड़ सकती है भारी

- विधानसभा चुनाव की तैयारी के बीच कुछ नेताओं की नजर 2029 के लोकसभा चुनाव पर भी
- शीर्ष नेतृत्व के सामने गुटबाजी और दावेदारों को साधने की चुनौती



शेखुपुर विस से प्रमुख दावेदार आबिद रजा।



मौजूदा सपा विधायक हिमांशु यादव।



बिसौली से सपा के प्रमुख दावेदार सतीश प्रेमी।



सहसवान से सपा विधायक बृजेश यादव।

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच समाजवादी पार्टी में टिकट को लेकर अंदरूनी खींचतान पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है। जिले की कई विधानसभा सीटों पर दावेदारी, राजनीतिक वर्चस्व और संगठन के भीतर प्रभाव बढ़ाने की कोशिशों के बीच गुटबाजी की चर्चाएं तेज हैं। शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र में चल रही उठापटक के साथ बिसौली, सदर और दातागंज सीटों पर टिकट को लेकर जारी खींचतान ने पार्टी की रणनीति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी है कि पार्टी के भीतर दो अलग-अलग धड़े सक्रिय हैं, जिनकी प्राथमिकताएं और राजनीतिक हित एक-दूसरे से अलग दिखाई दे रहे हैं। सपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि टिकट वितरण के दौरान मजबूत दावेदारों की अनदेखी न हो। यदि स्थानीय स्तर पर सक्रिय नेताओं और लंबे समय से संगठन के लिए काम कर रहे कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया गया, तो इसका असर चुनावी समीकरणों पर पड़ सकता है। टिकट की दौड़ में पीछे छूटने वाले दावेदारों की नाराजगी पार्टी के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। ऐसी स्थिति में बगावत, निष्क्रियता या दूसरे दावेदारों के समर्थन में खड़े होने जैसी संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता।

शेखूपुर में उठापटक, बिसौली और सदर में दावेदारी की परीक्षा

शेखूपुर विधानसभा सीट को लेकर चल रही राजनीतिक उठापटक ने पार्टी के भीतर समीकरणों को चर्चा में ला दिया है। यहां दावेदारों के बीच संतुलन बनाना नेतृत्व के लिए अहम होगा। वहीं बिसौली और सदर विधानसभा क्षेत्रों में भी टिकट को लेकर अलग-अलग दावेदारों की सक्रियता पार्टी के अंदरूनी समीकरणों को प्रभावित कर सकती है। दातागंज में भी टिकट की दावेदारी और स्थानीय राजनीतिक प्रभाव को लेकर खींचतान की चर्चाएं हैं। इन सीटों पर पार्टी के सामने केवल किसी एक प्रत्याशी का चयन करने की चुनौती नहीं है, बल्कि ऐसे चेहरे को आगे लाने का सवाल भी है जो संगठन, स्थानीय कार्यकर्ताओं और विभिन्न सामाजिक समीकरणों को साथ लेकर चल सके। यदि टिकट का फैसला केवल किसी प्रभावशाली नेता की पसंद या सीमित दायरे में बने समीकरणों के आधार पर हुआ, तो असंतोष बढ़ने की आशंका रहेगी।

शीर्ष नेतृत्व के सामने संतुलन बनाने की चुनौती : समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के सामने जिले में संगठनात्मक एकजुटता बनाए रखने और सभी सीटों पर मजबूत प्रत्याशी उतारने की दोहरी चुनौती है। यदि स्थानीय नेताओं की रिपोर्ट, जमीनी स्थिति और कार्यकर्ताओं की राय के बजाय केवल चुनिंदा लोगों के फीडबैक पर भरोसा किया गया, तो नेतृत्व तक वास्तविक राजनीतिक स्थिति की सही तस्वीर पहुंचने में कठिनाई हो सकती है। टिकट वितरण में देरी, दावेदारों के बीच संवाद की कमी और गुटीय दबाव असंतोष को और बढ़ा सकते हैं। इसके उलट, समय रहते स्पष्ट रणनीति बनाकर मजबूत दावेदारों को विश्वास में लिया जाए तो पार्टी संभावित नुकसान को काफी हद तक रोक सकती है। कुल मिलाकर, शेखूपुर, बिसौली, सदर और दातागंज की सीटों पर दावेदारी का सवाल सपा के लिए केवल प्रत्याशी चयन तक सीमित नहीं है। यह पार्टी की एकजुटता, संगठनात्मक अनुशासन और नेतृत्व की निर्णय क्षमता की भी परीक्षा है। यदि अंदरूनी खींचतान पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया और मजबूत दावेदारों की अनदेखी हुई, तो इसका खामियाजा चुनाव में भुगतना पड़ सकता है। वहीं, शीर्ष नेतृत्व ने यदि जमीनी हकीकत को समझकर संतुलित फैसले लिए, तो गुटबाजी की आशंकाओं के बीच भी पार्टी अपनी चुनावी स्थिति मजबूत कर सकती है।

विधानसभा चुनाव की आड़ में 2029 की रणनीति?

पार्टी के अंदरूनी समीकरणों को लेकर एक चर्चा यह भी है कि कुछ नेता विधानसभा चुनाव की तैयारियों के साथ वर्ष 2029 के लोकसभा चुनाव की रणनीति पर भी नजर लगाए हुए हैं। राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के इस टकराव में विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी चयन का मुद्दा बड़े राजनीतिक समीकरणों से जुड़ता दिखाई दे रहा है। आलोचकों का मानना है कि यदि किसी नेता की प्राथमिकता विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के बजाय भविष्य के लोकसभा चुनाव में अपनी स्थिति मजबूत करना बन जाए, तो इसका नुकसान मौजूदा चुनावी तैयारी को उठाना पड़ सकता है। हालांकि, इस तरह की चर्चाओं की स्वतंत्र पुष्टि नहीं है, लेकिन इनके बीच पार्टी नेतृत्व के सामने यह सुनिश्चित करने की चुनौती है कि स्थानीय स्तर पर चुनावी रणनीति व्यक्तिगत हितों के बजाय संगठन के सामूहिक लक्ष्य के अनुरूप बने।

विधायक से ज्यादा सांसद के चुनाव की चिंता?

राजनीतिक चर्चाओं में यह सवाल भी उठ रहा है कि कुछ नेताओं का ध्यान विधानसभा चुनाव से अधिक आगामी लोकसभा चुनाव के समीकरणों पर तो नहीं है। यदि ऐसा है, तो विधानसभा सीटों पर टिकट वितरण और चुनावी प्रबंधन प्रभावित हो सकता है। विधानसभा चुनाव किसी भी राजनीतिक दल के लिए संगठन की जमीनी ताकत परखने का अवसर होता है। ऐसे में प्रत्याशी चयन को भविष्य की राजनीतिक संभावनाओं से जोड़कर देखने के बजाय वर्तमान चुनाव में जीत की क्षमता को प्राथमिकता देना जरूरी होगा। सपा के लिए यह भी महत्वपूर्ण है कि टिकट के दावेदारों के बीच संवाद बनाए रखा जाए और संभावित असंतोष को समय रहते दूर किया जाए। किसी सीट पर एक दावेदार को आगे बढ़ाने के साथ दूसरे मजबूत नेताओं को पूरी तरह अलग-थलग छोड़ देना पार्टी के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है।

सत्या ट्रेडर्स का हुआ भव्य उद्घाटन

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। नगर में मेसर्स सत्या ट्रेडर्स का भव्य उद्घाटन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रतिष्ठान का शुभारंभ पूज्य शैलेंद्र नाथ गर्ग और परिवार की बेटियों सांझी अग्रवाल व श्रवया अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। परिवार के बुजुर्गों के आशीर्वाद और बेटियों की सहभागिता से हुए इस उद्घाटन समारोह ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

इस अवसर पर प्रतिष्ठान के प्रबंधक संजय गर्ग और शुभम गर्ग ने कहा कि मेसर्स सत्या ट्रेडर्स ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने और बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्राहकों के विश्वास पर खरा उतरने और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप सेवाएं प्रदान करने का भरोसा जताया। समारोह में सुभाष चंद्र अग्रवाल, डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ. संजय, कपिल सिंघम संभल, आरके जिंदल अलीगढ़, सेठ विष्णु अग्रवाल चंदौसी, उदित गोयल, शेखर गर्ग, विशाल गर्ग, वैभव मिश्रा, पंकज गुप्ता, शिखर मिश्रा, सुरेश चंद्र अग्रवाल और मोनू अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद अतिथियों के लिए मिष्ठान्न और अल्पाहार की व्यवस्था की गई।



कार्यक्रम मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

गाली देने से मना करने पर युवक को पीटा

उसहैत। थाना क्षेत्र के गांव कोनका नगला में गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी गई। पुलिस ने पीड़ित के पिता की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी सुरेश के मुताबिक, 18 अक्टूबर की सुबह करीब पांच बजे उनका बेटा सोनू घर पर दीवार बना रहा था। इसी दौरान गांव के धनपाल, टिंकू और सौरभ ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसों और लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। इसमें सोनू को कई जगह चोटें आईं। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नवमी पर गायत्री शक्तिपीठ में पांच कुंडीय यज्ञ





जागरण मोर्चा कार्यालय

कुंवरगांव। शारदीय नवरात्र की नवमी पर नगर कुंवरगांव में धार्मिक उल्लास का माहौल रहा। गायत्री शक्तिपीठ पर पांच कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर सुख-समृद्धि और लोककल्याण की कामना की। यज्ञ के समापन के बाद भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ का संचालन ओमपाल शास्त्री और उनकी संगीत टीम ने मंत्रोच्चार एवं भजनों के साथ किया। इस दौरान शेर सिंह, शेष माहेश्वरी, सुरेश वार्ष्णेय, महिपाल रस्तोगी, भगवान सिंह, सोहन लाल शर्मा और अजीत सिंह सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा। संगीत टीम में पुष्पेंद्र सिंह, शिव स्वरूप प्रधान और ढक्कन लाल शामिल रहे। वहीं विमला देवी ने यज्ञ की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया। नवमी के अवसर पर नगर के अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। गमा गेट मंदिर और ठाकुरद्वारा मढ़िया बहसी सहित विभिन्न मंदिरों में भक्तों ने पूजा-अर्चना कर माता रानी के दर्शन किए। सुबह से ही मंदिरों में धार्मिक गतिविधियां जारी रहीं और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

कुंवरगांव में शराब की पेटियां गायब होने का सिलसिला जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

- कसेर की पुरानी चोरी का अब तक खुलासा नहीं, वनगवां में सेल्समैन के घर से कथित अवैध बंदूक बरामद, हिरासत में लेकर पूछताछ

कुंवरगांव (बदायूं)। थाना कुंवरगांव क्षेत्र में देसी शराब की दुकानों से बड़ी मात्रा में शराब गायब होने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। अगस्त में कसेर गांव की दुकान से करीब 70 पेटी शराब गायब होने का मामला अभी अनसुलझा है।

इसी बीच अब वनगवां गांव स्थित देसी शराब की दुकान से 60 से 70 पेटी शराब गायब होने की सूचना ने पुलिस की जांच और दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वनगवां मामले में पुलिस ने शक के आधार पर सेल्समैन को हिरासत में लिया है। उसके घर से कथित अवैध बंदूक मिलने की बात भी सामने आई है। जानकारी के मुताबिक,



रविवार रात वनगवां स्थित देसी शराब की दुकान का गेट खोलकर शराब की पेटियां गायब किए जाने की बात सामने आई।

सोमवार सुबह सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद कुंवरगांव थाने से एसआई प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और मामले की जांच-पड़ताल की। पुलिस ने संदेह के आधार पर दुकान के सेल्समैन संजीव से पूछताछ की। इसके बाद उसके घर की तलाशी ली गई, जहां एक संदूक में कथित अवैध बंदूक मिलने की जानकारी सामने आई। पुलिस सेल्समैन को हिरासत में लेकर थाने ले आई, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। हालांकि, शराब की पेटियां गायब होने की घटना में उसकी भूमिका की अभी पुष्टि नहीं हुई है।

कसेर की घटना अनसुलझी, फिर सामने आया दूसरा मामला

गौरतलब है कि अगस्त 2026 में कसेर गांव स्थित देसी शराब की दुकान से करीब 70 पेटी शराब गायब होने का मामला सामने आया था। उस समय सेल्समैन गणेश ने मैनेजर सुरेंद्र यादव को दुकान से शराब गायब होने की सूचना दी थी। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के भी गायब होने की बात कही गई थी। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए सेल्समैन को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। वहीं, मैनेजर ने आशंका जताई थी कि शराब की पेटियां कहीं अन्यत्र ले जाकर गबन किया गया हो सकता है। इसके बावजूद पुराने मामले का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। अब वनगवां में 60 से 70 पेटी शराब गायब होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस के सामने नए सिरे से जांच की चुनौती है। लगातार दो दुकानों से बड़ी मात्रा में शराब गायब होने के मामलों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस को यह पता लगाना होगा कि घटनाओं के पीछे चोरी है या कोई अन्य वजह।

थाने के बाहर संभावित प्रत्याशियों की हलचल

वनगवां मामले में सेल्समैन को हिरासत में लिए जाने के बाद थाने के बाहर पंचायत चुनाव को लेकर भी हलचल दिखाई दी। बताया जा रहा है कि कुछ संभावित प्रत्याशी सेल्समैन को छुड़ाने के प्रयास में थाने के बाहर सक्रिय नजर आए। हालांकि, इस संबंध में किसी की भूमिका की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सीओ सिटी सुमेध मिलिंद ने बताया कि बरामद बंदूक के संबंध में जांच की जा रही है। अब पुलिस की जांच से ही स्पष्ट होगा कि वनगवां में शराब की पेटियां किन परिस्थितियों में गायब हुईं और कसेर की पुरानी घटना का खुलासा कब तक हो पाएगा।

रोटावेटर की चपेट में आया छात्र, मौत

बदायूं। थाना क्षेत्र के ब्यौर गांव में शनिवार रात खेत की जुताई के दौरान ट्रैक्टर से गिरकर 17 वर्षीय हाईस्कूल के छात्र की रोटावेटर की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। गांव निवासी सुभाष कश्यप का बेटा विजय वीर कश्यप शनिवार रात करीब आठ बजे चचेरे भाई के साथ ट्रैक्टर पर बैठकर खेत पर गया था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिरकर रोटावेटर की चपेट में आ गया। परिजन उसे बरेली ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना अंतिम संस्कार कर दिया। थाना प्रभारी नीरज मलिक ने बताया कि शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

गन हाउस विस्फोट में छठे दिन टूटी जिंदगी की डोर, युवक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। कस्बे के मेन बस स्टैंड चौराहे के पास स्थित शिवम गन हाउस में हुए भीषण विस्फोट में घायल अमित कुमार सिंह (33) की रविवार को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। छह दिन तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद अमित ने दम तोड़ दिया। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं, नामजद गन हाउस मालिक राजीव कुमार मित्तल अब तक फरार है। बीती 12 अक्टूबर को गन हाउस में सफाई और रखरखाव के दौरान विस्फोट हुआ था। हादसे में सिठौली गांव निवासी अमित, राजेश कुमार और शिव कुमार गंभीर रूप से झुलस गए थे। अमित को नाजुक हालत में दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह वेंटिलेटर पर थे। उनके परिवार में पत्नी और आठ वर्षीय बेटा है। पुलिस और फोरेंसिक टीम की जांच में गोदाम से करीब 5.380 किलोग्राम गंधक-पोटाश का मिश्रण बरामद हुआ था। जांच में इसके इस्तेमाल से बने प्लास्टिक कारतूस रखने का वैध लाइसेंस नहीं मिला। विस्फोट से गन हाउस और गोदाम की दीवारें ढह गई थीं। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है। अमित की मौत के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे में धाराएं बढ़ाई जा सकती हैं।

मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा निकली

जागरण मोर्चा कार्यालय

सहसवान। नगर के मोहल्ला सैफुल्लागंज में आदि महाशक्ति दुर्गा मंडल की ओर से मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा बैंड-बाजों और काली अखाड़ों के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु धार्मिक उल्लास में सराबोर नजर आए। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर मां दुर्गा की प्रतिमा की आरती उतारी और पूजा-अर्चना की।

शोभायात्रा का शुभारंभ शिव मंदिर से हुआ। इसके बाद यात्रा गोपालगंज, प्रमोद संस्कृत पाठशाला, नवादा, कोतवाली और बाजार विल्सनगंज होते हुए वापस मोहल्ले में पहुंची, जहां उसका समापन हुआ। शोभायात्रा में सबसे आगे बैंड धार्मिक धुनें बिखेर रहा था। उसके पीछे काली अखाड़े के कलाकार अपनी



कला और करतबों का प्रदर्शन करते चल रहे थे। वहीं, युवाओं की टोली रंग-गुलाल उड़ाते हुए मां के जयकारे लगा रही थी। सबसे पीछे सजी हुई बग्गी पर विराजमान मां दुर्गा की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया और मां दुर्गा की आरती उतारकर सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक धुनों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाल नरेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। पुलिसकर्मी यात्रा के मार्ग पर मुस्तैद रहे, जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

बाइक सवार को बचाने में पलटा ई-रिक्शा, मासूम की हुई मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

उझानी। बरेली-मथुरा हाईवे पर रविवार शाम एक दर्दनाक हादसे में चार वर्षीय मासूम की जान चली गई, जबकि उसकी मां और मामा गंभीर रूप से घायल हो गए। विमला हरि भगवान अग्रवाल इंटर कॉलेज के पास अचानक सामने आए बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में मासूम गुंजन ई-रिक्शा के नीचे दब गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बच्ची की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, संभल जिले के बहजोई थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव निवासी सीमा पत्नी नरेंद्र रविवार को अपने भाई सूरजपाल के ई-रिक्शा से उझानी दवा लेने आई थीं। उनके साथ चार वर्षीय बेटी गुंजन भी थी। शाम करीब 5:30 बजे दवा लेकर लौटते समय हाईवे पर कॉलेज के पास अचानक बाइक सवार सामने आ गया। उसे बचाने की कोशिश में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद ई-रिक्शा में सवार लोग नीचे दब गए। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने राहत-बचाव में मदद की। हादसे में गुंजन की मौत हो गई, जबकि ई-रिक्शा चालक सूरजपाल और उसकी बहन सीमा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया और बच्ची के शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

सर्राफा व्यापारी से लूट, बदमाश फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय



बदायूं। मूसाझाग थाना क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने सर्राफा व्यापारी को निशाना बनाकर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। सक्तपुर अंडरपास के पास बिना नंबर प्लेट की काली स्प्लेंडर बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने व्यापारी को रोक लिया और उनका पिट्ठू बैग, मोबाइल फोन व नकदी छीनकर फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दुकान बंद कर घर लौट रहे थे व्यापारी

दातागंज कोतवाली क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 निवासी अरुण वर्मा मनकापुर कौर में ज्वैलर्स की दुकान चलाते हैं। 18 अक्टूबर की शाम करीब 5:30 बजे वह दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान मूसाझाग थाना क्षेत्र में सक्तपुर अंडरपास से कुछ आगे पीछे से आए तीन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और लूटपाट शुरू कर दी।

बैग और मोबाइल छीनकर हुए फरार

बदमाश व्यापारी का पिट्ठू बैग और मोबाइल फोन छीन ले गए। बैग में पर्स, चाबियां और अन्य सामान रखा था। इसके अलावा बदमाशों ने उनकी शर्ट की ऊपरी जेब में रखी नकदी भी निकाल ली। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों बदमाश बाइक से फरार हो गए। अचानक हुई इस घटना से व्यापारी घबरा गए।

सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की तलाश

पीड़ित व्यापारी ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। वारदात के खुलासे के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस बदमाशों की पहचान कर उन्हें पकड़ने का प्रयास कर रही है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

शादी का झांसा देकर युवती को भगा ले गया युवक, केस दर्ज

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र के मीरपुर गांव की 19 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में आरोपी युवक पर केस दर्ज किया है ।युवती के पिता शिवकुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि बीती 17 अक्टूबर 2026 की शाम साढ़े चार बजे मुरादाबाद के बिलारी थाना अंतर्गत पलिया गांव निवासी सोनू उनकी पुत्री को अपने साथ भगा ले गया। पीड़ित पिता के अनुसार, युवती अपने साथ घर में रखे कीमती जेवर भी ले गई है। परिवार ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पिता ने सोनू पर किसी अनहोनी घटना को अंजाम देने की आशंका जताई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित के खिलाफ केस दर्ज किया है।

खुटार से पुवायां तक भगवामय हुआ माहौल

▶ हिंदू युवा संगठन की विशाल भगवा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय



हिंदू युवा संगठन के द्वारा खुटार से पुवाया तक निकाली गई जुलूस। -जागरण मोर्चा

पुवायां, शाहजहांपुर। हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को खुटार से पुवायां तक विशाल भगवा यात्रा निकाली गई। खुटार के प्राचीन बालाजी धाम से शुरू हुई यात्रा में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। यात्रा के दौरान नगरों में भगवामय माहौल नजर आया। यात्रा का शुभारंभ प्राचीन बालाजी धाम के महंत अनिल पांडे नंदन जी महाराज एवं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्रा ने पूजन-अर्चन कर किया। इसके बाद भगवा यात्रा खुटार के तिकुनिया चौराहा और मुख्य बाजार से होते हुए अटल चौक पहुंची। यहां संगठन के प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी एडवोकेट ने उपस्थित सनातनियों को संबोधित किया। इसके बाद यात्रा पुवायां के श्री हनुमान मंदिर पहुंची। यहां से यात्रा मुख्य मार्ग, डाक बंगला रोड, बंडा रोड, निगोही रोड, राजीव चौक, राजा मार्केट, कटरा बाजार और कबीरदान बाबा स्थान से होते हुए संतोषी माता मंदिर पहुंची, जहां यात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी ने कहा कि हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना रहा है। आने वाले दिनों में संगठन को गांव-गांव तक पहुंचाकर और अधिक मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र ने युवाओं से आह्वान किया कि अधिक से अधिक सनातनी युवा हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) से जुड़ें और संगठन को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि युवाओं की सहभागिता से संगठन का विस्तार होगा और सामाजिक कार्यों को नई गति मिलेगी। इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री कमल दीक्षित, प्रदेश कोषाध्यक्ष साहिल गर्ग, प्रदेश विधिक सलाहकार राहुल अवस्थी, शोभित तिवारी, अजय बाजपेई, शोभित जोशी, अजय द्विवेदी, प्रदीप कुमार, अनमोल मिश्रा, अमित मिश्र, अभिषेक मिश्रा, दीपक राजपूत, दीपू राजपूत, राजपाल राजपूत, ऋतिक कुमार, शिवानंद गुप्ता, ऋतिक वर्मा, हरिओम, अनुराग, हरिश्याम मिश्रा, अंकित कुमार, राजा शर्मा, अनमोल शुक्ला, पुष्पेंद्र सिंह, रिंकू अग्निहोत्री, अजय राजपूत, अजय कुमार, रोहित कुमार, राघवेंद्र यादव, अर्जुन, सचिन मिश्रा, शिव कुमार, शिवकेश, करण कश्यप, मोहित राणा, तरुण वर्मा, प्रिंस कुमार, वीरेश अवस्थी, रोहित अवस्थी, शोभित अवस्थी, सोवरन राठौर, राजू मिश्रा, मनीष शुक्ला, विनीत तिवारी, अविचल अवस्थी, राम अवस्थी, धीरू शुक्ला, नीरज शुक्ला, अनूप अवस्थी, काजल मिश्रा, अभिनीत शुक्ला, आलोक शुक्ला, रोहित शुक्ला, राघव श्रीवास्तव, रंजीत राठौर, रूपेश अवस्थी, यश राठौर, निहाल राठौर, प्रशांत अवस्थी, कृष राठौर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सपा नेता पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद ने मांगे वोट

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाहजहांपुर। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर के समर्थन में जनपद में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क तेज कर दिया है। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व एम एल सी जयेश प्रसाद ने शिक्षकों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों से संपर्क कर हाजी दानिश अख्तर के पक्ष में प्रथम वरीयता का मत देने की अपील कर रहे हैं। श्री प्रसाद ने संपर्क अभियान के दौरान शिक्षकों से संवाद करते हुए कहा कि शिक्षक एमएलसी का चुनाव शिक्षकों से जुड़े मुद्दों को विधान परिषद तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि हाजी दानिश अख्तर शिक्षक समुदाय से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने के लिए चुनाव मैदान में हैं और पार्टी संगठन उनके समर्थन में लगातार संपर्क अभियान चला रहा ह उन्होंने कहा समाजवादी सरकार में ही शिक्षकों का भला हुआ है और इस सरकार में शिक्षकों का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है इस उत्पीड़न को समाप्त करने के लिए सभी शिक्षकों को एकजुट होकर सपा के अधिकृत प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर के पक्ष में मतदान करना होगा उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की है की 23 अक्टूबर को सबसे पहले मतदान करें उसके बाद अन्य कार्य करें।

कार्रवाई के बाद फिर गुलजार हो जाते हैं अपंजीकृत अस्पताल

जागरण मोर्चा कार्यालय

कुछ ही दिनों बाद गुलजार हो जाते हैं अवैध क्लिनिक

अक्सर देखा जाता है कि जब कभी किसी मामले की गंभीर शिकायत विभाग तक पहुंचती है, तो स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय होकर छापेमारी और सीलिंग जैसी कार्रवाई को अंजाम देती है। इन छापों की खबरें मीडिया की सुर्खियां भी बनती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से बिल्कुल उलट है। आरोप है कि यह कार्रवाई महज औपचारिकता बनकर रह जाती है। विभाग के शांत बैठते ही कुछ समय के भीतर वही सील किए गए या बंद कराए गए अवैध क्लिनिक फिर से चोरी-छिपे या पूरी तरह से दोबारा संचालित होने लगते हैं। इससे न केवल विभागीय निगरानी पर बड़े सवाल खड़े होते हैं, बल्कि यह भी साबित होता है कि भ्रष्ट तंत्र और झोलाछाप डॉक्टरों के बीच सांठगांठ के कारण कार्रवाई का कोई दीर्घकालिक असर नहीं हो रहा है।

लगातार निगरानी और स्थायी समाधान की सख्त जरूरत

जनस्वास्थ्य से जुड़े इस संवेदनशील मुद्दे पर जानकारों का मानना है कि स्वास्थ्य विभाग को केवल शिकायतों के भरोसे नहीं बैठना चाहिए। विभाग को चाहिए कि वह नियमित अंतराल पर औचक निरीक्षण (सप्राइज विजिट) करे, ताकि क्षेत्र में फल-फूल रहे अवैध क्लीनिकों की समय रहते पहचान की जा सके।

शाहबाद। तहसील क्षेत्र में धड़ल्ले से संचालित हो रहे अपंजीकृत क्लिनिक और झोलाछाप डॉक्टरों का अवैध कारोबार एक बार फिर से स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर रहा है। स्थानीय नागरिकों का यह सवाल अब आम हो चला है कि स्वास्थ्य विभाग आखिर किसी बड़ी अनहोनी या लिखित शिकायत मिलने के बाद ही नींद से क्यों जागता है? बिना किसी वैध चिकित्सा डिग्री और योग्यता के संचालित हो रहे इन क्लीनिकों के कारण ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की भोली-भाली जनता के स्वास्थ्य और जीवन के साथ सीधा खिलवाड़ हो रहा है। हालांकि समय समय पर कार्रवाई तो होती है लेकिन कुछ दिनों बाद ही यह अस्पताल और क्लीनिक फिर से नाम बदलकर खुल जाते है।

बीमारी से तंग आकर चौकीदार ने की आत्महत्या

शाहजहांपुर / रोजा। थाना क्षेत्र के ग्राम जमुका में बीमारी से परेशान 45 वर्षीय जगदीश ने आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में शोक छा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, ग्राम निवासी जगदीश लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वह मन्नू खंडेलवाल की प्लांट की दुकान पर चौकीदारी का काम करते थे। बताया जा रहा है कि बीमारी के चलते वह काफी परेशान थे। इसी बीच उन्होंने अपनी जान दे दी। घटना की सूचना मिलने पर रोजा थानाध्यक्ष उमेश मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

रामलीला: श्रीराम ने कुंभकरण को पहुंचाया यमलोक

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाहजहांपुर। ओसीएफ फैक्ट्री स्टेट श्रीरामलीला मंचन में सोमवार को अंगद-रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति और कुंभकरण वध की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। अंगद संधि का प्रस्ताव लेकर रावण की सभा में पहुंचे, जहां रावण ने प्रभु श्रीराम के प्रति अपशब्द कहे। इस पर अंगद ने उसे बाली द्वारा छह माह तक अपने शिकंजे में रखने की याद दिलाई। अंगद ने सभा में अपना पैर जमाकर चुनौती दी कि कोई भी उसे हिलाकर दिखाए। सभी पराक्रमी असफल रहे। अंगद ने रावण से कहा कि उनके पैर पकड़ने के बजाय प्रभु श्रीराम के चरण पकड़कर माता सीता को लौटा दे। इसके बाद मेघनाथ अपनी पत्नी सुलोचना से तिलक और आरती कराकर युद्ध के लिए निकला। युद्ध में उसने शक्ति का प्रहार कर लक्ष्मण को मूर्छित कर दिया। लक्ष्मण की दशा देखकर श्रीराम व्याकुल हो उठे। विभीषण के बताए अनुसार हनुमान जी लंका से सुषेण वैद्य को लेकर आए। वैद्य ने संजीवनी बूटी मंगाई, जिसे हनुमान जी सूर्योदय से पहले ले आए। उपचार के बाद लक्ष्मण स्वस्थ होकर उठ खड़े हुए। इसकी सूचना मिलने पर रावण ने कुंभकरण को युद्ध के लिए भेजा। विभीषण ने कुंभकरण को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद श्रीराम और कुंभकरण के बीच भीषण युद्ध हुआ, जिसमें प्रभु श्रीराम के बाणों से कुंभकरण मारा गया। मंचन के दौरान सचिव ए के व्यास, देवेश दीक्षित, संयुक्त सचिव अजय सक्सेना, निर्देशक अंकित सक्सेना, सहायक निदेशक सुहेल मोहम्मद, प्रभारी महेंद्र दीक्षित, प्रवेक्षक सुरक्षा राममोहन अग्निहोत्री, प्रभारी महेंद्र दीक्षित, व्यवस्थापक प्रदीप अग्निहोत्री भोजन व्यवस्थापक रामकुमार दीक्षित, मंचन मीडिया प्रभारी रोहित बीएसए और मंच संचालक सतीश सक्सेना सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। रावण अंकित सक्सेना, मेघनाथ कौशलेंद्र पांडे, कुंभकरण लक्ष्मण मिश्रा, महामंत्री ईश्वरदीन, सुख बटेश्वर, सारंग अंकुश, अंगद संदीप, राम मोहित, लक्ष्मण अमित, सुग्रीव सुभाष, विभीषण देवेंद्र, हनुमान अंकित, नल पियूष, अर्जुन नील, तार सूर्यांश, केसरी सौरभ, जामवंत अजीत, मंदोदरी चांदनी, सुलोचना अनामिका, मानसी लक्ष्मी, नैंसी, रजनी, काव्य, सुग्रीव, सुभाष, शैलजा, रानी मिश्रा आदि कलाकारों ने किरदारों के पात्रों को निभाया।

शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा हूँ: राजवीर

पुवायां, शाहजहांपुर। संभावित सपा प्रत्याशी के द्वारा इमलिया गांव पहुंचकर शोक संतृप्त परिवारजनों से संवेदना व्यक्त की गई। पुवायाँ विधानसभा के ग्राम इमलिया में श्री राजकुमार जी के पंजाब काम करने गए सुपुत्र श्री रजनीश जी के दुखद निधन का समाचार अत्यंत हृदयविदारक है। उनके आवास पर पहुँचकर शोकाकुल परिवार से भेंट की एवं अपनी गहरी शोक संवेदनाएँ व्यक्त कीं। साथ ही उनके साथ गए उनके भाई ओमपाल के घायल होने और अस्पताल में उपचाररत होने की जानकारी प्राप्त की। अन्य विभिन्न दलों के राजनेता भी इमलिया गांव पहुंचकर शोकाकुल परजनों से मिलकर शोक जता रहे हैं।

पंजाब के कपूरथला में किशोर की हत्या

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुवायां, शाहजहांपुर। पंजाब के कपूरथला में शनिवार दोपहर इंटरलॉकिंग प्लांट पर हुए हमले में शाहजहांपुर के किशोर की हत्या कर दी। प्लांट मालिक का कुछ लोगों से विवाद हुआ तो किशोर और उसके चाचा बीच बचाव करने पहुंच गए। आरोप है कि इसी दौरान हमलावरों ने दोनों पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में घायल किशोर को जालंधर के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं चाचा की हालत नाजुक होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुवायां क्षेत्र के इमलिया गांव निवासी रजनीश अपने पिता राजकुमार, चचेरे भाई विकास, चाचा ओमपाल, दुर्वेश और विकास की पत्नी अंशिका के साथ 2 सितंबर को पंजाब के कपूरथला जिले के बजाजा गांव स्थित इंटरलॉकिंग प्लांट पर काम करने गए थे। परिजनों के मुताबिक, शनिवार दोपहर करीब दो बजे प्लांट मालिक का कुछ लोगों से विवाद हो गया। मालिक को बचाने के लिए रजनीश और ओमपाल आगे आए। इसी दौरान आरोपियों ने तलवार और चाकू जैसे धारदार हथियारों से दोनों पर हमला कर दिया। वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल चाचा भतीजे को इलाज के लिए जालंधर के अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने 17 वर्षीय रजनीश को मृत घोषित कर दिया। ओमपाल की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। परिजनों के मुताबिक, हमले के वक्त रजनीश के पिता राजकुमार भी मौके पर मौजूद थे। ओमपाल की पत्नी रेखा ने बताया कि उनके पति ने दो दिन पहले फोन कर परिवार का हालचाल लिया था। उन्होंने कहा था कि सभी लोग दीपावली से दो-तीन दिन पहले घर लौटेंगे। परिवार को उम्मीद नहीं थी कि इसके पहले ही भतीजे की मौत और पति के गंभीर रूप से घायल होने की खबर मिल जाएगी। रजनीश तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी मौत के बाद मां सूरत देवी, भाई अवनीश और बहन निशा का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, ओमपाल के परिवार में विवाहित बेटी रोली, अविवाहित बेटी शिल्पी और बेटे विकास व अनुज हैं।

झगड़े का बीच-बचाव कराने गई महिला से मारपीट

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र के गुजरेला गांव में दो पक्षों के बीच हो रही लड़ाई का बीच बचाव कराने आई महिला के साथ मारपीट और अभद्रता करने के आरोप लगे है। शाहबाद पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर संबंधित के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पीड़िता ऊषा की तहरीर के अनुसार बीती 16 अक्टूबर की शाम चार बजे गांव के ही उदयवीर और अमरसिंह के बीच विवाद हो रहा था। जब वह वहां देखने गईं, तो आरोपी उदयवीर ने उनके साथ गाली-गलौज की और लात-घूंसों से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि इस झड़प के दौरान उनका सोने का कुंडल भी कहीं गिरकर गायब हो गया।

हादसे में जख्मी महिला ने अस्पताल में तोड़ा दम, जानबूझकर टक्कर मारने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ 28 जुलाई को शाहबाद ढकिया रोड पर सड़क हादसे में घायल हो गईं थी श्यामवती



फाइल फोटो मृतका श्यामवती।

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र के नादरगंज गांव निवासी महिला की उपचार के दौरान मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। सोमवार को महिला का शव पीएम के बाद घर पहुंचा तो परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। ढकिया चौकी अंतर्गत नादरगंज गांव निवासी राम सिंह की पत्नी श्यामवती(50) बीती 28 जुलाई को शाहबाद-ढकिया रोड स्थित हनुमान मूर्ति के पास सड़क हादसे में ज़ख्मी हो गई थीं, जिसके बाद से उनका लगातार इलाज चल रहा था। जिन्होंने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। श्यामवती करीब ढाई महीने पहले सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गईं थीं। हादसे में उन्हें काफी चोटें आई थीं। परिजनों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उनका लंबा इलाज चल रहा था। परिवार के लोग उनके स्वस्थ होने की उम्मीद लगाए हुए थे, लेकिन सोमवार सुबह उनकी सांसें थम गईं। घटना की सूचना मिलते ही शाहबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेज दिया। महिला के परिजनों ने जानबूझकर टक्कर मारने का आरोप लगाया है। ढकिया चौकी इंचार्ज मनोज मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला पूर्व में हुए सड़क हादसे में घायल हो गई थी। उस वक्त रिपोर्ट भी दर्ज हुई थी। तब से ही महिला का उपचार चल रहा था। जिनकी रविवार को उपचार के दौरान मौत हो गई।



नवरात्र के अंतिम दिन कन्या पूजन कर कराया भोज

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ कन्या पूजन किया गया। इस अवसर पर छोटी-छोटी कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया गया और विधि-विधान से भोजन कराया गया। कन्याओं को भोजन कराने के बाद दक्षिणा एवं उपहार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्र में कन्या पूजन का विशेष महत्व है। कन्याओं को मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का प्रतीक मानकर उनकी पूजा की जाती है। इस दौरान भक्तों ने मां दुर्गा से परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। पूरे आयोजन में भक्तिमय माहौल रहा और श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के जयकारे लगाकर वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

गेट निर्माण को लेकर सौंपा ज्ञापन

▶ 48 घंटे में कार्रवाई की मांग, संगठन ने दी आंदोलन की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुवायां के निगोही रोड पर ईदगाह मस्जिद सड़क किनारे लगाई जा रहे गेट।

पुवायां, शाहजहांपुर। नगर के निगोही रोड पर कथित तौर पर अवैध तरीके से गेट बनाए जाने के मामले को लेकर हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) ने आपत्ति जताई है। संगठन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले में कार्रवाई की मांग की। साथ ही 48 घंटे के अंदर कार्रवाई न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी।

संगठन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से संबंधित स्थल पर बनाए जा रहे गेट के निर्माण पर आपत्ति दर्ज कराते हुए प्रशासन से मामले की जांच कराने और नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की। संगठन ने कहा कि प्रशासन को मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द आवश्यक कदम उठाने चाहिए। संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि 48 घंटे के भीतर कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान संगठन के प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी एडवोकेट, प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्रा, प्रदेश संगठन मंत्री कमल दीक्षित, प्रदेश कोषाध्यक्ष साहिल गर्ग, प्रदेश मंत्री शोभित तिवारी, नगर अध्यक्ष भरत राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ पटेल, कमल कश्यप, मोहित राणा, संत राम सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नारी सशक्तिकरण की मिसाल बनी मानसी

पुवायां। पुवायां तहसील क्षेत्र के चौसेड़ा गांव निवासी नववधू मानसी ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। मानसी के जन्म के तुरंत बाद उनकी मां संध्या शर्मा का निधन हो गया था। उनका पालन-पोषण नाना चंद्रसेन शर्मा ने किया, जो सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक थे। पिछले वर्ष मानसी का विवाह मनीष शर्मा से हुआ। पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ उन्होंने पढ़ाई जारी रखी और सफलता हासिल की। उनके परिवार में तीन पीढ़ियों से शिक्षा से जुड़ाव रहा है। उनके दादा ससुर रामस्वरूप सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक और ससुर संत कुमार शिक्षामित्र हैं। मानसी ने सफलता का श्रेय नाना और ससुराल पक्ष के सहयोग को देते हुए आगे भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखने की बात कही।



बौद्ध कथा का उद्घाटन करते एड. रामबहादुर सागर। -जागरण मोर्चा

रामबहादुर सागर ने अंबेडकर पार्क में बौद्ध कथा का किया उद्घाटन

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टांडा स्थित अंबेडकर पार्क में बौद्ध कथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए समाजवादी पार्टी के नेता व एडवोकेट रामबहादुर ने फीता काटकर कथा का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के विचार समाज को सत्य, करुणा और समानता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इन्हें अपनाकर आपसी सद्भाव को मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रम में रोहित सागर, धर्मपाल, सतीश, श्याम कश्यप और राकेश कुमार गौतम सहित कई लोग मौजूद रहे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



लंका दहन, लक्ष्मण शक्ति और रावण वध का अद्भुत मंचन

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। श्री बारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री रामलीला नाट्य परिषद के कलाकारों द्वारा रामलीला मैदान में मंचन का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को 'लक्ष्मण शक्ति और रावण वध' की लीला का भव्य मंचन किया गया। यह मंचन स्व. रामवती देवी, स्व. गेंदनलाल स्व. अतुल डन की पावन स्मृति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज कुमार चौधरी एवं सुरभि चौधरी रहे। वहीं, मुख्य यजमान के रूप में अजय वार्ष्णेय, डॉ. ईशिका वार्ष्णेय तथा रिषिका वार्ष्णेय ने भूमिका निभाई।


चंदौसी में रामलीला का मंचन करते कलाकार। –जागरण मोर्चा


चंदौसी में रामलीला का मंचन देखते लोग। –जागरण मोर्चा

लंका दहन से लेकर समुद्र सेतु निर्माण तक के दृश्य : लीला की शुरुआत में हनुमान जी हीरालाल लंका दहन करने के बाद माता सीता प्रियंका से आज्ञा लेकर किष्किंधा लौटते हैं और प्रभु श्रीराम प्रतीक को माता की दी हुई निशानी सौंपते हैं। निशानी पहचानते ही महाराज सुग्रीव उमंग अपनी सेना को लंका पर चढ़ाई का आदेश देते हैं। इसके बाद नल अमित श्याम और नील सिद्धार्थ की सहायता से समुद्र पर पुल बनाकर वानर सेना लंका पहुंचती है। अगले दृश्य में श्रीराम अंगद राज बिहारी को शांतिदूत बनाकर रावण गोविन्द किशोर के दरबार में भेजते हैं। रावण-अंगद संवाद के दौरान अंगद ने माता सीता को सम्मान सहित लौटाने की चुनौती दी। अंगद ने अपना पैर दरबार में जमा दिया, जिसे रावण की सभा का कोई भी योद्धा हिला तक नहीं पाया।

लक्ष्मण मूर्छा और कुंभकरण वध का सजीव मंचन : युद्ध के दौरान मेघनाथ प्रवर के प्रहार से लक्ष्मण हर्षित मूर्छित हो जाते हैं। संकट की इस घड़ी में हनुमान जी लंका से वैद्य सुषेण गिर्राज किशोर को लाते हैं, जिनके बताए अनुसार हनुमान जी कालनेमि दिव्यांशु राक्षस का वध कर संजीवनी बूटी लाते हैं और लक्ष्मण के प्राण बच जाते हैं। इसके उपरांत, नाना माल्यवान के कहने पर रावण कुंभकरण अमित अप्पू को जगाने का आदेश देता है।

कुंभकरण को जगाने के तमाम प्रयास विफल होने पर स्वादिष्ट मिष्ठानों का प्रबंध किया जाता है, जिनकी खुशबू से कुंभकरण की नींद खुलती है। युद्ध के दौरान मेघनाथ और कुंभकरण जैसे मायावी योद्धा मारे जाते हैं। अंत में, विभीषण वंश के बताए अनुसार प्रभु श्रीराम ने रावण की नाभि का अमृत सुखाकर उसका अंत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों के लिए लकी ड्रा, मेगा ड्रा, बम्पर ड्रा और सुपर बम्पर ड्रा निकाले गए, जो स्व. चौधरी प्रेमशंकर जी की स्मृति में चौधरी विवेक कुमार व चौधरी वैभव कुमार के सौजन्य से संपन्न हुए।

इस अवसर पर श्री रामलीला नाट्य परिषद की ओर से सभी यजमानों को माला, पटका व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें रामचरितमानस और गंगोत्री धाम का पवित्र गंगा जल उपहार स्वरूप भेंट किया गया। साथ ही, उत्कृष्ट कार्य के लिए सभी पत्रकार बंधुओं को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधान गिरराज किशोर, नवीन चौधरी, कपिल राजा, धीरेन्द्र कुमार, कन्हैया वार्ष्णेय, ओमेंद्र वार्ष्णेय, प्रमोद गुरु, प्रदीप शर्मा, ॐ शंकर पेंटर, नवल किशोर, वासु गुप्ता, प्रियंक जी, दीपक सोनू और मुकुल शर्मा आदि पदाधिकारी व कलाकार मौजूद रहे। मंच का सफल संचालन अमित अप्पू ने किया।

ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ठेले में मारी टक्कर, युवक बचा

चंदौसी। असालतपुर जारई मार्ग पर सोमवार दोपहर पराली से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने चाट-पकौड़ी के ठेले में टक्कर मार दी। हादसे में ठेला पलट गया और उस पर रखा सामान सड़क पर बिखर गया। हालांकि, ठेला संचालक बाल-बाल बच गए। असालतपुर जारई निवासी प्रवीण जोशी सोमवार दोपहर करीब एक बजे रोजाना की तरह ठेला लेकर भैंतरी फाटक की ओर जा रहे थे। इसी दौरान चंदौसी की ओर से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ठेले में साइड मार दी। टक्कर से ठेले का काउंटर क्षतिग्रस्त हो गया और खाने-पीने का सामान सड़क पर बिखर गया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। लोगों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली और चालक को रोक लिया। ठेले के नुकसान से प्रवीण को आर्थिक क्षति हुई। समाचार लिखे जाने तक नुकसान की भरपाई को लेकर दोनों पक्षों में बातचीत चल रही थी।

बुराई का अंत: आज होगा भव्य रावण दहन

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की जीत का महान पर्व 'विजयादशमी आज नगर एवं क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर जगह-जगह रामलीला मैदानों, प्रमुख धार्मिक स्थलों और मोहल्ला-कॉलोनियों में रावण के पुतलों का दहन किया जाएगा।


चंदौसी के रामबाग धाम पर तैयार होता रावण का पुतला। –जागरण मोर्चा

विजयादशमी पर्व को लेकर नगर में भव्य तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्य रूप से रामबाग धाम, सीता आश्रम, मौलागढ़, बड़ा महादेव मंदिर परिसर सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर रावण, कुंभकरण और मेघनाद के विशालकाय पुतलों का दहन किया जाएगा। शाम होते ही इन स्थानों पर भव्य मेले जैसा माहौल रहेगा और प्रभु श्रीराम द्वारा रावण का वध होते ही आतिशबाजी के साथ रावण के पुतले धू-धू कर जल उठेंगे।

विजयादशमी पर्व का उत्साह केवल बड़ों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि नन्हे-मुन्ने बच्चों में भी इसको लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। गली-मोहल्लों में बच्चों ने आपस में चंदा एकत्र करके स्वयं रावण के छोटे-छोटे पुतले तैयार किए हैं। शाम को मोहल्लों में नन्हे-मुन्ने बच्चे प्रभु राम, लक्ष्मण, माता सीता और श्री हनुमान जी के स्वरूप में सज-धज कर निकलेंगे और अपने-अपने गली-मोहल्लों में विधि-विधान व जयकारों के साथ रावण के पुतले का दहन करेंगे।

कार्रवाई से बचने को युवक ने खुद को मारा ब्लेड

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। नगर के लक्ष्मणगंज पजाया मोहल्ले में एक युवक ने पत्नी पर चाकू से हमला करने और पुलिस पर सुनवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। वहीं, पुलिस ने युवक के आरोपों को खारिज करते हुए उसके खुद को ब्लेड से घायल करने की बात कही है। पुलिस के अनुसार, युवक नशे का आदी है और पत्नी की शिकायत पर कार्रवाई से बचने के लिए उसने यह कदम उठाया।

मोहल्ला लक्ष्मणगंज पजाया निवासी गुड्डू पुत्र शाकीर रविवार देर रात घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। उसने आरोप लगाया कि किसी बात को लेकर पत्नी से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद पत्नी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संत कुमार ने बताया कि युवक नशे का आदी है और आए दिन पत्नी के साथ मारपीट करता है। दो दिन पहले भी उसने नशे की हालत में पत्नी को पीटकर घायल कर दिया था। इस मामले में पत्नी ने कोतवाली में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी।

प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, पत्नी की शिकायत पर कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए युवक ने खुद को ब्लेड से घायल किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बंद मकान से छह लाख की चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव जनैटा में सोमवार को बेखौफ चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित के अनुसार चोरी की इस घटना में करीब 6 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार, गांव जनैटा निवासी बबलू पुत्र जाकिर चंदौसी स्थित एक क्लीनिक पर काम करते हैं। दो दिन पूर्व उनके माता-पिता एक रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने संभल गए थे। सोमवार सुबह बबलू की पत्नी मायके चली गईं, जिसके बाद बबलू भी घर पर ताला लगाकर रोजाना की तरह चंदौसी क्लीनिक चले गए। शाम को जब बबलू घर लौटे, तो मकान का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। चोर मकान के पिछले हिस्से से जीने के रास्ते अंदर दाखिल हुए थे और तीन कमरों के ताले तोड़ डाले। चोरों ने कमरों में रखी सेफ और संदूक के ताले तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के कीमती आभूषण तथा दो लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली और मौके से फरार हो गए। बबलू के भाई अब्दुल कादिर ने बताया कि घटना के समय घर पर कोई नहीं था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित परिवार ने बताया कि नकदी व जेवरात मिलाकर कुल 6 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। दिनदहाड़े हुई चोरी की इस घटना से गांव में हड़कंप मच गया है।


चंदौसी के गांव जनैटा में चोरी के बाद बिखरा पड़ा समान। –जागरण मोर्चा


चंदौसी के गांव गुमथल में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। –जागरण मोर्चा

गुमथल में श्रद्धा के साथ मनाई गई महानवमी, हुआ हवन और प्रसाद वितरण

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। क्षेत्र के गांव गुमथल में सोमवार को शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान घरों और मंदिरों में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। पूजा के उपरांत कन्या पूजन और प्रसाद का वितरण किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में विवेक शर्मा, विकास शर्मा, इशांत शर्मा, अद्विक शर्मा, श्रेष्ठा शर्मा, अनन्या शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

मोक्षिका शर्मा का जोरदार स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। गौशाला रोड स्थित मोगा फैमिली रेस्टोरेंट में ब्राह्मण शक्ति संघ की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष संभल मोक्षिका शर्मा का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

ब्राह्मण शक्ति संघ से जुड़ी महिला कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर संगठन के पदाधिकारियों ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। बैठक के दौरान संगठन के सभी पदाधिकारियों ने मोक्षिका शर्मा को पटका पहनाकर और माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।


चंदौसी में मोक्षिका शर्मा का स्वागत करते ब्राह्मण शक्ति संघ के पदाधिकारी।

संगठन के सदस्यों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मोक्षिका शर्मा को आश्वस्त किया कि ब्राह्मण शक्ति संघ हर परिस्थिति में उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। स्वागत करने वाले प्रमुख लोगों में बनवारी लाल पाठक, मुकेश गौड़, विवेक मिश्रा, सचिन शर्मा, बृजेश शर्मा, संगीता शर्मा, आशा गोस्वामी, रिंकी मिश्रा, सौरभ शर्मा, राजीव मिश्रा, अमोल शर्मा, विनीत शर्मा, ओम शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा, अवनीश मोहन शर्मा, सचिन मिश्रा, विवेक शर्मा गुमथल, अविरल शर्मा, विभोर भारद्वाज, अभिषेक पाराशरी, पराग शर्मा और उमाकांत शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

महिला से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

चंदौसी। बनियाठेर थाना पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने महिला से छेड़छाड़, मारपीट और अश्लील फब्तियां कसने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़िता ने मिशन शक्ति केंद्र पर तहरीर देकर बताया कि 17 अक्टूबर की शाम वह खेत पर काम कर रही थी। इसी दौरान गुमथल निवासी पवन पुत्र ओमकार ने उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान अश्लील फब्तियां कसने के मामले में बीएनएस की धारा 296 भी बढ़ाई गई। मिशन शक्ति टीम प्रभारी उपनिरीक्षक धनवीर सिंह ने टीम के साथ जांच की। इसके बाद पुलिस ने आरोपी पवन को उसके गांव गुमथल से गिरफ्तार कर लिया।

शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। शहर के आवास विकास कॉलोनी स्थित एमआईजी के सोमवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब एक घर के बिजली बोर्ड में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। गनीमत यह रही कि समय रहते सूझबूझ से काम लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

एमआईजी निवासी राकेश कुमार अग्रवाल के घर पर शाम करीब चार बजे अचानक बिजली के बोर्ड से चिंगारियां निकलने लगीं और देखते ही देखते आग लग गई। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य घर के अंदर ही मौजूद थे। अचानक आग लगने से घर में अफरा-तफरी मच गई और परिवार के लोग जान बचाकर तुरंत घर से बाहर भागे। बाहर निकलते ही परिजनों ने समझदारी दिखाते हुए सबसे पहले घर की एमसीबी को गिरा दिया, जिससे बिजली की आपूर्ति बंद हो गई और आग अधिक नहीं फैल पाई। घर से धुआं और लपटें उठता देख आसपास के लोग तुरंत मौके पर एकत्र हो गए। मोहल्लेवासियों ने रेता और फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। घटना की सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी गई थी, लेकिन स्थानीय लोगों और पड़ोसियों द्वारा समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिए जाने के कारण, सूचना मिलने पर आ रही दोनों फायर ब्रिगेड की गाड़ियां रास्ते से ही वापस लौट गईं। इस दुर्घटना में किसी प्रकार के बड़े नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन समय पर मदद मिलने से एक बड़ा हादसा टल गया।

श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई महानवमी, मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र का पर्व पूरी आस्था, हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। नवरात्र की नवमी तिथि यानी सोमवार को श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रातःकाल से ही नगर के प्रमुख मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। मौलागढ़ स्थित श्री सिद्धिदात्री नव दुर्गा मंदिर, प्राचीन देवी मंदिर, श्री देवी गंगा मंदिर और श्री पूर्णागिरी नवदुर्गा मंदिर सहित सभी प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। भक्तों ने मां भगवती को नारियल, चुनरी, फल, फूल और मिष्ठान अर्पित कर परिवार के अच्छे स्वास्थ्य, आरोग्य और मंगल की कामना की। पूरे दिन मंदिरों और घरों में भजन-कीर्तन, दुर्गा सप्तशती के पाठ तथा हवन-यज्ञ के आयोजनों से संपूर्ण क्षेत्र मां के जयकारों से गुंजायमान रहा, जिससे पूरा वातावरण पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। इसके साथ ही जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा कन्या पूजन का आयोजन भी किया गया। त्योहार के दौरान उमड़ने वाली भारी भीड़ के मद्देनजर शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दिया। प्रमुख मंदिरों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा, जिससे श्रद्धालुओं को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से माता के दर्शन प्राप्त हुए।


चंदौसी के रामबाग धाम पर हवन में आहुति देते श्रद्धालु। –जागरण मोर्चा

श्री रामबाग धाम में शारदीय नवरात्र पर नौ दिवसीय हवन एवं पूर्णाहुति संपन्न

चंदौसी। नगर के प्रसिद्ध श्री रामबाग धाम पर स्थापित यज्ञशाला में शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर चल रहा नौ दिवसीय देवी हवन आज दुर्गा नवमी के दिन भव्य पूर्ण आहुति के साथ संपन्न हो गया। श्री रामबाग धाम पर शारदीय एवं चैत्र नवरात्रों के दौरान नौ दिवसीय दुर्गा सप्तशती के मंत्रोच्चार के साथ देवी हवन करने की प्राचीन परंपरा रही है। इस परंपरा का निर्वहन करते हुए इस बार भी यज्ञशाला में आचार्य अखिलेश शास्त्री के सान्निध्य में वैदिक रीति-रिवाजों और संस्कृत मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न कराया गया। अनुष्ठान के दौरान विभिन्न युगल दंपतियों ने यजमान के रूप में भाग लेकर पूर्ण निष्ठा के साथ आहुतियां समर्पित कीं और मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना की। इस नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में नगर के कई गणमान्य दंपतियों एवं श्रद्धालुओं ने यजमान के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर महेंद्र पाल वार्ष्णेय, ऊषा वार्ष्णेय, रजनीश गुप्ता, त्रिवंकल गुप्ता, यशपाल, कांति देवी, यश गुप्ता, शालिनी वार्ष्णेय, अरुण कुमार सोनू, तृप्ति वार्ष्णेय, राजन वार्ष्णेय, विनय अग्रवाल, सुप्रिया अग्रवाल, विमल वार्ष्णेय, उषा रानी, विष्णु गोपाल, कुमकुम वार्ष्णेय, अंकुर वार्ष्णेय, वंदना वार्ष्णेय, पूर्ण आहुति के उपरांत उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की प्रार्थना की, जिसके पश्चात प्रसाद वितरण के साथ अनुष्ठान का समापन हुआ।

नगर में नवरात्र की धूम, विधि-विधान से चरण धोकर कन्याओं को लगाया भोग

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। शारदीय नवरात्र की नवमी के पावन अवसर पर नगर में कन्या पूजन का पर्व पूरी आस्था, भक्तिभाव और उत्साह के साथ मनाया गया। मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की आराधना के उपरांत श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में नन्हीं कन्याओं को साक्षात माता रानी का रूप मानकर उनका विधि-विधान से पूजन किया। सोमवार सुबह से ही शहर की गलियों और मोहल्लों में नन्हीं-मुन्नी बालिकाओं की विशेष चहल-पहल देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने पूरे सम्मान के साथ कन्याओं को अपने घर आमंत्रित किया। इसके बाद विधि-विधान से कन्याओं के चरण धोए गए और रोली-अक्षत का टीका लगाकर कलावा बांधा गया। पूरी श्रद्धा के साथ उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कई स्थानों पर कन्याओं के साथ लंगूर भैरव रूपी छोटे बालकों का भी पूजन किया गया। पूजन के उपरांत बालिकाओं को प्रेम और उल्लास के साथ पारंपरिक भोग हलवा, पूरी और काले चने का विशेष प्रसाद परोसा गया। भोजन के पश्चात सभी कन्याओं को लाल चुनरी ओढ़ाई गई तथा उनकी विदाई के समय उपहार, खिलौने और दक्षिणा भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया गया।


चंदौसी में कन्या पूजन करता परिवार। –जागरण मोर्चा

कौन करेगा 'रिजीम चेंज'

'तख्तापलट' लोकतंत्र की भाषा नहीं है। जनमत के जरिए सत्ताएं बाहर होती रही हैं और जनादेश प्राप्त दल या गठबंधन सत्तारूढ़ होते रहे हैं। भारत एक संप्रभु, गणतांत्रिक, लोकतांत्रिक, संवैधानिक राष्ट्र है। भारत में आज तक तख्तापलट नहीं किया जा सका। देश में सत्ता का हस्तांतरण एकदम सहज और सरल भाव के साथ हो जाता है। हम अब किसी मुगल बादशाह की सल्तनत का देश नहीं हैं। भारत बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका भी नहीं है और कभी हो भी नहीं सकता। इन देशों में एक निश्चित भीड़ ने विद्रोह किया और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोडऩा पड़ा। बांग्लादेश में तो 6 बार तख्तापलट किए जा चुके हैं। फिर भी इन देशों में नई सत्ता चुनाव के जरिए ही स्थापित हो पाई। हमारे देश में जो हुड़दंगी बांग्लादेश के 'कट्टरपंथी विद्रोह' से प्रेरित हैं, वे मुगालते में हैं और कठपुतलियों की तरह सक्रिय हैं। वे भारतीय सत्ता का 'तिनका' भी नहीं तोड़ सकते। भारत में 1977 से पहले कांग्रेस ही सत्ता में रहती थी, बेशक उसके टुकड़े होते रहते थे। आपातकाल के बाद 1977 में चुनाव हुए, तो पहली बार गैर-कांग्रेसी, जनता पार्टी की, सरकार बनी और मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने। तब वाकई 'रिजीम चेंज', यानी व्यवस्था-परिवर्तन, हुआ था, क्योंकि जनता पार्टी की सरकार मानसिक, वैचारिक, कार्य-प्रणाली के तौर पर भी गैर-कांग्रेसी थी, लिहाजा भारत सरकार में कई स्तरों पर व्यवस्थाएं बदली गईं। हालांकि वह राजनीतिक प्रयोग, अंतत:, नाकाम साबित हुआ। उसने निराश किया, वह विभाजित हो गया, अंतत: 1980 में इंदिरा गांधी सरकार की वापसी हुई। आपातकाल के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जयप्रकाश नारायण और मोरारजी देसाई सरीखे नेताओं को 'सीआईए एजेंट' तक करार दिया था। राममनोहर लोहिया और तत्कालीन जनसंघ के नेता नारे लगाया करते थे-'सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।' बहरहाल मौजूदा संदर्भ में प्रख्यात अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने बार-बार दोहरा कर बयान दिया है कि यह 'रिजीम चेंज', सत्ता-परिवर्तन की, लड़ाई है। हम युवाओं के नेतृत्व में 'रिजीम चेंज' करके रहेंगे। उन्होंने ऐसे ही नारे 'अन्ना आंदोलन' के दौरान भी लगाए थे। बेशक आम आदमी पार्टी की सरकार बनी, लेकिन प्रशांत सरीखों को बाहर खदेड़ दिया गया। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा का मानना है कि आपातकाल के बाद 'रिजीम चेंज' हुई थी। यह विपक्ष का ही दायित्व है कि वह चुनाव के जरिए सत्ता-परिवर्तन कराए। दावे और नारे कुछ उलझ रहे हैं। सत्ता और व्यवस्था-परिवर्तन में भेद नहीं किया जा रहा और भीड़ 'मोदी की सत्ता' को उखाड़ फेंकने की हुंकारें भर रही है। यदि समूचे विपक्ष की यही रणनीति है कि राजधानी दिल्ली और कुछ अन्य प्रमुख शहरों में भीड़ जुटा कर अराजकता फैलाई जाए, तो 2027 में ही उप्र, पंजाब समेत पांच राज्यों में चुनाव होने हैं। विपक्ष जोर लगाए, लामबंदियां बनाए और सत्ता-परिवर्तन के प्रयास करे। देश उन राज्यों के जनादेश देखना चाहेगा, लेकिन 'रिजीम चेंज' के कोई आसार नहीं हैं। तिलचट्टों और कथित वामपंथी हुड़दंगियों के जरिए भारत जैसे विशाल, विविध देश की सत्ता और व्यवस्था नहीं बदली जा सकती। उसकी 'अरब स्प्रिंग' से तुलना करना भी कुतर्क है। अक्सर शांत और सहज रहने वाले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर गंभीर आरोप मढ़े हैं कि वह अराजकता फैला कर देश में 'आग' लगाना चाहते हैं। उन्हें यह करने का कोई लाइसेंस नहीं मिला है। बहरहाल 'रिजीम चेंज' या सत्ता-परिवर्तन इसलिए भी संभव नहीं है, क्योंकि 2029 तक का जनादेश और भरपूर बहुमत मोदी सरकार को हासिल है। 'वोट चोरी' या मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार से जुड़े मुद्दे 'दीर्घजीवी' नहीं हैं, क्योंकि विपक्ष की मांगें 'असंवैधानिक' हैं। आप सीईसी को 'सनातन खलनायक' करार नहीं दे सकते। बेशक मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण में कई खामियां सामने आई हैं, हम भी 'मताधिकार' की निरंतर पैरवी करते रहे हैं, लेकिन अब चुनाव आयोग 'विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण' (एसएसआर) के जरिए 17 राज्यों में गलतियां सुधार रहा है।

क्षेत्रीय विरोध के बावजूद विस्तार पाती हिंदी



बांग्ला संस्कृति समन्वय के सूत्रों को कहीं पीछे छोड़ती नजर आने लगी है। यदि ऐसा नहीं होता तो कोलकाता नगर निगम के उस पोस्टर पर विवाद नहीं होता, जिसमें बांग्ला और हिंदी भाषा के शब्दों का अनूठा और कलात्मक संगम था। बांग्ला संस्कृति के प्रतीक पर्व दुर्गा पूजा के दौर में भाषायी सौंदर्य और कला के अनूठे मेल पर राजनीति ने जब प्रश्न उठाया, तो कोलकाता नगर निगम ने अपना पोस्टर ही वापस ले लिया। जिस पोस्टर पर विवाद हुआ, उसके बारे में जानना जरूरी है कि आखिर क्यों उससे तृणमूल कांग्रेस परेशान हो गयी। दरअसल, दुर्गा पूजा के दौरान 10 से 21 अक्तूबर तक कोलकाता नगर निगम ने देश की पूर्व राजधानी वाले शहर में चलाये जा रहे सफाई अभियान के लिए एक विशेष पोस्टर जारी किया था, जिसमें लिखा था, 'मायेर कोरबो स्वच्छता से स्वागत।' यानी मां दुर्गा का स्वागत स्वच्छता से करेंगे। पोस्टर के अकेले वाक्य में बांग्ला और हिंदी शब्दों का अनूठा मेल पेश किया गया। विज्ञापन की भाषा की जिन्हें समझ है, उन्हें पता है कि बांग्ला और हिंदी के इस अनूठे मेल के जरिये जो संदेश दिया गया, वह कितना प्रभावी रहा। पर तृणमूल कांग्रेस को इस वाक्य के तीन शब्द- 'स्वच्छता से स्वागत'- बंगाल में हिंदी थोपने का षड्यंत्र नजर आने लगा। वैसे भी राज्य में भाजपा की सरकार है। भाजपा की पहचान हिंदुत्व और हिंदी को लेकर रही है। इसलिए तृणमूल के लिए यह आरोप लगाना और उसे भाजपा के हिंदी वर्चस्ववाद के छद्म नैरेटिव से जोड़ना आसान रहा। पर कोलकाता नगर निगम ने राजनीति से किनारा करना उचित समझा और उसे बदलने में देर नहीं लगायी। पोस्टर के वाक्य को पूरी तरह बांग्ला कर दिया- 'स्वच्छतार साथे, मां के स्वागत जानाई।' बांग्ला के इस वाक्य का भाव वही है, जो पहले का था। अफसोस कि राजनीति के कारण भाषायी मेल का अनूठापन गायब हो गया। दरअसल, भारतीय राष्ट्रीयता के अंतर्गत कई उपराष्ट्रीयताएं भी हैं, जिसे हम क्षेत्रीय अस्मिताओं के नाम से भी जानते हैं। भारतीय राष्ट्रीयता का मूल स्वर हिंदी के जरिये उद्घाटित होता है। जिसे हम हिंदी हार्टलैंड या हृदय प्रदेश कहते हैं, वहां राष्ट्रीयता पर अपवाद स्वरूप ही प्रश्न उठते हैं। पर उपराष्ट्रीयताएं अक्सर हिंदी पर हमले के बहाने राष्ट्रीयता को प्रकारांतर से चुनौती देती रहती हैं। दिलचस्प यह है कि जिस भाषा ने करीब दो सौ वर्ष तक देश को गुलाम बनाये रखा, उसे अपनाने में उपराष्ट्रीयताएं गर्व समझती हैं। तृणमूल कांग्रेस को यह जानना चाहिए कि आर्य समाज के प्रमुख ग्रंथ 'सत्यार्थ प्रकाश' को हिंदी में लिखने के लिए बांग्ला माटी के सपूत केशवचंद्र सेन ने स्वामी दयानंद सरस्वती को प्रेरित किया था। भावी भारत की संपर्क या राष्ट्रभाषा बनने की क्षमता हिंदी में देखने वाले प्राथमिक लोगों में केशवचंद्र सेन भी रहे। कांग्रेस का अध्यक्ष बनने के बाद बंगाल की माटी के क्रांतिकारी सपूत सुभाष चंद्र बोस ने न केवल हिंदी सीखने के लिए शिक्षक रखा था, बल्कि उन्होंने कोलकाता नगर निगम के अध्यक्ष के नाते पिछली सदी के तीस के दशक में हिंदी को लेकर अर्थपूर्ण भाषण भी दिया था। हिंदी पर प्रश्न कभी-कभी कर्नाटक में भी उठता है और किंचित महाराष्ट्र में भी। पर हिंदी को स्वाधीनता से पहले से ही सबसे बड़ी चुनौती तमिलनाडु में मिलती रही है। हाल ही में तमिलनाडु के करूर और कोयंबटूर के सरकारी अस्पतालों में मरीजों को दी जाने वाली दवाओं के पर्चे के कवर पर तमिल और अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी में भी निर्देश छापे गये थे। जिस पर द्रमुक नेता टीआरबी राजा ने प्रश्न उठाया कि क्या तमिलनाडु में चुपचाप 'तीन भाषा नीति' लागू की जा चुकी है। जब विवाद बढ़ा, तो दोनों सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों ने मरीजों को दिये जाने वाले त्रिभाषी कवर का वितरण तत्काल रोक दिया और उसकी जगह तमिल व अंग्रेजी लिखी पर्चियां जारी कर दीं। तमिलनाडु में हाल ही में राजमार्ग के साइन बोर्ड पर हिंदी लिखे जाने को लेकर भी विवाद खड़ा किया गया। राज्य के तूतीकोरिन जिले के सत्तानकुलम-नाजरेथ राज्य राजमार्ग 93 पर हिंदी में जगहों का नाम लिखा जाना वहां की विपक्षी राजनीति को रास नहीं आया। जब विवाद बढ़ा, तो दो सहायक इंजीनियरों भूमिनाथन और मुथु लक्ष्मी को निलंबित कर दिया गया और साइन बोर्ड से तत्काल हिंदी नामों को मिटा दिया गया। राजनीति के चलते भले ही कोलकाता नगर निगम और तमिलनाडु सरकार झुक गये हों, पर देश की सहज संपर्क भाषा को चुनौती समझने वाले इन राज्यों की राजनीति को समझना होगा कि उनके विरोध के बावजूद हिंदी स्वयं बढ़ रही है। कोलकाता में पोस्टर तैयार करने वाले दिमाग और हाथों को हिंदी के प्रयोग के जरिये भाषायी चमत्कार करना कलात्मक लगता है, तो यह हिंदी की ही जीत है। तमिलनाडु के वे इंजीनियर भी बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने लीक पर चलने की बजाय राजमार्ग के पास के शहरों और कस्बों के नामों को देवनागरी में लिखना उचित समझा। उनकी नजर में हिंदी कोई चुनौती नहीं, भारतीय अभिव्यक्ति का विस्तार है।

देश में एआई जवाबदेही का निर्णायक समय



भारत ने एआई के नियमन के लिए अपना रास्ता चुन लिया है। यूरोपीय मॉडल की तर्ज पर एआई के लिए अलग से कानून बनाने के बजाय देश मौजूदा कानूनों, विभिन्न क्षेत्रों के नियामकों और तकनीकी सुरक्षा उपायों के जरिये एआई का नियमन कर रहा है। हालांकि, जवाबदेही को केंद्र में रखे बिना कोई भी नियामक व्यवस्था अधूरी है। इस दिशा में अब तक हुई प्रगति इस तरह है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा नवंबर, 2025 में प्रकाशित एआई शासन संबंधी मार्गदर्शिका में नवाचार को प्रोत्साहित करने वाली रूपरेखा पेश की गयी है, जो सात नैतिक सिद्धांतों और छह शासन स्तंभों पर आधारित है। फिर 10 फरवरी, 2026 को मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में संशोधनों को अधिसूचित किया, जो 20 फरवरी से प्रभावी हुए। इनके तहत एआई से तैयार पाठ, चित्र, ध्वनि और वीडियो को भी मध्यस्थों के समुचित सावधानी बरतने संबंधी दायित्वों के दायरे में लाया गया है। अब एआई से तैयार या उसमें बदलाव कर बनायी गयी विषयवस्तु पर स्पष्ट लेबल लगाना या उसके मूल स्रोत की पहचान करने वाला मेटाडाटा उपलब्ध कराना अनिवार्य है। रिजर्व बैंक ने अगस्त, 2025 में स्वतंत्र एआई समिति की रिपोर्ट जारी की, तो सेबी ने प्रतिभूति बाजारों में एआई व मशीन लर्निंग के जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रस्तावित दिशानिर्देशों पर परामर्श पत्र जारी किया।

ये महत्वपूर्ण कदम हैं और इनका उद्देश्य यह पता लगाना है कि कोई वीडियो कृत्रिम रूप से तैयार किया गया था या नहीं, उस पर जरूरी लेबल लगा था या नहीं और उसे समय रहते हटाया गया या नहीं। पर ये उस सवाल का जवाब नहीं देते, जो एआई प्रणाली से नुकसान उठाने वाला हर व्यक्ति पूछेगा : जब कोई एआई प्रणाली मेरा ऋण आवेदन खारिज कर दे, मेरे बैंक खाते से सारी रकम निकाल ले या मेरे चिकित्सा उपचार के बारे में गलत दिशा में निर्णय ले, तो क्षति की भरपाई कौन करेगा? इस खामी के नतीजे दिखने लगे हैं। देश में अभी तक एआई से संबंधित प्रवर्तन कार्रवाइयों की संख्या उल्लेखनीय नहीं रही है। पर हमें मामलों की अनुपस्थिति को नुकसान की अनुपस्थिति नहीं समझना चाहिए।

आज किसी पीड़ित को अपना दावा पेश करने के लिए अपकृत्य कानून, भारतीय संविदा अधिनियम, 1872, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 और डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण अधिनियम, 2023 का सहारा लेना पड़ता है। ये कानून ऐसे मानवीय कर्ताओं को ध्यान में रखकर बनाये गये थे, जिनकी मंशा का अनुमान लगाया जा सकता है और जिनकी गलती साबित की जा सकती है। पर यह कर्ता जवाब नहीं दे सकता। इसे अदालत में तलब नहीं किया जा सकता, इससे जिरह नहीं की जा सकती और न क्षति की भरपाई करायी जा सकती है। कानून पहले भी ऐसी समस्या का सामना कर चुका है।

रोमन कानून के तहत दास की निजी संपत्ति के जरिये किये गये लेन-देन के लिए उसके स्वामी के विरुद्ध दावा किया जा सकता था। ब्रिटिश कानून में घातक दुर्घटना के लिए जिम्मेदार वस्तु को जब्त किया जाता था। वर्ष 1846 में इसकी जगह वैधानिक मुआवजे की व्यवस्था लागू हुई। इनमें से किसी भी मामले में कानून ने यह तय करने की प्रतीक्षा नहीं की कि कार्रवाई करने वाला पक्ष कानूनी अर्थों में व्यक्ति है या नहीं। इसके बजाय, जिम्मेदारी उस पक्ष पर तय की गयी, जिसका उस कर्ता पर नियंत्रण था। यही तर्क एआई पर भी लागू होना चाहिए। इसलिए, मैं भारत के विचारार्थ चार सिद्धांत प्रस्तावित करता हूं। पहला, जिस पक्ष का नुकसान होने के समय एआई प्रणाली पर सबसे निकट और प्रभावी नियंत्रण हो, उसे पीड़ित के दावे का जवाब देना चाहिए। इसके बाद विकासकर्ताओं, एआई प्रणालियों को अपने कार्यों में लागू करने वाले पक्षों और उनका संचालन करने वालों के बीच जिम्मेदारी का बंटवारा उनकी भूमिका, नियंत्रण, संभावित नुकसान का पूर्वानुमान लगाने की क्षमता और व्यावसायिक लाभ के आधार पर तय होना चाहिए। दूसरा, व्यापक प्रभाव डालने वाली एआई प्रणालियों को अपने कार्यों में लागू करने वाले पक्षों पर कठोर और गैर-हस्तांतरणीय जिम्मेदारी होनी चाहिए। तीसरा, सीमित परिस्थितियों में संयुक्त एवं पृथक दायित्व। इसका प्रावधान उन्हीं परिस्थितियों में लागू होना चाहिए, जब मुख्य रूप से जिम्मेदार पक्ष दिवालिया हो या निर्धारित दावे का भुगतान करने में असमर्थ हो।चौथा, संपूर्ण जीवनचक्र में जवाबदेही। जवाबदेही किसी एआई प्रणाली के पूरे जीवनचक्र में लागू होनी चाहिए। इसमें उस प्रणाली को बंद करना या उसका उपयोग समाप्त करना भी शामिल है। जिन एआई सेवाओं पर लोग निर्भर हैं, उनके बंद करने की स्थिति में संबंधित पक्षों पर समय रहते सूचना देने, सेवाओं से जुड़े डाटा को दूसरे स्थान पर ले जाने की सुविधा देने और सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने जैसे दायित्व भी होने चाहिए। हालांकि, केवल राष्ट्रीय स्तर पर कार्रवाई करना काफी नहीं होगा। यूरोपीय आयोग ने 2025 में प्रस्तावित एआई दायित्व निर्देश को वापस ले लिया। ऐसे में, दुनिया की सबसे विस्तृत एआई नियामक व्यवस्था में भी दायित्व तय करने के लिए समर्पित कानूनी ढांचा नहीं रह गया। इस बीच स्थिति यह है कि एआई प्रणालियों का निर्माण एक देश में होता है, उन्हें दर्जनों देशों के डाटा पर प्रशिक्षित किया जाता है, किसी अन्य देश के सर्वर से संचालित किया जाता है और उनसे नुकसान दुनिया के किसी भी हिस्से में हो सकता है, जहां उनके उपयोगकर्ता मौजूद हों।

हर साल जलता हूँ, फिर भी पलता हूँ

प्रभु श्रीराम! सुनो पुकार, क्यों सहूँ मैं अग्नि की मार?
हर साल मुझे जलाते हो, फिर अगले साल बुलाते हो!
मैं रावण हूँ और दशानन हूँ, अपने युग का मैं दर्पण हूँ।
कहते हो, मैं पापी हूँ, लेकिन आज भी क्यों व्यापी हूँ?

मेरे दस सिर अहंकार के, सिर लोभ व भ्रष्टाचार के थे।
परंतु आज सिरों की गिनती नहीं, पापों की सीमा नहीं!
मैंने सीता का हरण किया, अपने कुल का पतन किया,
आज इंसान ही इंसान को, लोभ में बेच रहा ईमान को।

मेरे भीतर अहंकार था, लेकिन ज्ञान का भी भंडार था,
आज ज्ञान की बातें करनेवाले, मुखौटे हैं पहनने वाले!
मैं लंका का राजा कहलाया, सोने का साम्राज्य बनाया,
आज बिना सोने की लंका के, बहुत रावण हैं सत्ता के!



संजय एम तराणेकर, (कवि, लेखक व समीक्षक)

सियासत का खानदानी चरित्र

हिमाचल में सियासत का चरित्र खानदानी रहा है और इसे प्रमाणित करते कई विधायक आज भी शिरकत कर रहे हैं। वर्तमान विधानसभा में भी करीब तेरह विधायक इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं, जबकि लोकसभा के प्रतिनिधित्व में अनुराग ठाकुर का कद इसी परिभाषा को सुदृढ़ कर रहा है। इस समय चर्चाओं के शिखर पर मंडी के विधायक अनिल शर्मा हैं, क्योंकि उनके साथ पंडित सुख राम की राजनीतिक विरासत जोड़ कर देखी जा रही है। वह पल में भाजपा को माशा करके खुद में तोला तौल लेते हैं। यानी कि सियासत के गरबा नृत्य में वह गोल-गोल घूम कर ऐसे बयान दाग रहे हैं, जिससे भाजपा के अनुशासन के बाहर असमंजस हैं। ऐसे सवाल यही कि क्या अनिल शर्मा पुनः खानदानी विरासत के पलड़े पर बैठ कर दूसरे पलड़े में छलांग लगा कर अपना वजन तय करेंगे और क्या नया भार उन्हें नई पार्टी में मिलेगा। खैर यह उनके लिए ऐसी स्थिति है जो सियासी पैमाने से ऊपर और खानदानी रिवायत के करीब है। हिमाचल के राजनीतिक अध्याय पुत्रों, बेटियों और बीवियों के महत्त्व का श्रृंगार करते-करते आज गढ़ बन चुके हैं, तो इसलिए कि पार्टियों में आम कार्यकर्ताओं को पीछे की पांत में बैठाया जाता है। प्रमुखतः दो ही पार्टियों के बीच झूलते समीकरण यह इजाजत नहीं देते कि किसी तीसरे मोर्चे का घर आंगन देखा जाए। हर चुनाव में कोशिश होती है। कुछ नेताओं ने सफलतापूर्वक कुछ कदम उठाए भी, लेकिन बदलाव की ईंटें पिघल गईं। पंडित सुखराम के अलावा विजय सिंह मनकोटिया की आवाज में यह जादू रहा कि तीसरे मंच पर सियासत कुछ हद तक एकत्रित हुई, वरना वंशवाद की पहचान में कांग्रेस ने अपनी परंपराओं को पार्टी बना दिया। इसी विधानसभा में विक्रमादित्य सिंह, आरएस बाली, आशीष बुटेल, भवानी पठानिया, अनिल शर्मा, हर्षवर्धन, सुधीर शर्मा, विनय कुमार, रोहित ठाकुर, विनोद सुल्तानपुरी, विवेक शर्मा, भुवनेश्वर गौड़ और कमलेश ठाकुर की मौजूदगी से वंशवाद का नारा बुलंद होता है। कुछ नए चेहरे या कुछ स्थापित नेताओं की सेवानिवृत्ति अपने ही घर के चिराग के नीचे होगी, तो हमें याद करना होगा कि चंद्र कुमार का आशीर्वाद नीरज भारती की दलील देगा और धनी राम शांडिल बड़े अरमानों से अपने बेटे कर्नल शांडिल को आगे कर रहे हैं। पूर्व विधायक ठाकुर सिंह भरमौरी भी चाहते हैं कि पार्टी का अगला टिकट उनके परिवार के संरक्षण में रहे। ऐसे में सियासत इस समय ऐसे दौर में जा रही जहां माप तौल की फितरत में कुछ खानदान दबाव बढ़ा कर वजूद की निशानियां खोज रहे हैं या राजनीतिक मसौदे बदलकर कहीं न कहीं कूदने की तैयारी कर रहे हैं। शांता कुमार सरीखे पूर्व मुख्यमंत्री ही अपवाद है जिन्होंने अपनी वसीयत में राजनीति को नहीं बांटा, वरना अब तो पंचायत चुनाव भी वंशवाद की परंपराओं से चल रहे हैं। पति के बाद पत्नी और पत्नी के बाद पति को प्रधान बनाने के सिलसिले आम हैं या कहीं डमी पत्नी के पीछे पतियों का ही साम्राज्य चल रहा है। बेशक राजनीति में प्रभुत्व और सत्ता की असीम शक्तियों की आस में कुछ युवा स्थानीय निकाय चुनावों की दिशा में अग्रसर हैं, फिर भी प्रदेश की समग्रता में वंशवाद के नारे तथा विरासत के चिन्ह स्पष्ट हो रहे हैं। कुछ परिवारों ने ऐसी किलेबंदी कर रखी है कि सामाजिक न्याय की भूमिका में कुछ क्षेत्र पिछड़ रहे हैं।

रावण का पुतला जलता है, रावण नहीं



रवि शंकर शर्मा

दशहरा हर वर्ष आता है। रावण के विशाल पुतले खड़े किए जाते हैं, उनका दहन होता है, आतिशबाजी होती है और हम पूरे उत्साह के साथ बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव मनाते हैं। कुछ क्षणों के लिए ऐसा लगता है मानो रावण सचमुच मर गया हो और उसके साथ अहंकार, लोभ, वासना, हिंसा और अन्याय का भी अंत हो गया हो। लेकिन क्या वास्तव में ऐसा होता है ? यदि रावण मर गया होता तो फिर हर वर्ष उसे नए रूप में जन्म लेने की आवश्यकता क्यों पड़ती ? क्यों किसी निर्बल की आवाज़ दबाई जाती है, क्यों किसी गरीब का अधिकार छीना जाता है, क्यों सत्य को सत्ता और स्वार्थ के सामने झुकना पड़ता है और क्यों अन्याय को देखकर भी समाज का बड़ा हिस्सा मौन रहता है ? दरअसल रावण किसी मैदान में खड़ा वह पुतला नहीं है, जिसे कुछ मिनटों की आग में जलाया जा सके। रावण एक मानसिकता है। वह मनुष्य के भीतर मौजूद लोभ, लालच, अहंकार, स्वार्थ, वासना और हिंसा का नाम है। उसका वास्तविक निवास किसी लंका में नहीं, बल्कि हमारे अपने व्यवहार और सोच में है। रावण के प्राण किसी अमृत-कुंड में नहीं पलते। वे उस समय मजबूत होते हैं, जब मनुष्य के भीतर से संवेदना समाप्त होने लगती है। जब स्वार्थ मानवता पर भारी पड़ता है, जब धन और पद सत्य से अधिक महत्वपूर्ण हो जाते हैं, जब शक्ति का अर्थ दूसरों को दबाना समझ लिया जाता है और जब अन्याय के सामने खड़े होने के बजाय हम अपनी सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं, तभी रावण को जीवन मिलता है। विडंबना यह है कि हम अत्याचार पर दुख जताते हैं, लेकिन कई बार उसी व्यवस्था और उसी शक्ति को अपनी चुप्पी से मजबूत भी करते हैं। हम अन्याय की आलोचना तो करते हैं, पर उसके विरुद्ध खड़े होने का जोखिम नहीं उठाते। हम व्यवस्था की खामियों पर आंसू बहाते हैं, लेकिन जब अपने हित की बात आती है तो उन्हीं खामियों के साथ समझौता कर लेते हैं। यही विरोधाभास रावण को बार-बार जन्म देता है। आज रावण केवल राजा या अत्याचारी के रूप में सामने नहीं आता। वह कभी सत्ता के अहंकार में दिखाई देता है, कभी धर्म और आस्था के मुखौटे के पीछे छिप जाता है, कभी धन और प्रभाव की चमक में अपनी पहचान खो देता है और कभी हमारी सामूहिक चुप्पी को अपनी ताकत बना लेता है। वह तब सबसे अधिक शक्तिशाली होता है जब समाज अन्याय को देखकर भी असहाय बने रहने को अपनी नियति मान लेता है। हमारे सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह नहीं है कि रावण का पुतला कितना ऊंचा बनाया गया, बल्कि यह है कि हमारे भीतर का रावण कितना बड़ा हो चुका है। व्यवस्था में भ्रष्टाचार है, लेकिन क्या हम उसे स्वीकार करने के लिए मजबूर हैं ? समाज में हिंसा और नफरत है, लेकिन क्या हम उसके विरुद्ध अपनी आवाज उठा रहे हैं ? कहीं किसी कमजोर के साथ अन्याय हो रहा है, तो क्या हम केवल दर्शक बने हुए हैं ? यदि इन प्रश्नों का उत्तर हमारे पक्ष में नहीं है, तो दशहरा केवल एक रस्म बनकर रह जाता है। राम के बाण तभी सार्थक हैं, जब वे हमारे जीवन में सत्य, न्याय और मर्यादा के प्रतीक बनें। राम का नाम लेना आसान है, लेकिन राम के आदर्शों के अनुरूप आचरण करना कठिन। सत्य के पक्ष में खड़ा होना, अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना, कमजोर के अधिकार की रक्षा करना और अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज के हित में निर्णय लेना ही वास्तविक अर्थों में राम के मार्ग पर चलना है। आज आवश्यकता केवल रावण के पुतले जलाने की नहीं, बल्कि उन परिस्थितियों को बदलने की है जो रावण को जन्म देती हैं। भ्रष्टाचार के विरुद्ध ईमानदारी, नफरत के विरुद्ध प्रेम, अन्याय के विरुद्ध साहस, असत्य के विरुद्ध सत्य और स्वार्थ के विरुद्ध मानवता को खड़ा करना होगा। क्योंकि रावण हर वर्ष इसलिए वापस नहीं आता कि वह अमर है, वह इसलिए लौटता है, क्योंकि हमने उसकी जड़ों को नहीं काटा। पुतला जलने के बाद राख रह जाती है, लेकिन यदि मानसिकता नहीं बदली तो उसी राख से एक नया रावण जन्म ले लेता है। इसलिए दशहरे का वास्तविक अर्थ आतिशबाजी और जयघोष से कहीं आगे है। यह आत्ममंथन का अवसर है, अपने भीतर झांकने का, अपने दोषों को पहचानने का और यह संकल्प लेने का कि हम अन्याय के मौन दर्शक नहीं बनेंगे। इस बार दशहरा मनाते हुए केवल मैदान में खड़े रावण को मत जलाइए। अपने भीतर के अहंकार को जलाइए, स्वार्थ को जलाइए, भ्रष्टाचार को जलाइए और उस डर को जलाइए जो हमें सत्य के पक्ष में खड़े होने से रोकता है। क्योंकि जिस दिन मनुष्य अपने भीतर के रावण को पराजित कर लेगा, उसी दिन दशहरा वास्तव में सार्थक होगा। रावण को मारने के लिए तीर-कमान नहीं, बदलती हुई चेतना चाहिए। पुतला नहीं, मानसिकता जलानी होगी। तभी विजयादशमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि समाज के वास्तविक परिवर्तन का संकल्प बनेगी।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



निज आवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सुनीं जनता की समस्याएं

जन प्रतिनिधी, पार्टी कार्यकर्ता और आम जनता से की मुलाकात

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के दौरान लोहियाहेड स्थित हेलीपैड पर आते व जाते समय क्षेत्रीय जनता की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने विकास कार्यों सहित क्षेत्र की अन्य ज्वलंत समस्याओं के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर जनहित के मामलों को तत्काल निपटाने एवं समस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित किया। रविवार सायं 7:00 हेलीपैड पर उतरते ही पार्टी कार्यकर्ताओं एवं अधिकारियों ने सीएम धामी का पुष्प गुच्छ सौंपकर एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने रेलवे फाटक के समीप पुराने परिचित मूंगफली विक्रेता रवि के ठेले पर मूंगफली का स्वाद लेकर मूंगफली खरीदी और अपने आवास नगरा तराई पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने उनके समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। जिनका सीएम धामी ने अधिकारियों को तत्काल समाधान के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री सोमवार सुबह अपने आवास से देहरादून के लिए रवाना हुए। इस बीच बड़ी संख्या में आम जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात की। इस दौरान कई लोगों ने अपनी लंबित समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें ज्ञापन सौंपे। इनके समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान जिपंअ अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र राणा, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक बत्रा, सतीश गोयल लालू , गौरव सोनकर, पूरन धामी, दर्जा मंत्री रामपाल, मोहनी पोखरिया, रंजीत सिंह नामधारी, संतोष गौरव, रंदीप पोखरिया, भवानी भंडारी अमित पांडे, फरजाना बेगम, सतीश भट्ट, सभासद मुखर्जीत राणा, प्रकाश शर्मा, किशन चंद कुक्कू, जिलाधिकारी नितिन भदौरिया, एसएसपी अजय गणपति, एडीएम कौस्तुभ मिश्रा आदि मौजूद थे।



जन समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। –जागरण मोर्चा



ठेले पर मूंगफली लेते सीएम धामी। –जागरण मोर्चा

एसएसबी सितारगंज में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाई गई दुर्गाष्टमी

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 57वीं वाहिनी सितारगंज में दुर्गाष्टमी का पर्व धूमधाम और श्रद्धा-भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वाहिनी परिसर स्थित मंदिर प्रांगण में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वाहिनी के कमांडेंट श्री गंगा सिंह उदावत की गरिमामयी उपस्थिति में विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों और उनके परिवारजनों ने मां दुर्गा के चरणों में शीश नवाकर सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, शांति और कल्याण की कामना की। नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वाहिनी के अधिकारियों और जवानों ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ भाग लिया। पूजा-अर्चना के दौरान मां दुर्गा से सभी के जीवन में सुख-शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने की प्रार्थना की गई। धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत कन्या पूजन किया गया। इसके बाद कन्याओं को प्रसाद वितरित किया गया तथा भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त कर परिवार और समाज की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर राष्ट्र की सुख-समृद्धि, देश की सुरक्षा और सीमाओं की रक्षा में तैनात सशस्त्र सीमा बल के जवानों के साहस, मनोबल और कर्तव्यनिष्ठा में वृद्धि की प्रार्थना भी की गई। अधिकारियों एवं जवानों ने देश की सीमाओं की सुरक्षा के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा राष्ट्रसेवा के संकल्प को मजबूत बनाए रखने की भावना व्यक्त की। वाहिनी परिसर में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम ने आध्यात्मिक वातावरण के साथ आपसी सद्भाव और भाईचारे का संदेश भी दिया। ऐसे आयोजन बल के कार्मिकों को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़े रहने का अवसर प्रदान करते हैं।



गित्ते को नैनीताल विधानसभा प्रभारी बनाया गया

जागरण मोर्चा कार्यालय

बाजपुर। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए बड़े स्तर पर नियुक्तियाँ शुरू कर दी हैं इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बाजपुर के लोकप्रिय नगर पालिका परिषद बाजपुर अध्यक्ष और कांग्रेस प्रदेश सचिव गुरजीत सिंह गित्ते को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए नैनीताल विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल द्वारा जारी आधिकारिक कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिला, महानगर, विधानसभा और पार्टी के आनुषांगिक संगठनों, विभागों व प्रकोष्ठों में प्रभारी नियुक्त किया जा रहा हैनेतृत्व ने सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने में सहयोग करेंगे लोकप्रिय जन नेता गुरजीत सिंह गित्ते को नैनीताल विधानसभा का प्रभारी बनाए जाने पर बाजपुर सहित पूरे क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह है कार्यकर्ताओं का कहना है कि बतौर नगर पालिका परिषद बाजपुर अध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते की संगठनात्मक क्षमता और लोकप्रियता का लाभ आगामी चुनाव में पार्टी को मिलेगाअपनी नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए गुरजीत सिंह गित्ते ने कहा कि वह पार्टी द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाएंगे और नैनीताल विधानसभा में संगठन को और अधिक गतिशील व मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे।



गुरजीत सिंह गित्ते। –जागरण मोर्चा

नगर की मुख्य रामलीला में हनुमान की वापसी से लेकर रावण अंगद संवाद तक लीला का मंचन

जागरण मोर्चा कार्यालय

रुद्रपुर। नगर की प्रमुख प्राचीन बस स्टैंड वाली रामलीला में रविवार की रात हनुमान की किष्किन्धा वापसी से लेकर कुंभकर्ण वध तक की लीला का सुंदर मंचन हुआ। भक्ति, शरणागत की रक्षा, वीरता और धर्म की विजय के संदेशों से सजे विभिन्न दृश्यों ने दर्शकों को भावविभोर किया। कलाकारों की प्रभावशाली संवाद अदायगी और सशक्त अभिनय ने रामकथा के प्रसंगों को जीवंत बना दिया।लीला की शुरुआत लंका से लौटे पवनपुत्र हनुमान ने प्रभु श्रीरामचन्द्र को माता सीता का समाचार सुनाने से हुई।गहरी नींद में सोए कुंभकर्ण को जगाने का दृश्य प्रस्तुत किया गया। विधायक के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकुमार खानिजो, मनोज गाबा, विजय अरोड़ा, नरेश शर्मा, महावीर आजाद, राकेश सुखीजा, विजय विरमानी समेत अन्य मौजूद थे। राम की भूमिका में मनोज अरोरा,लक्ष्मण की भूमिका में राजकुमार कक्कड़, रावण की भूमिका मे विशाल भुड्डी, हनुमान की भूमिका में सुशील गाबा, गणेश भगवान की भूमिका में आशीष ग्रोवर आशू। विधायक शिव अरोरा ने 10 लाख रुपए से श्री रामलीला मंच पर विकास कार्यों की मंजूरी की घोषणा करते मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा ने कहा कि रामलीला हमारी आस्था, संस्कृति और संस्कारों की अमूल्य धरोहर है।आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी रामकथा के आदर्शों को अपने व्यवहार में अपनाए।



नगर की प्रमुख रामलीला का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि विधायक शिव।

संक्षेप समाचार

एक सप्ताह में पूरा होगा गड्ढा भरो अभियान,एक नवंबर से बनेंगी नई सड़कें: महापौर

रुद्रपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में नगर निगम की ओर से शहर की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में तेजी लाई जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को महापौर विकास शर्मा ने आवास विकास क्षेत्र में पहुंचकर सड़क मरम्मत कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर कार्य की गुणवत्ता परखी और संबंधित ठेकेदारों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महापौर ने स्पष्ट किया कि अभियान के तहत शहर की उन सभी सड़कों को दुरुस्त किया जाएगा, जहां गड्ढों के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि बारिश के कारण सड़क मरम्मत के कार्य प्रभावित हो रहे थे। वर्षा के बाद मौसम अनुकूल होने पर बिटुमिनस सामग्री से सड़क की मरम्मत बेहतर ढंग से हो पाती है। अब अभियान को गति देते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर गड्ढों को भरने का कार्य कराया जा रहा है। आवास विकास के बारात घर जाने वाली सड़क,सुभाष कॉलोनी की मुख्य सड़क,गल्ला मंडी रोड समेत अन्य सड़कों का भी मरम्मत कार्य कराया जाएगा। इसके अलावा घास मंडी, एलायंस कॉलोनी, धर्मपुर, मॉडल कॉलोनी से रेलवे स्टेशन तक की सड़कों को भी अभियान में शामिल किया गया है। कार्य कराया जाएगा।शहर में गड्ढे भरने का अभियान लगभग एक सप्ताह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।एक नवंबर से हॉटमिक्स तकनीक से नई सड़कों के निर्माण का कार्य शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए लगभग 10 करोड़ रुपये के कार्य प्रस्तावित हैं।सड़क चौड़ीकरण का कार्य पूरा होने के बाद डिवाइडरों को नए स्वरूप में विकसित किया जाएगा और आकर्षक प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पार्षद राजेश जग्गा,जतिन साहनी, गौरव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

चेक बाउंस मामले में गैर जमानती वारंट पर आरोपी गिरफ्तार

सितारगंज। सिडकुल चौकी पुलिस ने चेक बाउंस के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट) की धारा 138 के तहत मामला न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट के अनुपालन में पुलिस ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है। सिडकुल चौकी के एसआई प्रदीप कोहली ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट सितारगंज की अदालत में राधेश्याम बनाम रवि कुमार के नाम से चेक बाउंस का मामला विचाराधीन है। इस मामले में न्यायालय की ओर से आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। वारंट के अनुपालन में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 14 अक्टूबर को बरुआबाग सिसौना निवासी रवि कुमार सक्सेना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी की गिरफ्तारी न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर की गई है। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

वरुण कपूर बने सल्ट विधानसभा प्रभारी



वरुण कपूर।

बाजपुर। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बाजपुर के युवा कांग्रेस नेता वरुण कपूर को विधानसभा सल्ट का प्रभारी नियुक्त किया गया है वरुण कपूर को सल्ट विधानसभा प्रभारी बनाये जाने पर कांग्रेस कार्यकताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है वरुण कपूर ने प्रदेश संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनको जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वह इस पर पूरी तरह खरा उतरने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे और विधानसभा चुनाव में सल्ट विधानसभा को पहले से भी ज्यादा मजबूत करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी।

सिडकुल में 4.35 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार पुलिस की चेकिंग के दौरान तीन युवक फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज। सिडकुल चौकी पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को 4.35 ग्राम स्मैक (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन और 210 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। मामले में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस के अनुसार, 18 अक्टूबर को सिडकुल क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम धर्मकांटे से करीब 100 मीटर आगे पहाड़ी उकरौली की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर पहुंची। यहां तीन से चार युवक संदिग्ध अवस्था में खड़े दिखाई दिए। पुलिस कर्मियों को देखकर युवक भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया, लेकिन तीन युवक मौके से फरार होने में सफल रहे। वहीं, पुलिस टीम ने एक युवक को पकड़ लिया।

तलाशी में पन्नी से बरामद हुई स्मैक : पकड़े गए युवक से पूछताछ करने पर उसकी पहचान वार्ड नंबर छह, सितारगंज निवासी बंटी सागर (22) के रूप में हुई। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक पारदर्शी पन्नी में रखी 4.35 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इसके अलावा एक मोबाइल फोन और 210 रुपये नकद भी मिले।एसआई प्रदीप कोहली ने बताया कि 18 अक्टूबर को सिडकुल क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान संदिग्ध युवकों को देखकर पुलिस ने कार्रवाई की। तीन युवक मौके से भाग गए, जबकि एक युवक को पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से स्मैक बरामद हुई।

सरकारी कांटों पर धान खरीद न होने से किसान नाराज, हाईवे जाम कर किया प्रदर्शन

कटौती और तौल में देरी से किसानों में आक्रोश, भाजपा नेताओं और प्रशासन की वार्ता के बाद शुरू हुई खरीद

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज। सरकारी कांटों पर नियमित धान खरीद नहीं होने और उपज में अधिक कटौती से नाराज किसानों ने सोमवार को हाईवे जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने करीब आधे घंटे तक सड़क पर जाम लगाए रखा और व्यवस्था के खिलाफ आक्रोश जताया।

किसानों का आरोप है कि एक सरकारी कांटे पर प्रतिदिन 400 क्विंटल धान खरीदने की अनुमति है, इसके बाद भी किसानों की उपज की नियमित तौल नहीं की जा रही है। जिस कारण उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं, कच्चे आढ़तियों ने भी एक दिन धान खरीद कर तौल रोक दी है, जिससे किसानों की परेशानी और बढ़ गई है। इस दौरान धान में अधिक कटौती किए जाने से भी किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। सोमवार को व्यवस्थाओं को लेकर धरने पर बैठे किसानों ने कहा कि सितारगंज में तीन विभागों के करीब 24 सरकारी कांटे लगाए गए हैं, लेकिन किसी भी कांटे पर नियमित खरीद नहीं हो रही है। किसानों को अपनी उपज लेकर मंडी में लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे उनके समय और धन दोनों का नुकसान हो रहा है। इधर, कच्चे आढ़तियों के यहां भी धान खरीद नहीं होने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

हंगामे की सूचना पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह, ब्लाक प्रमुख उपकार सिंह बल और तहसीलदार हिमांशु जोशी मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों, राइस मिलर्स और अधिकारियों के बीच मध्यस्थता की। उन्होंने किसानों की समस्याओं को प्रशासन के सामने रखा और समाधान के लिए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा तथा एडीएम पंकज उपाध्याय से वार्ता की। बातचीत के बाद सहमति बनने पर सरकारी कांटों पर धान की खरीद फिर से शुरू कराई गई। हालांकि, तौल के दौरान धान में की जा रही कटौती को लेकर किसानों ने फिर आपत्ति जताई। इस पर किसानों से धान सुखाकर कच्चे आढ़तियों को देने की अपील की गई, ताकि नमी के कारण होने वाली कटौती को कम किया जा सके।



नवजात को कार के नीचे छोड़ने वाली मां-बेटी और उनका मददगार गिरफ्तार, नवजात की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

रुद्रपुर। कोतवाली पुलिस ने नवजात को चर्च के पास छोड़ने के मामले में मां बेटी और बाईक सवार युवक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। बाईक सवार युवक ने इस घटना को अंजाम देने में मदद की थी। वहीं दूसरी ओर हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती नवजात की मृत्यु हो गई है। शनिवार शाम को सिंह कॉलोनी के समीप चर्च रोड, रुद्रपुर में पास खड़ी कार के नीचे कपड़े में लिपटी एक नवजात बच्ची की रोने की आवाज सुनाई दी। इस पर मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी प्रदीप पंत पुलिस कर्मियों के मौके पर पहुंचे। पुलिस ने नवजात जिला अस्पताल रुद्रपुर में भर्ती कराया। जहाँ उसे एनआईसीयू में रखा गया। बाद में बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उच्च उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी रेफर किया। चाइल्ड केयर कमेटी के सदस्यों को भी सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई हेतु अवगत कराया गया। चौकी प्रभारी की ओर से इस प्रकरण में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। हालांकि पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। पुलिस की विवेचना के दौरान प्रकाश में आए तथ्यों के आधार पर पुलिस टीम ने आजादनगर, ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से मां बेटी और बाईक सवार युवक को तीन गिरफ्तार किया। सीओ सिटी विभव सैनी ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से तीनों को गिरफ्तार कर लिया और कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। नवजात को जन्म देने वाली युवती,उसकी मां और घटना को अंजाम देने में मदद करने वाले बाईक सवार शामिल है। सीओ सिटी ने बताया कि नवजात की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी प्रदीप पंत, एसआई जीवन सिंह अधिकारी, हरीश रावत, अनीशा आर्या, नरेश जोशी शामिल रहे।

गिरफ्तार अभियुक्त नवजात को जन्म देने वाली तथा उसकी मां लीलावती पत्नी राजेन्द्र प्रसाद दोनों निवासी आजादनगर, थाना ट्रांजिट कैंप और बाईक सवार मुनीश पाल पुत्र फूलचन्द निवासी भगवन्तापुर शाहजहाँपुर यूपी हाल निवासी आजादनगर, थाना ट्रांजिट कैंप शामिल हैं। बाईक सवार रामपुर का निवासी है और इन्हीं के घर में किराए पर रहता है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि बच्ची का जन्म 16 अक्टूबर की रात्रि को बिलासपुर स्थित एक अस्पताल में हुआ था।



पुलिस की गिरफ्त में नवजात को छोड़ने वाली मां-बेटी व उनका मददगार।

आयोजन 20 महिलाओं को दिया जाएगा स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता का प्रशिक्षण

खटीमा में 50 दिवसीय मूंज घास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। ग्राम पंचायत सबौरा में जिला उद्योग केंद्र की ओर से 50 दिवसीय मूंज घास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की सहयोगी संस्था पंखुड़ी थारू सांस्कृतिक समिति खटीमा रहीं। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र के सहायक प्रबंधक रवीश कुमार उपस्थित रहे। इसके अलावा ग्राम प्रधान मंजीत सिंह राणा, क्षेत्र पंचायत सदस्य शकुंतला मेहर, संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह खड़का, सचिव पूजा खड़का तथा मास्टर ट्रेनर रजनी देवी भी मौजूद रहीं। प्रशिक्षण के पहले दिन 20 महिलाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

इस दौरान प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना सहित जिला उद्योग केंद्र की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से मजबूत बनने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के आयोजकों ने कहा कि महिलाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। इस तरह के प्रशिक्षण से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को अपनी आजीविका बढ़ाने और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान वहां पूजा विजेता मंजू देवी आदि मौजूद रहीं।



प्रशिक्षण में मौजूद महिलाएं, मास्टर ट्रेनर एवं जनप्रतिनिधि। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily@gmail.com





ठेले पर चाट बेचकर गुजर-बसर करता था बलराम, इकलौते बेटे से थीं अनचाही उम्मीदें

आग में झुलसकर पिता की मौत, मां और आरोपी बेटे का इलाज जारी, पिता की मौत की खबर सुन गांव पहुंचीं चारों बेटियां

जागरण मोर्चा कार्यालय



घटनास्थल पर जांच करने पहुंची निघासन पुलिस। –जागरण मोर्चा



मृतक कमलेश। –जागरण मोर्चा



इसी बाइक से पेट्रोल निकाल कर लगाई आग। –जागरण मोर्चा

निघासन। निघासन के चखरा गांव में माता पिता पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की घटना में झुलसे बलराम शाह की सोमवार सुबह लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना में उनकी पत्नी वैजयंती और आरोपी बेटा सफालू भी झुलस गए। दोनों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। पिता की मौत की सूचना मिलने पर चारों बेटियां गांव पहुंचीं। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों के मुताबिक, बलराम शाह बाजार में ठेला लगाकर चाट बेचते थे। बाजार न होने पर गांव में ही दुकान लगाकर परिवार का गुजारा करते थे। उनकी चार बेटियां और एक बेटा सफालू था। चारों बेटियों की शादी के बाद उन्होंने बेटे की भी शादी कर दी थी। चाट की दुकान से होने वाली आमदनी से बुजुर्ग दंपति अपना जीवनयापन करते थे। बेटे की पत्नी छाया की वजह से कई साल पहले ही बलराम और वैजयंती ने सफालू से किनारा कर लिया था।आरोप है कि 17 अक्टूबर की रात सफालू ने घर में खड़ी हीरो सिलेंडर गाड़ी से पेट्रोल निकालकर अपने माता-पिता को आग लगा दी। घटना में दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। ग्रामीणों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया। इसके बाद बलराम शाह ने अगले दिन थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी बेटे के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया।गंभीर हालत में बलराम शाह को पहले सीएचसी और फिर जिला मुख्यालय से लखनऊ रेफर किया गया था। सोमवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पिता की मौत की खबर सुनकर चारों बेटियां चखरा गांव पहुंचीं। जिस बेटे को बलराम ने अपने बुढ़ापे का सहारा समझा था, उसी पर माता-पिता को आग लगाने का आरोप है। घटना से गांव में मातम पसरा है।

कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किए गए 170 छात्र-छात्राएं

जागरण मोर्चा कार्यालय



खटीमा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधमसिंह नगर के सचिव के निर्देश पर सोमवार को सितारगंज रोड स्थित सिटी कॉन्वेंट स्कूल, कुमराह में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य शुभ्रा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में करीब 170 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस के अवसर पर शहरी गरीबों के लिए कानूनी सहायता तथा नालसा की गरीबी उन्मूलन के प्रभावी क्रियान्वयन संबंधी योजना-2015 के बारे में बताया गया। इसके साथ ही स्थायी लोक अदालत की कार्यप्रणाली, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मिलने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता और 12 दिसंबर को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी गई। प्राविधिक कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए जरूरत पड़ने पर संबंधित हेल्पलाइन का उपयोग करने की अपील की। उन्हें नालसा के टोल फ्री नंबर 15100, साइबर हेल्पलाइन 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और महिला हेल्पलाइन 181 के बारे में भी बताया गया। इसके अलावा बच्चों को गुड टच-बैड टच की जानकारी देकर अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया। बाल विकास विभाग एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की ओर से निकिता राणा और चांदनी ने बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन तथा पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी। वहीं, वन स्टॉप सखी सेंटर की एडवोकेट चंचल ने सेंटर की कार्यप्रणाली और महिलाओं को उपलब्ध सहायता के बारे में विस्तार से बताया। विमल कुमार ने स्टेट लीगल एड क्लिनिक की सेवाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को कानूनी सहायता प्राप्त करने के तरीकों से अवगत कराया। कार्यक्रम में प्राविधिक कार्यकर्ता टीम संख्या 35 से मीरा देवी, उदय कुमार और विमल कुमार, टीम संख्या 36 से लाल सिंह तथा टीम संख्या 41 से विमला देवी मुंडेला सहित बाल विकास एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम के सदस्य मौजूद रहे। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

नवमी पर कन्या पूजन कर भोजन कराया

जागरण मोर्चा कार्यालय



नवमी पर कन्या पूजन कर कन्याओं को कराया भोजन। –जागरण मोर्चा

खटीमा। नवरात्र पर्व के अंतिम दिन महानवमी पर खटीमा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ कन्या पूजन किया। नवरात्र का अर्थ है 'नौ रातें'। यह पर्व मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना को समर्पित है। इन नौ दिनों में श्रद्धालु व्रत रखकर पूजा-अर्चना करते हैं और सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। नवमी पर कन्या पूजन के साथ इस पर्व का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। इस अवसर पर सुबह से ही घरों में पूजा-अर्चना का सिलसिला चलता रहा। श्रद्धालुओं ने नौ कन्याओं को आमंत्रित कर तिलक लगाया और विधि-विधान से पूजन किया। इसके बाद कन्याओं को भोजन कराया गया तथा उपहार व दक्षिणा भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया गया। खटीमा नगर के सभी वार्डों के साथ ही चकरपुर, बरी अंजनिया, गौहर पटिया, बिगराबाग, नदन्ना, बंगाली कालोनी, उचिमौहट, चारुबेटा और कुटरा समेत विभिन्न क्षेत्रों में कन्या पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने नवरात्र के नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना करने के बाद नवमी पर कन्या पूजन कर धार्मिक परंपरा का निर्वहन किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनकी पूजा की जाती है। नवमी के अवसर पर घरों और मंदिरों में भक्तिमय माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और क्षेत्र की उन्नति की कामना की। कन्या पूजन के साथ ही नवरात्र पर्व का समापन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ हुआ।

श्रद्धा दुबे के मामले में हटाए गए एसीपी हजरतगंज डीसीपी और इंस्पेक्टर पर पहले ही गिर चुकी है गाज

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। कारोबारी शिवा शर्मा हत्याकांड में पुलिस कमिश्नर ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए एसीपी हज़रतगंज रजनीश वर्मा को उनके पद से हटा दिया है। इस सनसनीखेज मामले में प्रशासनिक स्तर पर पहले ही बड़ी कार्रवाई की जा चुकी है, जिसके तहत डीसीपी सेंट्रल विक्रांत वीर को भी हटाया गया था और इंस्पेक्टर हज़रतगंज विक्रम सिंह को लाइन हाजिर किया गया था।

वहीं, हत्याकांड की मुख्य आरोपी श्रद्धा दुबे अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर और फरार चल रही है। हैरानी की बात यह है कि वह लगातार सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर रही है, लेकिन इसके बावजूद वह पुलिस की गिरफ्त से दूर है।

दूसरी तरफ, पुलिस का दावा है कि उसकी तलाश में नेपाल के साथ-साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी कई विशेष टीमों को रवाना किया गया है, जो लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि मिले तमाम इनपुट और तकनीकी सर्विलांस के आधार पर आरोपियों की धर-पकड़ के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

कारोबारी शिवा शर्मा की मौत के मामले में मॉडल श्रद्धा दुबे की तलाश में पुलिस की 10 टीमें पिछले 10 दिनों से जुटी हैं। इस बीच श्रद्धा के लगातार वीडियो सामने आ रहे हैं। रविवार को एक मीडिया संस्थान से बातचीत का श्रद्धा का नया वीडियो सामने आया। इसमें उसने खुद को बेगुनाह बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। तीन मिनट 56 सेकंड के इस वीडियो में श्रद्धा ने कहा कि उस पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं।

संक्षेप समाचार

धान खरीद सेंटरों में खरीद शुरू प्रथम दिन कुछ सेंटरों द्वारा 352 क्विंटल धान खरीदा

खटीमा। सरकार द्वारा एक अक्टूबर से घोषित धान खरीद का सिलसिला आज 18 अक्टूबर से शुरू हुआ है। एसएमआई के .सी . आर्य ने बताया विभिन्न एजेंसियों द्वारा संचालित 105 धान खरीद सेंटरों में आज प्रथम दिन 352 क्विंटल धान खरीदा गया है। इसके अतिरिक्त आरएफसी द्वारा संचालित मंडी समिति के तीन सेंटरों में अभी तक 770 क्विंटल धान खरीदा गया है। सरकार द्वारा संचालित धान क्रय केन्द्रों की समुचित व्यवस्था समय पर नहीं होने से कृषि प्रधान क्षेत्र के किसान अपनी धान की फसल की बिक्री के लिए मारा मारा घूमता रहा। सरकारी क्रय केन्द्रों एवं कच्ची आढ़त के माध्यम से बिकने वाले धान में नमी एवं फफरे आदि के नामपर होने वाली कटौती का किसान खामियाजा भोग रहा है। एडीओ सहकारिता शोभित अग्रवाल ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए धान खरीद सेंटरों में अब खरीद प्रारंभ हो चुकी है। अभी तक कुछ सेंट्रो द्वारा 352 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। इस बार सहकारिता विभाग की सहकारी समितियों को धान खरीद से बाहर रखा गया है। बावजूद अन्य एजेंसियों द्वारा धान खरीद के 105 सेंटर चलाए जा रहे हैं। खरीद संबंधी मानकों की जटिलता के चलते छोटे एवं मझले किसानों को अपनी फसल अभी भी औने-पौने दामों पर बिचौलियों को सौंपनी पड़ रही है।

बाईक की टक्कर से घायल महिला को सीपीयू कर्मियों ने पहुंचाया सरकारी अस्पताल



घायल महिला को अस्पताल में पहुंचाते सीपीयू कर्मी। –जागरण मोर्चा

रुद्रपुर। किच्छा बाईपास रोड पर एक बाईक सवार ने बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी। महिला लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गई। महिला को सड़क पर गिरा देख सीपीयू कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने घायल बुजुर्ग महिला को जिला अस्पताल में पहुंचाया। घायल बुजुर्ग महिला का नाम रामा देवी बाबू राम निवासी भूत बंगला बताया जा रहा है। महिला के पैर में काफी गंभीर चोटें आई हैं। बाईक सवार यूपी का बताया जा रहा है। जिला अस्पताल सीपीयू हेड कांस्टेबल कांस्टेबल प्रकाश सिंह, हेड कांस्टेबल नारायण सिंह कुंवर ने पहुंचाया। फिलहाल इस मामले में घायल महिला की ओर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

बगवाडा मंडी रूद्रपुर में संचालित धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया



बगवाड़ा मंडी में धान केंद्र का निरीक्षण करते अधिकारी। –जागरण मोर्चा

रुद्रपुर। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ विवेक कुमार सिंह ने बगवाडा मंडी रूद्रपुर में संचालित धान क्रय केन्द्र बगवाडा एवं फुलसुंगा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किच्छा मंडी में धान क्रय केन्द्र दोपहरिया, सहदौरा,बण्डिया, मिलक,देवरिया,नवीन मंडी स्थल किच्छा आदि का भी निरीक्षण किया। क्रय केन्द्रो पर धान क्रय किया जा रहा हैं। धान क्रय केन्द्रो पर नमी मापक यंत्र, कॉटा/तराजू, कृषको को वैठने के लिए कुर्सी, पीने के पानी,पंखा आदि की व्यवस्था की गई हैं। केन्द्र प्रभारियो को निर्देशित किया कि वह राज्य सरकार की धान क्रय नीति के अनुसार कृषको का धान क्रय करना सुनिश्चित करें। धान विक्रय करने में किसी भी कृषक को कोई समस्या नही होनी चाहिए। धान क्रय केन्द्र पर लापरवाही करने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

खटीमा व नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र में 23 को पहुंचेगी न्याय यात्रा

खटीमा। उत्तराखंड की लड़की अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही न्याय यात्रा 23 अक्टूबर को नानकमत्ता एवं खटीमा विधानसभा क्षेत्र में पहुंचेगी। इसके लिए नानकमत्ता विधानसभा सीट के कांग्रेसियों द्वारा व्यापक तैयारियों की योजना बनाई जा रही हैं। नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने बताया कि अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अल्मोड़ा के चितई ग्वेल देवता के मंदिर से अर्जी लगाने के बाद न्याय यात्रा कुमाऊँ मंडल में भ्रमण करती हुई आम जनता से संपर्क करेंगी। ताकि अंकिता भंडारी के हत्यारों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई हो सकें। विधायक राणा ने बताया कि नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र में इस कार्यक्रम की सफलता के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक भी आयोजित की जा रही है। ताकि अंकित भंडारी के वीआईपी हत्यारों को कानूनी शिकंजे में लिया जा सके।

श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर में मंचित्र लीला के आठवें दिन लंकेश ने भाई विभीषण को लात मार कर लंका से निकला

खटीमा। श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर कंजाबाग में आयोजित श्री राम की लीला के आठवें दिन शेषनाग अवतार लक्ष्मण शक्ति तक का मार्मिक दृश्य तक लीला का मंचन हुआ। इससे पूर्व रावण विभीषण संवाद रावण का अपने भाई विभीषण को लात मार कर लंका से निकलने, लंका के लिए समुद्र में पुल निर्माण तथा अंगद रावण के संवाद का मार्मिक दृश्य का मंचन हुआ। मर्यादा पुरुषोतम श्री राम की लीला के दर्शन हेतु नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शकों ने प्रतिभाग कर श्री राम की लीला का आनंद लिया। लीला मंचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खटीमा के विधायक भुवन चन्द्र कापड़ी ने कहा कि हमें श्री राम द्वारा स्थापित की जाने वाली मर्यादा का अनुसरण कर अपना जीवन सफल बनाना चाहिए। इसके आदर्शों से ही राम राज्य स्थापित हो सकता है। श्री राम की लीला मंचन के दौरान हास्य कलाकार होशियार सिंह एवं गिरीश चंद्र पांडे मुंशी ने स्वकृतियां प्रस्तुत कर दर्शकों को हंसा हंसा कर लोटपोट कराया।

मेलाघाट के व्यवसाई कादर खान का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक कादर खान।

खटीमा। सीमांत खटीमा के मेलाघाट बाजार निवासी व्यवसाई एवं मेलाघाट व्यापार मंडल के मीडिया प्रभारी कादर खान का बीते रविवार को निधन हो गया। करीब 35 वर्षीय कादर खान लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे और उनका उपचार चल रहा था। उनके निधन की खबर से परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

कादर खान पुत्र अब्दुल जब्बार खान मेलाघाट बाजार में फोटो स्टूडियो का संचालन करते थे। व्यापारिक गतिविधियों के साथ ही वह सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। मिलनसार स्वभाव और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के चलते क्षेत्र में उनकी पहचान थी। लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे कादर खान ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उनके निधन से परिजनों और परिचितों में शोक व्याप्त है। अविवाहित कादर खान अपने पीछे माता और तीन भाइयों को छोड़ गए हैं। उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। कादर खान के निधन पर मेलाघाट व्यापार मंडल की ओर से शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष बृजमोहन, दया शंकर, अनमोल वर्मा, राजेश वर्मा तुलसी प्रसाद, श्याम नारायण प्रजापति, दीपक कुमार, बीडीसी अर्जुन कुमार, कमल मित्तल, प्रहलाद शर्मा, डॉ रामचंद्र सिंह, डॉ नागेंद्र वर्मा सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

राजस्थान पुलिस का दरोगा बता ठगी के आरोपी को पुलभट्टा पुलिस ने किया गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुलभट्टा पुलिस की गिरफ्त में राजस्थान पुलिस का फर्जी दरोगा मोहम्मद जाहिद।

किच्छा (उधम सिंह नगर)। उत्तराखंड पुलिस में भर्ती करने के नाम पर युवाओं से ठगी कर उनको फर्जी दस्तावेज देने तथा पुलिस की वर्दी देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने राजस्थान पुलिस में अधिकारी बताकर युवाओं से पुलिस भर्ती के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कई फर्जी आई कार्ड व अन्य सामग्री बरामद कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी ने युवती से धोखाधड़ी कर 40 हजार की ठगी करते हुए युवती को उत्तराखंड पुलिस में भर्ती का ट्रेनिंग लेटर, आई कार्ड जारी कर पुलिस की वर्दी भी दे दी थी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व ग्राम किशनपुर, थाना नानकमत्ता निवासी आशा देवी पत्नी सुखबीर सिंह ने पुलभट्टा थाना प्रभारी उमेश कुमार से मुलाकात कर मामले से अवगत कराते हुए न्याय की गुहार लगाई। लिखित शिकायत में पीड़िता आशा देवी ने बताया कि उसकी पुत्री तुलसी राणा को उत्तराखंड पुलिस में भर्ती कराने के नाम पर राजस्थान पुलिस में दरोगा बता रहे आरोपी ने पीड़ित से 40 हजार रुपए ठग लिए। बताया कि आरोपी ने पीड़िता को झांसे में लेकर फर्जी आई कार्ड एवं फर्जी भर्ती लेटर सहित पीड़िता को पुलिस की वर्दी भी दी गई। महिला ने बताया कि वर्तमान में धोखाधड़ी करने वाला फर्जी पुलिस अधिकारी थाना अंतर्गत सिरौली कला क्षेत्र में देखा गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी उमेश कुमार ने आरोपी ग्राम शरीफ नगर, थाना देवरनिया, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी मोहम्मद जाहिद के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि मामला अत्यंत गंभीर था, जिसमें पुलिस का फर्जी पहचान पत्र, पुलिस ट्रेनिंग पत्र बनाए जाने तथा पुलिस की वर्दी देने की बात भी सामने आई थी। बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पूरे मामले से अवगत कराते हुए उनके दिशा निर्देशन में टीम का गठन किया गया। थाना प्रभारी उमेश कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आरोपी मोहम्मद जाहिद को थाना अंतर्गत क्षेत्र में दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी जाहिद के कब्जे से राजस्थान पुलिस का फर्जी परिचय पत्र, उत्तराखंड पुलिस का फर्जी एडमिट कार्ड, फर्जी जॉइनिंग लेटर, एक जोड़ी उत्तराखंड पुलिस की वर्दी आदि सामान बरामद कर कब्जे में ले लिया।

कामयाबी तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद, चार फरार आरोपियों की तलाश में पांच टीमों की दबिश जारी

नानकमत्ता हत्याकांड के दो आरोपी मटिहा बॉर्डर से गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



नानकमत्ता। सतनाम सिंह हत्याकांड में पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को मटिहा बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से 12 बोर का तमंचा, खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद की गई है। मामले में फरार अन्य चार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की पांच टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

सोमवार को एसएसपी अजय गणपति ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मृतक के परिजनों से वार्ता कर मामले की जानकारी ली। पुलिस के अनुसार, ग्राम सिद्धानवदिया निवासी सोनू सिंह पुत्र चरनजीत सिंह ने तहरीर देकर बताया था कि कुलदीप सिंह उर्फ बंटी पुत्र बूढ़ सिंह, लखविंदर सिंह उर्फ लक्की पुत्र बूढ़ सिंह निवासी सिद्धानवदिया, हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी नागरा पुत्र दयाल सिंह निवासी नौगजा, कोमल सिंह पुत्र जसवंत सिंह निवासी बिडौरा मझोला, कमल सिंह पुत्र दयाल सिंह निवासी नौगजा और रमनदीप कौर पत्नी कुलदीप सिंह उर्फ बंटी निवासी सिद्धानवदिया ने तमंचों से लैस होकर उनके घर पर पथराव और फायरिंग की। इस दौरान उसके भाई सतनाम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शनिवार देर रात हुई इस सनसनीखेज घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें गठित की थीं। सोमवार को पुलिस ने कुलदीप सिंह उर्फ बंटी और हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी को मटिहा बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, कुलदीप के कब्जे से 12 बोर का तमंचा, एक खोखा कारतूस, दो कारतूस और एक बाइक बरामद हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार कुलदीप के खिलाफ पहले से एक मुकदमा, जबकि हरप्रीत के खिलाफ खटीमा कोतवाली में दो मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी ने बताया कि पुलिस पर लगाए गए आरोपों की भी जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों ने 112 नंबर पर शिकायत की थी और मौके पर पुलिस पहुंची भी थी। मामले की जांच जारी है और अभी तक आरोपों से संबंधित तथ्यों की पुष्टि नहीं हुई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट, प्रतापपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र पंत, एसआई मनोज जोशी, संजय कुमार, प्रदीप कोहली, अशोक कांडपाल और नवल किशोर सहित एसओजी के रघुनाथ गोस्वामी, मो. इमरान, श्याम सिंह थापा और नवीन जोशी शामिल रहे।



मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण करते अधिकारी। –जागरण मोर्चा

आहुति/मंत्रोचारण के बीच अफसरों ने की निगहबानी

जागरण मोर्चा कार्यालय

धौरहरा खीरी। चारों तरफ घरों से लेकर (धार्मिक स्थलों) मंदिरों तक महादेवी के नाम की आहुतियों के साथ प्रशासनिक अफसरों की फ़ौज मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण करते दिखाई पडी। प्राप्त विवरण के अनुसार सोमवार नवमी के दिन एक तरफ घरों से लेकर धार्मिक स्थलों पर देवी को प्रसन्न करने हेतु आहुतियां चल रही थी थी तो दूसरी तरफ़ माता की मूर्तियों के विसर्जन हेतु एसडीएम धौरहरा राशी कृष्णा,सी ओ धौरहरा अभिषेक व कोतवाल अवनीश कुमार सिंह घाघरा नदी के ज़ालिम नगर स्थित व बिजंहा गांव के पास पहले से तय किए गए विसर्जन स्थल की तैयारियों का निरीक्षण किया वही दूसरी तरफ शारदा नदी के ऐरा पुल व रैनी गांव के पास विसर्जन स्थल सी ओ अभिषेक व थाना प्रभारी खमरिया निर्मल तिवारी निरीक्षण करते दिखे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





पीलीभीत
11
लखनऊ, मंगलवार, 20 अक्टूबर 2026

एक नजर

बीसलपुर में आर्य समाज के वैदिक सत्संग एवं राम कथा महोत्सव का हुआ शुभारंभ

बीसलपुर। नगर के जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज में आर्य समाज के तत्वावधान में वैदिक सत्संग एवं राम कथा महोत्सव का शुभारंभ हो गया। इस धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन में वक्ताओं ने वेदों, यज्ञ और भगवान श्रीराम के आदर्शों के जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला।आगरा से पधारे मुख्य वैदिक प्रवक्ता हरिशंकर अग्निहोत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आत्मा अजर-अमर है, जिसकी कभी मृत्यु नहीं होती। आत्मा एक शरीर त्यागकर दूसरा शरीर धारण करती है और इसका यह क्रम जन्म-जन्मांतर तक चलता रहता है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को अपने जीवन को सत्कर्मों में लगाने और प्रभु श्रीराम के आदर्शों का अनुसरण करने का संदेश दिया।वहीं, कोलकाता से पधारे भजनोपदेशक कैलाश कर्मठ ने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन पर प्रकाश डालते हुए मनमोहक और सुंदर भजनों की प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

हादसे में घायल हुए भाजपा सेक्टर संयोजक की बरेली में मौत, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर

ट्रैक्टर ट्राली ने मारी थी टक्कर, मंत्री जितिन प्रसाद ने फोन कर जताया शोक

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिलसंडा। बरेली अस्पताल में भर्ती भाजपा सेक्टर संयोजक की मौत हो गई। वाहन की टक्कर के बाद परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया था,लेकिन कई दिन उपचार के बाद भी जान नहीं बची।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। क्षेत्र के गांव ढकिया निवासी 76 वर्षीय बलवीर सिंह भाजपा के सेक्टर संयोजक थे।पिछली 12 अक्टूबर को वह साइकिल से अपने घर लौट रहे थे।इसी दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर से वो गंभीर रूप घायल हो गए।ग्रामीणों ने अस्पताल पहुंचाया।हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने बरेली रेफर किया।वहां उनका उपचार चल रहा था। देर


मृतक बलवीर सिंह।

रात उनकी मौत हो गई। जिससे गांव में मातम छा गया। उनकी मौत पर कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने पोस्ट कर दुख जताया, श्रद्धांजलि दी। साथ ही पुलिस को दोषी वाहन चालक के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश भी दिए। रविवार सुबह पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा।एसओ जगदीप मलिक ने बताया कि पुलिस अज्ञात वाहन और ड्राइवर की तलाश कर रही है। परिजनों की शिकायत पर कार्रवाई होगी। विधायक विवेक वर्मा, भाजपा अध्यक्ष संजीव मौर्य, विक्रम गंगवार, चेयरमैन डीके गुप्ता, अटल सिंह जायसवाल, व्यापारी नेता अवनीश जायसवाल, मो.रेहान, देवदत्त सक्सेना, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आयुष मिश्रा, महीप सिंह चंदेल, गुड्डू राजपूत, अहिवरन लाल, पप्पू मंसूरी, गौरव पटेल, अजय जायसवाल, कुलदीप सिंह, बमरौली के प्रधान पप्पू सिंह भदौरिया, देवेश सिंह, बबलू सिंह, मुकेश सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख राकेश प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह चौहान, ठा.अक्षय सिंह समेत तमाम लोगों ने निधन पर शोक जताया है।

आवारा सांड के हमले से ग्रामीण की मौत, सात साल के मासूम के सिर से उठा माता-पिता का साया

बीसलपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अहिरपुरा नगला में सांड के हमले से ग्रामीण की मौत हो गई। इससे मृतक के घर और पूरे गांव में सन्नाटा पसरा है। मां की तीन साल पहले ही मौत हो चुकी थी और अब पिता के भी इस तरह दुनिया से चले जाने के बाद आठ वर्षीय मासूम के भविष्य को लेकर हर कोई चिंतित है। ग्राम अहिरपुरा नगला निवासी 45 वर्षीय केदारनाथ उर्फ वीरपाल एक सप्ताह पूर्व बरेली जनपद के थाना भुता क्षेत्र स्थित ग्राम दौलतपुर करैना अपनी बहन माया देवी के यहां गए थे। शुक्रवार को वह बहन के घर से चौपाल की तरफ जा रहे थे, तभी रास्ते में सांड ने उन्हें घेर लिया और पटक-पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। केदारनाथ के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सांड को भगाया, लेकिन तब तक केदारनाथ की मौत हो चुकी थी। पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचते ही गांव में सन्नाटा पसर गया। ग्रामीणों ने बताया कि केदारनाथ की पत्नी गुड्डी देवी की तीन वर्ष पूर्व बीमारी के चलते मौत हो गई थी। केदारनाथ कि मौत के बाद उनका सात वर्षीय बेटा रामकुमार जो पूरी तरह अनाथ हो गया है। अब मासूम रामकुमार के पालन-पोषण की चिंता उसके ताऊ तुलसीराम और अन्य परिजनों को सता रही है, जो रोते-बिलखते बच्चे को ढांढस बंधाने में लगे थे।


मृतक केदारनाथ।

संक्षेप समाचार

दहेज उत्पीड़न व विवाहिता की मौत के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार


गिरफ्तार किया गया आरोपी। -जागरण मोर्चा

बीसलपुर। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न और विवाहिता की मौत से जुड़े मामले में वांछित आरोपी शाकिर पुत्र मकसूद अली निवासी मलकपुर बुजुर्ग, थाना दातागंज, बदायूं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे भड़रिया मोड़ के पास से पकड़ा। मामले में 18 दिसंबर 2024 को विवाहिता के पिता फूल बाबू की तहरीर पर शाकिर सहित चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप दहेज की मांग को लेकर बेटी को प्रताड़ित करने और मारपीट करने के थे। विवेचना के दौरान विवाहिता की मौत के बाद मुकदमे में संबंधित धाराएं बढ़ाई गईं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू की है।

अपर पुलिस अधीक्षक ने धनाराघाट का निरीक्षण कर विसर्जन की तैयारियां परखीं


मूर्ति विसर्जन की तैयारी का जायज़ा लेते अपर पुलिस अधीक्षक। -जागरण मोर्चा

पूरनपुर। नवरात्रि पर मूर्ति विसर्जन को सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक हिमांशु गौरव ने 19 अक्टूबर को थाना पूरनपुर क्षेत्र के धनाराघाट का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। नदी में संभावित खतरों को देखते हुए आपदा मोचन बल के साथ बचाव व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने प्रशिक्षित गोताखोरों, नाव और बचाव उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित करने, घाट पर निगरानी रखने तथा श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोकने के निर्देश दिए। साथ ही पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर निर्धारित सुरक्षित स्थान पर ही मूर्ति विसर्जन कराने को कहा।

बिलसंडा में वासुदेव इंडस्ट्रीज राइस मिल पर छापा, 9.88 लाख जुर्माना, धान व चावल का अवैध भंडारण मिला



बीसलपुर। धान खरीद के बीच बिलसंडा में एक राइस मिल पर धान व चावल के अवैध भंडारण मामले में मंडी परिषद बरेली के उपनिदेशक (प्रशासन) विश्वेंद्र कुमार ने 9 लाख 88 हजार का जुर्माना ठोंका है। उप निदेशक ने मंडी सचिव नाजिम के साथ बिलसंडा में बंडा रोड पर स्थित वासुदेव इंडस्ट्रीज राइस मिल पर औचक छापा मारा।उपनिदेशक ने क्षेत्र की विभिन्न राइस मिलों के धान के स्टॉक की गहन जांच शुरू कराई है। शनिवार को मंडी परिषद बरेली के उपनिदेशक (प्रशासन) विश्वेंद्र कुमार अचानक बीसलपुर पहुंचे। मंडी सचिव को साथ लेकर बिलसंडा में वासुदेव इंडस्ट्रीज राइस मिल पर छापा मार दिया। छापे के दौरान स्टॉक में भारी अनियमितताएं और अवैध भंडारण उजागर हुआ। छापे के दौरान टीम को 23706 कुंतल धान व 899 कुंतल चावल मौके पर मिला। भारी भरकम स्टाक पर उपनिदेशक ने 9 लाख 88 हजार का जुर्माना ठोका है। छापेमारी करने वाली टीम में बरेली मंडल के अधिकारियों के साथ-साथ मंडी समिति बीसलपुर के कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। चेकिंग टीम में प्रभात यादव, बीसलपुर मंडी सचिव नाजिम, ओमपाल सहित मंडी के अन्य कर्मचारी शामिल रहे। इस बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य मिलर्स में भी हड़कंप मच गया है। उपनिदेशक की छापेमारी के बाद मंडी सचिव नाजिम सिर्फ दो लाख के जुर्माने की बात कह रहे हैं। जबकि जुर्माने की रशीद 9 लाख 88 हजार की है। पांच साल से बीसलपुर मंडी में जमे सचिव नाजिम के बयान और कार्रवाई सवालों के घेरे में हैं। अपने बयानों को लेकर हमेशा वो चर्चा में रहते हैं।

पीडीए पंचायत का आयोजन, फूल बाबू का हुआ सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। मोहल्ला वासिल में पूर्व सभासद कमर नूर के आवास के पास PDA पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अनीस अहमद खान 'फूल बाबू' मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान आयोजकों और उपस्थित लोगों ने फूल बाबू का सम्मान किया। फूल बाबू ने समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा पर अपने विचार साझा किए। एक बेहतर रणनीति बनाकर आगामी चुनाव में कमर कसने को कहा गया। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विचारों का उल्लेख करते हुए जनहित में पार्टी की भूमिका पर चर्चा की। पंचायत में आगामी विधानसभा चुनाव


स्वागत समारोह में मौजूद पूर्व मंत्री अनीस अहमद खान 'फूल बाबू' व अन्य।

2027 को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित लोगों ने 2027 में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने तथा फूल बाबू के साथ एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। वक्ताओं ने समाज के विभिन्न वर्गों को साथ लेकर चलने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। साथ ही समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर जनहित में किए जाने वाले कार्यों का भी जिक्र किया गया। कार्यक्रम में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी के समर्थन में एकजुटता प्रदर्शित की गई।

मिशन शक्ति टीम ने साइबर अपराध से बचाव के बताए तरीके

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। मिशन शक्ति अभियान के तहत सोमवार को घुंघचाई थाने की मिशन शक्ति टीम ने दिलावरपुर गांव पहुंचकर ग्रामीणों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। इस दौरान टीम ने लोगों को साइबर क्राइम से जुड़ी विभिन्न जानकारियां दीं और ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए सतर्क रहने की अपील की। टीम ने ग्रामीणों को बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। साइबर अपराधी लोगों को तरह-तरह के प्रलोभन देकर अपने जाल में फंसाते हैं और उनकी मेहनत की कमाई ठग लेते हैं। ऐसे में लोगों को मोबाइल फोन और इंटरनेट का इस्तेमाल करते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। मिशन शक्ति टीम ने लोगों को समझाया कि किसी भी अनजान


लोगों को जागरुक करती मिशन शक्ती टीम। -जागरण मोर्चा

व्यक्ति के साथ अपनी बैंक संबंधी जानकारी, एटीएम कार्ड का विवरण, ओटीपी, पासवर्ड और अन्य गोपनीय जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। इसके अलावा अनजान नंबरों से आने वाली कॉल, संदिग्ध लिंक और फर्जी संदेशों से भी सावधान रहने की जरूरत है। टीम ने ग्रामीणों को साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत उचित कदम उठाने की सलाह दी। साथ ही लोगों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी साइबर अपराध के प्रति जागरूक करें, ताकि ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।मिशन शक्ति टीम ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के साथ-साथ उन्हें विभिन्न अपराधों के प्रति जागरूक करना भी अभियान का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। ग्रामीणों को सुरक्षा संबंधी जानकारी देकर अपराधों से बचाव के लिए जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

लोकतंत्र सेनानी का निधन, अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि

1976-77 में जेल गए थे जयगुरुदेव के अनुयाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

घुंघचाई/पूरनपुर। बीमारी के चलते लोकतंत्र सेनानी का निधन हो गया।निधन की सूचना होते ही गांव के अलावा आस पड़ोस के गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर तहसीलदार सहित कई ने पहुंचकर पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। घुंघचाई थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिमरा के रहने वाले लोकतंत्र सेनानी राम दयाल (90) वर्ष कई दिनों से बीमारी से ग्रस्त चल रहे थे। रविवार को उनकी हालत बिगड़ गई और उनका निधन हो गया। इसकी जानकारी लगते ही पूरे गांव के अलावा आस पडोस में शोक की लहर दौड़ गई।



लोकतंत्र सेनानी राम दयाल।


लोकतंत्र सेनानी के निधन पर अंतिम संस्कार में पहुंच तहसीलदार और पुलिस।

सूचना मिलते ही प्रशासन की ओर से तहसीलदार अशीष गुप्ता, घुंघचाई थाना प्रभारी राजीव कुमार ने मौके पर पहुंच कर पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही पुलिस बल ने गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए सशस्त्र सलामी दी।उनके निधन से घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। गमगीन माहौल में लोकतंत्र सेनानी का अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनकी शव यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। वता दें कि सन 1976-77 में तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार द्वारा बाबा जयगुरुदेव को सुभाष चंद्र बोस होने के शक पर जेल में बंद करके डाल दिया था।

उसी दौरान बाबा के अनुयायियों ने जेल भरो आंदोलन चलाया था।इस आंदोलन में क्षेत्र के सिमरा गांव के राम अवतार शर्मा, वीर संहाय, श्री कृष्ण, पुत्तू लाल, रामपाल, शिवसागर लाल, धर्मपाल, सत्यपाल यादव, नत्थू राठौर सहित दर्जनों बाबा के अनुयायियों ने कई महीनों तक तिहाड़ जेल में सजा काटी थी। 23 मार्च 1977 को बाबा जयगुरुदेव को जेल से रिहा किया गया था।इन लोकतंत्र सेनानियों में से कुछ कि मौत पहले ही हो चुकी है।

आय प्रमाण पत्र में धांधली : लेखपाल पर रिश्वत मांगने और गलत रिपोर्ट लगाने का आरोप, एसडीएम से शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

बीसलपुर। तहसील क्षेत्र के ग्राम खनंका उचसिया निवासी आदेश कुमार सिंह ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर क्षेत्र के हलका लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित का आरोप है कि लेखपाल ने आय प्रमाण पत्र बनाने के एवज में रिश्वत की मांग की, और न देने पर उनकी वार्षिक आय 8 लाख 40 हजार रुपये दर्शा दी। पीड़ित आदेश कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने 16 सितंबर को आय प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि लेखपाल ने उनसे 5,000 रुपये की रिश्वत मांगी। रिश्वत न देने पर लेखपाल ने दुर्भावनापूर्ण तरीके से उनकी आय 8 लाख 40 हजार रुपये दर्ज कर गलत रिपोर्ट लगा दी। जब पीड़ित ने इस संबंध में लेखपाल से बात की, तो आरोप है कि लेखपाल ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा एक लिखित बयान देने को कहा कि गलती से शून्य (0) लग गया था और लेखपाल ने कोई रुपये नहीं मांगे हैं। पीड़ित ने जब दोबारा 25 सितंबर को आवेदन किया, तो 15 अक्टूबर को उसे भी अस्वीकृत कर दिया गया। जबकि पूर्व में 14 जनवरी 2024 को जारी प्रमाण पत्र में उनकी वार्षिक आय 54,000 रुपये दर्ज थी।पीड़ित ने बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध होने का दावा करते हुए एसडीएम से आरोपी लेखपाल को तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। उप जिलाधिकारी नागेंद्र पांडे ने बताया कि पीड़ित आदेश द्वारा प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।

मनमोहक झांकियां देख श्रद्धालु भक्ति में हुए भावविभोर

कवीरपुर कसगंजा में आयोजित हुआ बिशाल जगराता

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। नवरात्रि को लेकर मातारानी के एक दिवशीय बिशाल दुर्गा जागरण का आयोजन किया गया। जिसमे मनमोहक सुन्दर झांकियों को देखकर श्रद्धालु भक्ति में भावविभोर हो गए। जागरण में सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा में हर साल ज्वाला जी की ज्योति लाकर मंदिर पर विराजमान की जाती है। भक्त पूरे नौ दिन तक भक्त पूजा अर्चना करते है। इसी को लेकर रविवार को गांव के बाजार प्रांगण में माता रानी का एक दिवशीय बिशाल जागरण का आयोजन किया गया। मां के सिंहासन को भव्य रुप से सजाया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने पहुंच कर माता रानी की सुंदर सुंदर


कसगंजा गांव में झांकियां प्रस्तुत करते कलाकार। -जागरण मोर्चा

भेंटें प्रस्तुत कीं गईं। इसके साथ ही कलाकारों ने सुन्दर-सुन्दर झांकियों और भजनों द्वारा परिसर को भक्ति से भर दिया। जागरण में कलाकारों ने विभिन्न प्रकार की झांकियों का प्रदर्शन किया। जिनको देख कर श्रोता भाव बिभोर हो गए। कलाकारों ने अपनी अपनी प्रतिभाओं झांकियों से लोगों का मन मोहा लिया। बिशाल जागरण को देखने के लिए गांव सहित आस पड़ोस के गांवो से भक्तों की भारी भीड़ उमडी। इस दौरान माता के जयकारे से पूरा प्रांगण भक्तीमय हो गया। सुवह आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान बडी संख्या में श्रद्धालु मातारानी के जागरण में भक्ति में लीन होकर झूमते रहे।इस दौरान कमेटी के लोग भी मौजूद रहे।

मगरमच्छ दिखने से हड़कंप ग्रामीणों में दहशत का माहौल

शेरपुर कलां। धनारा घाट रोड पर स्थित नकटिया पुलिया के पास एक बार फिर मगरमच्छ देखे जाने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मगरमच्छ के खुलेआम नाले के पास दिखने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद से स्थानीय लोगों और राहगीरों में भारी दहशत का माहौल है। कुछ लोगों का कहना है कि तालाब से नाले के रास्ते नकटिया पुलिया तक पहुँचा मगरमच्छ मिली जानकारी के अनुसार, इससे ठीक एक सप्ताह पहले पूर्व सांसद स्वर्गीय शमशुल हसन खान के तालाब में एक मगरमच्छ को देखा गया था। बताया जा रहा है कि इसी तालाब से नकटिया पुलिया तक लगभग आठ फीट चौड़ा नाला जाता है, जिसके जरिए मगरमच्छ बहकर धनारा घाट रोड पर स्थित एक ईंट भट्ठे के पास बनी नकटिया पुलिया तक आ पहुँचा है ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व सांसद के तालाब में जो मगरमच्छ दिखाई दिया था।

आयोजन विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

अस्त्रविद्या शूटिंग चैंपियनशिप में निशानेबाजों ने दिखाया दम

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। अर्बन एम्पोरिया, नया रोडवेज, पीलीभीत रोड स्थित अस्त्रविद्या शूटिंग एकेडमी में प्रथम अस्त्रविद्या शूटिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन हुआ। मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर सहित विभिन्न जिलों के निशानेबाजों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुरुष, महिला, युवा एवं वरिष्ठ वर्ग के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन एकेडमी की मैनेजिंग डायरेक्टर साक्षी भारद्वाज एवं संस्थापक व कोच आयुष भारद्वाज के नेतृत्व में हुआ। अंडर-12, अंडर-16, अंडर-19, अंडर-21, मास्टरमेन एवं सीनियर सिटिजन वर्गों में मुकाबले आयोजित किए


निशानेबाजी प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतियोगी। -जागरण मोर्चा

गए। विजेताओं को लगभग 25 हजार रुपये तक की पुरस्कार राशि दी गई। पिस्टल वर्ग में बरेली के अधिकांश ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि शाहजहांपुर के अर्पित पाल द्वितीय और सुलेमान तृतीय स्थान पर रहे। राइफल वर्ग में शाहजहांपुर के वंश सैनी ने प्रथम स्थान जीता। बरेली के रचित कुमार द्वितीय तथा एकेडमी की पलक पटेल तृतीय स्थान पर रहीं। मास्टरमेन वर्ग में जैगम खान ने स्वर्ण तथा सिकंदर खान ने रजत पदक जीता। सीनियर सिटिजन वर्ग में अनिल सक्सेना ने स्वर्ण पदक हासिल किया। मेजबान एकेडमी के खिलाड़ियों ने भी कई पदक अपने नाम किए। राइफल वर्ग में देवांगना शुक्ला और अनव सक्सेना ने स्वर्ण, अभिज्ञान चौहान, साहिब सिंह एवं अभि दीक्षित ने रजत, जबकि आराध्या गुप्ता, वैदिक एवं अमोग ने कांस्य पदक जीते। पिस्टल वर्ग में अनन्या श्रीवास्तव, वज्रा शुक्ला, वेदान्त एवं कृषिव गुप्ता ने स्वर्ण तथा विवेक सैनी एवं शौर्य प्रताप सिंह ने रजत पदक हासिल किए। कार्यक्रम में स्थानीय चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में राजीव चौहान, अंशु गुप्ता तथा बिजेश कुमार भारद्वाज उपस्थित रहे। प्रतियोगिता रेंज ऑफिसर नेहा गंगवार के संरक्षण में आयोजित हुई। अंत में कोच आयुष भारद्वाज ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



प्रज्ञान ओझा के हाथों में टीम इंडिया के चयन की कमान: रमेश पोवार को भी मिली जगह

जागरण मोर्चा कार्यालय



मुंबई। बीसीसीआई ने प्रज्ञान ओझा को भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम की चयन समिति का अध्यक्ष बनाया है। वरिष्ठता के आधार पर ओझा समिति की कमान संभालेंगे। रमेश पोवार को भी सदस्य नियुक्त किया गया है। वहीं, बोर्ड ने चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष अजीत अगरकर के कार्यकाल की सराहना की, जिसमें भारत ने तीन आईसीसी ट्रॉफी और दो एशिया कप खिताब जीते।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुरुष टीम की चयन समिति में बदलाव किया है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि पूर्व क्रिकेटर रमेश पोवार को चयन समिति में सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। ओझा वरिष्ठता यानी सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेलने के आधार पर समिति की अध्यक्षता करेंगे। वह अजीत अगरकर की जगह यह जिम्मेदारी संभालेंगे।

बीसीसीआई की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) में शामिल अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे ने चयन समिति के सदस्य की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया पूरी की। दोनों ने बीसीसीआई मुख्यालय में आवेदकों की स्क्रीनिंग और इंटरव्यू के बाद रमेश पोवार के नाम की सर्वसम्मति से सिफारिश की। पुरुष चयन समिति में अब प्रज्ञान ओझा अध्यक्ष होंगे। उनके साथ शिव सुंदर दास, आरपी सिंह, अजय रात्रा और रमेश पोवार सदस्य के रूप में काम करेंगे। बीसीसीआई ने स्पष्ट किया कि सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेलने के आधार पर ओझा समिति की अध्यक्षता करेंगे। चयन समिति की जिम्मेदारी भारतीय पुरुष टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन करना और टीम संयोजन से जुड़े फैसलों में भूमिका निभाना है। ऐसे में ओझा की अगुआई वाली समिति के सामने टीम की जरूरतों और खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर चयन संबंधी फैसले लेने की जिम्मेदारी होगी।

प्रज्ञान ने भारत के 24 टेस्ट, 18 वनडे और छह टी20 मैच खेले। 24 टेस्ट में उन्होंने 113 विकेट, 18 वनडे में 21 विकेट और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 10 विकेट लिए। टेस्ट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 47 रन देकर छह विकेट रहा। वहीं, वनडे में 38 रन देकर चार विकेट और टी20 में 21 रन देकर चार विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। रमेश पोवार ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में भारत के लिए दो टेस्ट और 31 वनडे मैच खेले हैं। क्रिकेट से संन्यास के बाद उन्होंने कोचिंग में भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं। वह भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच रहने के अलावा मुंबई और गुजरात की टीमों के साथ भी काम कर चुके हैं। इसके अलावा वह बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच रहते हुए पोवार के मार्गदर्शन में टीम ने एशिया कप का खिताब जीता था।

पाकिस्तान ने श्रीलंका को 37 रन से हराया सलमान आगा की टीम में जबरदस्त वापसी

जागरण मोर्चा कार्यालय



लाहौर। पाकिस्तान ने त्रिकोणीय वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में श्रीलंका को 37 रन से हराकर जीत के साथ शुरुआत की। रविवार को रावलपिंडी में खेले गए मुकाबले में सलमान अली आगा ने शानदार वापसी करते हुए शतक लगाया। उन्होंने 90 गेंदों में 107 रन बनाए, जिसकी मदद से पाकिस्तान ने 49.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 305 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम 48.1 ओवर में 268 रन पर सिमट गई।

पाकिस्तान के कप्तान शाहीन अफरीदी ने तीन विकेट लिए, जबकि नसीम शाह, हारिस रऊफ और फहीम अशरफ ने दो-दो विकेट हासिल किए। श्रीलंका की ओर से पवन रथनायके ने 79 और जनिथ लियानागे ने 60 रन की पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

सलमान अली आगा के लिए यह शतक खास रहा। अगस्त के अंत में इंग्लैंड दौरे के दौरान उन्हें पाकिस्तान के सात अन्य क्रिकेटरों के साथ स्वदेश वापस बुला लिया गया था। उस दौरे पर आगा ने पहले टेस्ट में टीम की कप्तानी भी की थी। बाद में उन्हें पाकिस्तान की टी20 टीम की कप्तानी से हटा दिया गया और हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ 2-1 से टी20 सीरीज जीतने वाली टीम में भी जगह नहीं मिली। हालांकि, आगा ने घरेलू क्रिकेट में लगातार रन बनाए। इसमें एक तिहरा शतक भी शामिल था। इसी प्रदर्शन के दम पर उन्होंने वनडे टीम में वापसी की और श्रीलंका के खिलाफ शतक जड़कर अपनी उपयोगिता साबित की। पाकिस्तान ने 22वें ओवर में 118 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद आगा ने हसन नवाज के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की। नवाज ने 37 रन बनाए। आगा ने अराफात मिन्हास के साथ भी 64 रन जोड़े और अपना शतक पूरा किया। पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

एशियाई पैरा खेलों में भारत का धमाकेदार आगाज, पहले दिन 4 गोल्ड समेत 11 पदक; शीतल देवी ने रचा इतिहास

जागरण मोर्चा कार्यालय



नागोया। एशियाई पैरा खेलों में भारत ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले ही दिन चार स्वर्ण समेत कुल 11 पदक अपने नाम किए। सोमवार को निशानेबाज मोना अग्रवाल, लंबी कूद के एथलीट निषाद कुमार, धाविका सौम्या और भाला फेंक खिलाड़ी रिंकू ने स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया।

वहीं, भुजाहीन तीरंदाज शीतल देवी ने महिलाओं की कंपाउंड स्पर्धा के क्वालीफिकेशन दौर में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। इसके बाद उन्होंने तोमन कुमार के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। पहले दिन भारत ने चार स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य पदक जीते। पदक तालिका में भारत चौथे स्थान पर है। निशानेबाज मोना अग्रवाल ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 स्पर्धा के फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया। छठे स्थान से वापसी करते हुए उन्होंने 250.0 अंक हासिल किए और एशियाई पैरा खेलों का रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। पेरिस पैरालंपिक 2024 की कांस्य पदक विजेता मोना ने हमवतन और दो बार की पैरालंपिक चैंपियन अवनि लेखरा को महज 0.4 अंक से पीछे छोड़ा। अवनि ने 249.6 अंक के साथ रजत पदक जीता। गत चैंपियन के तौर पर उतरीं 24 वर्षीय अवनि को इस बार दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। पैरा एथलेटिक्स में दो बार के पैरालंपिक रजत पदक विजेता निषाद कुमार ने लंबी कूद में स्वर्ण पदक जीतकर सबको चौंका दिया।

28 अक्तूबर को केरल के कोच्चि में होगी महिला प्रीमियर लीग 2027 की नीलामी

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। महिला प्रीमियर लीग 2027 की नीलामी 28 अक्तूबर को केरल के कोच्चि में होगी। नीलामी के लिए कुल 146 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें 119 भारतीय और 27 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। फ्रेंचाइजियों के पास कुल 27 स्लॉट उपलब्ध हैं।

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2027 की नीलामी की तैयारियां पूरी हो गई हैं। 28 अक्तूबर को केरल के कोच्चि में होने वाली इस नीलामी में कुल 146 खिलाड़ियों पर बोली लगाई जाएगी। हालांकि, फ्रेंचाइजियों के पास खिलाड़ियों को चुनने के लिए केवल 27 स्लॉट उपलब्ध हैं। ऐसे में टीमों के बीच पसंदीदा खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ने के लिए प्रतिस्पर्धा देखने को मिल सकती है। नीलामी के लिए पंजीकृत 146 खिलाड़ियों में 119 भारतीय और 27 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ियों में 22 कैप्ड और 97 अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। वहीं, विदेशी खिलाड़ियों की सूची में 14 कैप्ड और 13 अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल हैं। विदेशी खिलाड़ियों के समूह में एसोसिएट देशों की छह खिलाड़ी भी हैं।

डब्ल्यूपीएल 2027 की नीलामी में कुल 27 स्लॉट उपलब्ध हैं। इनमें से 20 स्लॉट भारतीय खिलाड़ियों के लिए और सात स्लॉट विदेशी खिलाड़ियों के लिए निर्धारित हैं। खिलाड़ियों की संख्या और उपलब्ध स्लॉट को देखते हुए फ्रेंचाइजियों को अपनी टीम की जरूरतों के अनुसार रणनीति बनानी होगी। पंजीकृत खिलाड़ियों में बड़ी संख्या अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों की है। कुल 97 अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों ने ऑक्शन के लिए पंजीकरण कराया है। इसके अलावा 22 कैप्ड भारतीय खिलाड़ी भी अपनी दावेदारी पेश करेंगी।

78 साल बाद रणजी में फिर बना इतिहास: 400 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने चिन्मय सुतार

जागरण मोर्चा कार्यालय



सोविमा। मिजोरम के बल्लेबाज चिन्मय सुतार ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 में नागालैंड के खिलाफ नाबाद 400 रन बनाकर इतिहास रच दिया। वह रणजी ट्रॉफी में एक पारी में 400 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले 1948-49 में बीबी निंबलकर ने नाबाद 443 रन बनाए थे। सुतार की शानदार पारी में 46 चौके और सात छक्के शामिल रहे।

भारतीय घरेलू क्रिकेट में मिजोरम के बल्लेबाज चिन्मय सुतार ने इतिहास रच दिया है। रणजी ट्रॉफी 2025-26 के प्लेट ग्रुप मुकाबले में नागालैंड के खिलाफ सुतार ने 400 रन की ऐतिहासिक पारी खेलकर एक ऐसा कारनामा किया, जो इससे पहले करीब 78 साल पहले देखने को मिला था। वह रणजी ट्रॉफी के इतिहास में एक पारी में 400 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले महाराष्ट्र के बीबी निंबलकर ने 1948-49 के सत्र में काठियावाड़ के खिलाफ नाबाद 443 रन बनाए थे।

दीमापुर के सोविमा में खेले गए इस मुकाबले में मिजोरम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 581 रन बनाकर घोषित कर दी। टीम के इस विशाल स्कोर की सबसे बड़ी वजह चिन्मय सुतार की मैराथन पारी रही। उन्होंने अपनी नाबाद 400 रन की पारी में 46 चौके और सात छक्के लगाए। सुतार ने दबाव के बीच न केवल अपनी बल्लेबाजी का दम दिखाया, बल्कि भारतीय घरेलू क्रिकेट के रिकॉर्ड बुक में भी अपना नाम दर्ज करा लिया।

चिन्मय सुतार अब रणजी ट्रॉफी के इतिहास में सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारियां खेलने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सूची में शीर्ष स्थान पर बीबी निंबलकर हैं, जिन्होंने 1948-49 में नाबाद 443 रन बनाए थे। सुतार ने पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ के 379 रन के स्कोर को भी पीछे छोड़ दिया है। शॉ ने 2022-23 के सत्र में मुंबई की ओर से असम के खिलाफ यह पारी खेली थी। इस सूची में चौथे स्थान पर पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर हैं, जिन्होंने 1990-91 के सत्र में मुंबई के लिए हैदराबाद के खिलाफ 366 रन बनाए थे। वहीं, हैदराबाद के एमवी श्रीधर 344 रन की पारी के साथ पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने 1993-94 के सत्र में आंध्र प्रदेश के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी। सुतार की यह उपलब्धि केवल रणजी ट्रॉफी तक सीमित नहीं है। वह फर्स्ट क्लास क्रिकेट के इतिहास में एक पारी में 400 या उससे अधिक रन बनाने वाले चुनिंदा बल्लेबाजों के खास क्लब में शामिल हो गए हैं। इस उपलब्धि को हासिल करने वाले खिलाड़ियों में ब्रायन लारा और डॉन ब्रैडमैन जैसे दिग्गजों के नाम भी शामिल हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है, जिन्होंने वारविकशायर की ओर से डरहम के खिलाफ नाबाद 501 रन बनाए थे।

सुतार ने अपनी पारी को उस समय भी जारी रखा, जब मिजोरम के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे। चाय के समय वह 392 रन पर नाबाद थे और इसके बाद 155वें ओवर में 400 रन का आंकड़ा पार कर लिया। उनकी इस पारी की बदौलत मिजोरम ने 581 रन बनाकर पारी घोषित की।

चिन्मय सुतार की पारी का एक और अहम पहलू आखिरी विकेट के लिए बनी साझेदारी रही। उन्होंने लालरेम्पुनिया छकछुआक के साथ मिलकर दसवें विकेट के लिए नाबाद 190 रन जोड़े। रणजी ट्रॉफी के इतिहास में आखिरी विकेट के लिए यह तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी बताई गई है। इस सूची में सर्वोच्च रिकॉर्ड दिल्ली के अजय शर्मा और मनिंदर सिंह के नाम है, जिन्होंने 1991-92 के सत्र में मुंबई के खिलाफ 233 रन की साझेदारी की थी। सुतार के अलावा मिजोरम की ओर से जेहू एंडरसन ने 69 रन का योगदान दिया।

मोना अग्रवाल ने जीता गोल्ड तो अवनि लेखरा ने सिल्वर पर किया कब्जा

जागरण मोर्चा कार्यालय



योटा। एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारत ने शानदार शुरुआत की है। भारतीय निशानेबाज मोना अग्रवाल और अवनि लेखरा ने सोमवार को ऐची प्रीफेक्चर जनरल शूटिंग गैलरी में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। मोना ने 250 के स्कोर के साथ एशियन पैरा गेम्स का नया रिकॉर्ड बनाया, जबकि अवनि ने 249.6 अंक हासिल कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। दक्षिण कोरिया की युनरी ली ने 227.9 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।

मोना ने 250 अंक के स्कोर के साथ अपनी हमवतन अवनि लेखरा के 249.6 अंक के एशियन पैरा गेम्स रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। हालांकि, वह स्लोवाकिया की इरीना शचेतनिक के 252 अंक के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने से महज कुछ अंक पीछे रह गईं।

इस जीत के साथ भारत ने एशियन पैरा गेम्स 2026 में अपने पदकों का खाता खोल दिया। वहीं, अवनि लेखरा ने इस प्रदर्शन के साथ 2028 पैरालंपिक गेम्स के लिए कोटा भी हासिल कर लिया है। मोना पहले ही पिछले महीने विश्व चैंपियनशिप के दौरान पैरालंपिक कोटा हासिल कर चुकी हैं।



दिल्ली में त्योहारी खरीद से चमका सोना, भाव 1.5 लाख रुपये के पार पहुंचा

जागरण मोर्चा कार्यालय



मुंबई। दिल्ली में सोमवार को सोने के भाव में 400 रुपये की वृद्धि दर्ज की गई। त्योहारी मांग में सुधार और मजबूत वैश्विक रुझानों ने सोने को समर्थन दिया। दशहरा से पहले की खरीदारी से कीमती धातु की चमक बढ़ी है।

99.9 फीसदी शुद्ध सोना अब 1,50,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इसमें सभी कर शामिल हैं। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, शुक्रवार को यह 1,49,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी का भाव लगातार दूसरे सत्र में 2.15 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि घरेलू बाजार में सोने की कीमतें बढ़ी हैं। विदेशी बाजारों में सकारात्मक रुझान ने इसे समर्थन दिया है। त्योहारी सीजन की शुरुआत से खुदरा मांग में सुधार हुआ है। बुलियन बाजार मंगलवार को दशहरा के कारण बंद रहेंगे। सौमिल गांधी ने बताया कि पिछले हफ्ते भौतिक मांग में वृद्धि देखी गई। तीन महीने से अधिक समय में पहली बार सोना प्रीमियम पर कारोबार कर रहा था। कम कीमतों ने आभूषणों की खरीद को प्रोत्साहित किया। दिवाली, भारत के सबसे बड़े त्योहार से पहले खुदरा मांग और बढ़ने की उम्मीद है। इससे घरेलू सोने के बाजार को समर्थन मिलेगा। यह त्योहारी खरीद सोने के भाव को ऊपर ले जा रही है। वैश्विक बाजार में हाजिर सोना मामूली रूप से 4,175.57 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। चांदी में एक फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई, जो 57.63 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। ब्रोकरेज प्लेटफॉर्म लेमन के शोध प्रमुख गौरव गर्ग ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में कमी आई है। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में गिरावट से मुद्रास्फीति की चिंताएं कम हुई हैं। इससे कीमती धातुओं को समर्थन मिल रहा है।



जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No .UPHIN2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।